सूर्योदय 5:55 सूर्यास्त 6:50

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 15.6 न्यू | 24.0अधि |
| धर्मशाला | 19.0 न्यू | 27.5 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81086.21 |
| निफ्टी | 24823.15 |

सोना 70,980 चांदी 91,700

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



कांग्रेस नेशनल कॉन्फ्रेंस के गठबंधन की अटकलों पर अमित शाह का राहुल गांधी पर हमला

पृष्ठ 13 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शनिवार, 24 अगस्त 2024 | 9 भाद्रपद, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 247, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### हरियाणा में 3.0 तीव्रता का भूकंप




**नारनौल।** हरियाणा के महेंद्रगढ़ में शुक्रवार सुबह 9.16 बजे आए भूकंप का केंद्र नारनौल का तिगरा गांव था। इस भूकंप की तीव्रता 3.0 थी। लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। हालांकि, अभी तक किसी तरह के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं मिली है।

### मणिमहेश में दिल्ली के श्रद्धालु की मौत



**भरमौर।** मणिमहेश यात्रा पर गए दिल्ली के एक श्रद्धालु की मौत हो गई है। 74 साल के बिक्रम मल्होत्रा निवासी तिलक नगर पश्चिम दिल्ली अपने मित्र के साथ मणिमहेश यात्रा पर निकले थे। गौरीकुंड के पास अचानक उनकी तबीयत खराब हो गई, जिससे उनकी मौत हो गई। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी चंबा कुलवीर सिंह राणा ने बताया कि पर्वतारोहण और एसडीआरएफ के जवान मृतक के शव को गौरीकुंड से भरमौर ला रहे हैं।

### केजरीवाल की जमानत याचिका पर सुनवाई 5 को



**नई दिल्ली।** दिल्ली के कथित शराब घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका पर सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में टल गई है। सुप्रीम कोर्ट अब केजरीवाल की जमानत याचिका और गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर 5 सितंबर को सुनवाई करेगा। इसके अलावा दिल्ली की ही राउज एवेन्यू अदालत ने शराब घोटाले में सीबीआई के केस में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 27 अगस्त तक बढ़ा दी है।

### पंजाब के राज्यपाल की तबीयत बिगड़ी



**उदयपुर।** 16 अगस्त से उदयपुर प्रवास पर चल रहे पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया की रात करीब 11 बजे अचानक तबीयत बिगड़ गई। सीने में दर्द की शिकायत के बाद उन्हें उदयपुर के एमबी अस्पताल ले जाया गया। जहां पर हालत में सुधार के बाद कटारिया अस्पताल से वापस घर लौट आए।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- एरियर की मांग पर सचिवालय के बाहर कर्मचारियों का प्रदर्शन -पेज 2
- 10वीं की अनुपूरक परीक्षा का परिणाम घोषित -पेज 4
- जागरूकता ही बचा सकती है साइबर क्राइम से : एसपी साक्षी वर्मा -पेज 9
- महिलाओं की सुरक्षा के लिए कड़े कानून लागू करे सरकार -पेज 11
- अंडर-15 में शिमला के तनय रावत बने टेबल टेनिस चैंपियन -पेज 14


# रूस और यूक्रेन बिना समय गंवाए करें शांति के लिए बात : पीएम मोदी

## दोनों देशों के बीच हुए चार समझौते, जेलेंस्की को भारत आने का न्योता

**एजेंसी, कीव**

युद्धग्रस्त यूक्रेन की ऐतिहासिक यात्रा पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कीव में राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। दोनों के बीच मरियिंस्की पैलेस में तीन घंटे तक बातचीत हुई। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि मैं यहां शांति का संदेश लेकर आया हूं। पीएम मोदी ने कहा संघर्ष का समाधान जंग के मैदान में नहीं निकल सकता। उन्होंने कहा कि बिना वक्त गंवाए हमें शांति के समाधान की ओर बढ़ना चाहिए। जेलेंस्की से मिलने के बाद पीएम मोदी ने कहा, युद्ध की विभीषिका से दुख होता है। युद्ध बच्चों के लिए विनाशकारी है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं आपको (राष्ट्रपति जेलेंस्की को) मेरे और मेरे प्रतिनिधिमंडल के गर्मजोशी से स्वागत के लिए धन्यवाद देता हूं। आज भारत और यूक्रेन संबंधों के लिए एक बहुत ही ऐतिहासिक दिन है। भारत का कोई प्रधानमंत्री पहली बार यूक्रेन आया है जो अपने आप में एक ऐतिहासिक घटना है। कल आपका राष्ट्रीय दिवस है और हम आपको इसके लिए बधाई देते हैं। हम (यूक्रेन में) शांति के लिए प्रार्थना करते हैं।



प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति जेलेंस्की कुछ खास मुद्दों पर बात करते हुए।

### इन समझौतों पर हस्ताक्षर

**इस** दौरान दोनों देशों के बीच 4 समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। इनमें मानवीय सहायता, संस्कृति, चिकित्सा और कृषि क्षेत्र में सहयोग शामिल हैं। पीएम मोदी और जेलेंस्की की मुलाकात के बाद कीव में भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि जैसा कि आप जानते हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह कीव पहुंचे और हमने अभी-अभी उनकी आधिकारिक बैठकें पूरी की हैं। यह एक ऐतिहासिक यात्रा है। 1992 में राजनयिक संबंधों की स्थापना के बाद से यह पहली बार है कि किसी भारतीय प्रधानमंत्री ने यूक्रेन का दौरा किया है।

### शांति के प्रयास में भूमिका के लिए भारत तैयार

**पीएम** मोदी ने कहा कि कुछ समय पहले जब समरकंद में (रूसी) राष्ट्रपति पुतिन से मिला था तो आंख से आंख मिलाकर कहा था कि यह युद्ध का समय नहीं है। मैं पिछले दिनों रूस में मुलाकात के लिए वहां गया था। वहां भी मैंने साफ-साफ कहा कि किसी भी समस्या का समाधान रणभूमि में कभी नहीं हुआ है। समाधान का रास्ता बातचीत और डिप्लोमेसी से निकलता है। हमें बिना समय गंवाए उस दिशा में बढ़ना चाहिए। मोदी ने आगे कहा कि बच्चों की शहादत की जगह को देखकर मेरा मन भरा हुआ है। मैं विशेष रूप से आपसे शांति को लेकर चर्चा करना चाहता हूं। मैं विश्वास दिलाना चाहता हूं कि शांति के हर प्रयास में भारत अपनी सक्रिय भूमिका निभाने के लिए तैयार है। अगर इसमें कोई योगदान हो सकता है तो एक मित्र के रूप में जरूर करना चाहूंगा।

### चिकित्सा सहायता का भीष्म क्यूब सौंपा



**पीएम** मोदी ने कहा, भारत यूक्रेन के साथ खड़ा है और एक मित्र की भूमिका निभाने के लिए तैयार है। यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा को बहुत दोस्ताना और ऐतिहासिक बताया। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की को भारत आने का निमंत्रण दिया है। हमें उम्मीद है कि अपनी सुविधानुसार जेलेंस्की भारत आएंगे। उन्होंने कहा कि भारत ने आज यूक्रेन को चिकित्सा सहायता का भीष्म क्यूब सौंपा।

#### कोलकाता चिकित्सक बलात्कार-हत्या मामला

# अदालत ने मुख्य आरोपी संजय रॉय के 'पॉलीग्राफी टेस्ट' की दी अनुमति

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कोलकाता की एक विशेष अदालत ने कोलकाता में सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में प्रशिक्षु चिकित्सक से कथित बलात्कार एवं हत्या के मामले में मुख्य आरोपी संजय रॉय के 'पॉलीग्राफी टेस्ट' की शुक्रवार को अनुमति दे दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।



सीसीटीवी फुटेज और चिकित्सक के शव के पास एक 'ब्लूटूथ डिवाइस' मिलने के बाद रॉय की गिरफ्तारी हुई थी। रॉय को कॉलेज के सेमिनार हॉल में प्रवेश करते हुए देखा गया था और वहीं पर चिकित्सक का शव मिला था। रॉय (33) वर्ष 2019 में एक नागरिक स्वयंसेवक के रूप में कोलकाता पुलिस में शामिल हुआ था। पुलिस ने आरोप लगाया है कि रॉय ने कम से कम चार शादियां की थीं। अधिकारियों ने कहा कि दिल्ली में केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (सीएफएसएल) के विशेषज्ञों की एक टीम परीक्षण करेगी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) भी रॉय की डीएनए और मनोविश्लेषण रिपोर्ट का इंतजार कर रही है, जो उसकी जांच को आगे की दिशा देगी। सीबीआई ने वीरवार को उच्चतम न्यायालय को बताया था कि स्थानीय पुलिस ने स्नातकोत्तर चिकित्सक से बलात्कार और हत्या मामले को छुपाने का प्रयास किया था। सीबीआई ने कहा कि उसके जांच का जिम्मा संभालने से पहले अपराध स्थल से छेड़छाड़ की गई थी।

### 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**मुख्य** आरोपी संजय रॉय को शुक्रवार को सियालदह कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। शुक्रवार को सीबीआई हिरासत खत्म होने के बाद रॉय को भारी पुलिस सुरक्षा के बीच सियालदह सिविल और क्रिमिनल कोर्ट ले जाया गया। कोलकाता पुलिस के नागरिक स्वयंसेवक रॉय को 9 अगस्त को राज्य द्वारा संचालित सुविधा के सेमिनार हॉल में पोस्ट-ग्रेजुएट ट्रेनी डॉक्टर का शव मिलने के एक दिन बाद गिरफ्तार किया गया था।

## सेना ने लश्कर-ए-तैयबा के मददगार को पुंछ में पकड़ा

**अशोक ठाकुर, जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों के हाथ बड़ी सफलता लगी है।



सेना ने पीओके निवासी और लश्कर-ए-तैयबा आतंकी समूह के एक मददगार को गिरफ्तार किया है, उसकी पहचान जहीर हुसैन शाह के रूप में हुई है। सुरक्षा बल ने उसे पुंछ में पकड़ा है। पुलिस ने मामले की पुष्टि की है।

## थाईलैंड में विमान दुर्घटनाग्रस्त नौ लोगों की मौत!

**बैंकॉक।** थाईलैंड में हुए एक विमान हादसे में 9 लोगों के मारे जाने की आशंका जताई जा रही है। विमान का मलबा एयरपोर्ट से करीब 40 किलोमीटर दूर एक दलदल में मिला है, जबकि वहां कोई जिंदा यात्री नहीं मिला है। जानकारी के मुताबिक, दुर्घटनाग्रस्त हुए इस छोटे यात्री विमान में दो पायलट सहित कुल 9 लोग सवार थे। प्रांतीय सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि लगभग एक घंटे की खोज के बाद बचाव कर्मियों को दुर्गम दलदली इलाके में बुरी तरह क्षत-विक्षत शव मिले। विमान में सवार लोगों की पहचान तत्काल स्पष्ट नहीं हो सकी, लेकिन प्रवक्ता ने बताया कि विमान में सवार लोगों में हांगकांग के पांच चीनी पर्यटक, दो थाई महिला चालक दल के सदस्य और थाई पायलट और सह-पायलट शामिल थे।

#### विधायकों की खरीद-फरोख्त व सरकार अस्थिर करने का मामला

## थाने में भाजपा के 3 नेताओं से आधा घंटा पूछताछ

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में विधायकों की खरीद-फरोख्त, सरकार अस्थिर करने व गिराने के लिए षड्यंत्र रचने के मामले को लेकर भाजपा के 3 नेताओं राजेंद्र राणा, देवेंद्र भुट्टो और केएल ठाकुर से बालूगंज थाने में आधा घंटा पूछताछ हुई। तीनों पूर्व विधायकों को शिमला पुलिस ने हिमाचल में राज्यसभा चुनाव के दौरान विधायकों की खरीद-फरोख्त मामले को लेकर बालूगंज थाने में तलब किया था।



### राणा बोले-सब सुक्खू की मेहरबानी

**राजेंद्र** राणा, केएल ठाकुर और देवेंद्र भुट्टो से बालूगंज थाने में करीब आधा घंटे तक पूछताछ की गई। इससे पहले विधायक आशीष शर्मा, पूर्व विधायक चैतन्य ठाकुर और हरियाणा के पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर के सलाहकार तरुण भंडारी से भी पुलिस पूछताछ कर चुकी है। वहीं, अब राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग करने वाले पूर्व विधायकों से पूछताछ की गई। इस दौरान राणा ने कहा कि आज तक मुझ पर किसी भी थाने में कोई मामला दर्ज नहीं है और आज पहली बार सीएम सुक्खू की मेहरबानी से पुलिस स्टेशन देखने का मौका मिला है। 27 फरवरी को राज्यसभा के चुनाव में हमने बाहरी व्यक्ति को वोट नहीं दिया और 28 फरवरी को हमें विधानसभा से निष्काषित कर दिया। ऐसा कौन-सा काम किया, जिससे सरकार गिराने की कोशिश की है। राज्यसभा में वोट डालने से क्या सरकार गिरती है। इसका जवाब सुक्खू सरकार को देना चाहिए।

## चंडीगढ़, कुल्लू, धर्मशाला को जोड़ने वाले नए उड़ान मार्ग होंगे शुरू : सीएम सुक्खू

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार राज्य में पर्यटन को और बढ़ावा देने के लिए चंडीगढ़, कुल्लू और धर्मशाला को जोड़ने वाले नए उड़ान मार्ग शुरू करने जा रही है।



अधिकारियों के अनुसार, सरकार इन मार्गों पर उड़ानें शुरू करने के लिए एयरलाइंस और अन्य हितधारकों के साथ पहले से ही चर्चा कर रही है। यहां जारी एक बयान में कहा गया है कि कुल्लू और धर्मशाला के बीच सीधी उड़ान से पर्यटन क्षेत्र को काफी लाभ मिलने की उम्मीद है, जो आगंतुकों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करेगी। मुख्यमंत्री ने राज्य में उच्च श्रेणी के पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमारे पर्यटन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए हवाई संपर्क को मजबूत करना महत्वपूर्ण था और पर्यटकों के लिए यात्रा के समय और लागत को कम करना आवश्यक है।

# नेपाल में यूपी की बस नदी में गिरी, 27 की मौत

**एजेंसी, काठमांडू**



मध्य नेपाल में यूपी नंबर प्लेट वाली एक बस यूपी एफटी 7623 के शुक्रवार सुबह करीब 11.30 बजे मार्सयांगडी नदी में गिरने से कम से कम 27 लोगों की मौत हो गई। बस में 43 लोग सवार थे। बस गोरखपुर से पोखरा से काठमांडू की ओर जा रही थी, तभी यह तनहुन जिले के आइना पहारा में राजमार्ग से अचानक पलट गई।

जिला पुलिस कार्यालय, तनाहू के सूचना अधिकारी मोहन बहादुर खान ने बताया कि अब तक 27 लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं, जबकि 16 लोग घायल हैं, उनमें से 12 की हालत नाजुक बनी हुई है।

# अनिल अंबानी पर 5 साल के लिए शेयर मार्केट में बैन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने उद्योगपति अनिल अंबानी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। सेबी ने अनिल पर 25 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है और उन्हें 5 साल के लिए सिक्योरिटीज बाजार से प्रतिबंधित कर दिया है। इसके साथ ही, सेबी ने रिलायंस होम फाइनेंस के पूर्व प्रमुख अधिकारियों समेत 24 अन्य संस्थाओं के खिलाफ भी कंपनी से धन की हेराफेरी के आरोप में कार्रवाई की है।

### 25 करोड़ का जुर्माना भी लगा



सेबी की कार्रवाई के बाद अनिल अंबानी पर 5 साल के लिए सिक्योरिटी मार्केट से जुड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, जिसके चलते वह किसी भी लिस्टेड कंपनी या मार्केट रेगुलेटर के साथ पंजीकृत किसी भी मध्यस्थ में निदेशक या प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक (केएमपी) के रूप में कार्य नहीं कर सकेंगे। इसके साथ ही, रिलायंस होम फाइनेंस को भी छह महीने के लिए प्रतिबंधित किया गया है और उस पर 6 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

### सेबी की जांच में हुआ खुलासा

**सेबी** ने 222 पन्नों के अंतिम आदेश में कहा कि अनिल अंबानी ने आरएचएफएल के प्रमुख प्रबंधकीय कर्मियों की मदद से आरएचएफएल से पैसे निकालने के लिए एक धोखाधड़ी योजना बनाई थी, जिसमें उन्होंने इन पैसों को अपनी जुड़ी कंपनियों को लोन के रूप में दिखाया था।







## न्यूज ब्रीफ

### गैस वितरण वाहनों में मिलेगी फिंगर प्रिंट की सुविधा

**अनंत ज्ञान, नेरवा।** घरेलु गैस उपभोक्ताओं के फिंगर प्रिंट की प्रक्रिया दस मई से लगातार जारी है एवं इसके लिए खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा विभिन्न स्थानों पर विशेष शिविर भी लगाए गए। इसके बावजूद अभी भी कई उपभोक्ताओं के फिंगर प्रिंट नहीं लग पाए है। जिन लोगों के फिंगर प्रिंट नहीं लगे है, उन्हें गैस नहीं मिलेगी। विभाग ने उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए चार सितम्बर तक गैस का वितरण करने वाले वाहनों में भी फिंगर प्रिंट की सुविधा मुहैया करवा दी है। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की गैस एजेंसी चौपाल के इंचार्ज वीरेंद्र शर्मा ने बताया कि जिन क्षेत्रों में गैस वितरण करने वाले वाहन जाएंगे वहां के उपभोक्ताओं को इन वाहनों में चार सितम्बर तक फिंगर प्रिंट लगाने की सुविधा मिलेगी।

### स्वच्छता अभियान चलाकर चमकाया कॉलेज परिसर

**अनंत ज्ञान, नेरवा।** राजकीय महाविद्यालय नेरवा की सफाई व स्वच्छता समिति द्वारा एनएसएस स्वयंसेवियों के सहयोग से स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाना था। अभियान के दौरान, स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय के कक्षा-कक्षों, पुस्तकालय, पाकशाला ( कैंटीन) व आसपास की सफाई की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरबंस लाल शर्मा ने छात्रों को कचरा प्रबंधन और स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें स्वच्छता के लिए जागरूक किया।

### सनरॉक प्ले स्कूल गुम्मा में मनाया जन्माष्टमी पर्व



**भरत ठाकुर, कोटखाई।** सनरॉक प्ले स्कूल गुम्मा कोटखाई में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया, जिसमें बच्चों व स्टाफ की समस्त सदस्याओं ने भाग लिया। इस अवसर पर सनरॉक प्ले स्कूल में श्रीकृष्ण एवं राधा रूप सज्जा प्रतियोगिता आयोजित की गई व वेषभूषा के लिए पुरस्कार प्रदान किए गए। इस दौरान मटकी फोड प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। प्रधानाचार्य शैलजा अमरेईक ने विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए।

### संस्कृत सप्ताह पर बच्चों ने लगाई प्रदर्शनी



**महेंद्र कुमार, सुन्नी ।** हिमाचल शिक्षा समिति द्वारा संचालित सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुन्नी में संस्कृत सप्ताह का आयोजन एवं समापन बड़े हर्षोल्लास से किया गया। समापन अवसर पर पीएम श्री आदर्श राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुन्नी के शास्त्री तरुण शास्त्री ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की । इस दौरान उनके साथ उनके सहयोगी सुन्नी विद्यालय के ही शारीरिक शिक्षक अमित कुमार भी मौजूद रहे ।

### सेंचुरी स्कूल कोठखाई ने मनाया राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

**भरत ठाकुर, कोटखाई।** सेंचुरी पब्लिक स्कूल, कोठखाई ने चंद्रयान-3 की चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफल सॉफ्ट लैंडिंग की पहली सालगिरह के अवसर पर राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस को भव्य तरीके से मनाया। कार्यक्रम के दौरान, छात्रों ने स्वयं द्वारा निर्मित विज्ञान मॉडलों की प्रदर्शनी प्रस्तुत की, जो उनकी नवोन्मेषी सोच और विज्ञान के प्रति समर्पण को दर्शाती है। शिक्षकों ने भी अंतरिक्ष अनुसंधान और चंद्रयान-3 की सफल यात्रा पर विचारशील भाषण दिए।

कार्यक्रम का समापन प्रधानाचार्य के प्रेरणादायक भाषण से हुआ। प्रधानाचार्य ने विज्ञान विभाग और छात्रों की कठिन मेहनत की सराहना की और उन्हें बधाई दी। उन्होंने अपने भाषण में विद्यार्थियों की क्षमताओं पर दृढ़ विश्वास व्यक्त किया । प्रधानाचार्य ने छात्रों को विज्ञान और तकनीकी के क्षेत्र में लगातार मेहनत करने और नवाचार की दिशा में अग्रसर रहने की प्रेरणा दी।

### डंगार में मनाया पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस



**अनंत ज्ञान, डंगार चौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डंगार में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पाठशाला की प्रधानाचार्य रेखा शर्मा ने की। इस अवसर पर पाठशाला में चित्रकला व भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। चित्रकला प्रतियोगिता में लगभग 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जूनियर वर्ग में कक्षा आठवीं की प्रियंका ने प्रथम , सातवीं कक्षा की आयुषी ने द्वितीय स्थान व तृतीय स्थानज् आठवीं कक्षा की पलक ने प्राप्त किया। जबकि सीनियर वर्ग में जमा एक की छात्रा अंजलि प्रथम, तमन्ना ठाकुर ने द्वितीय व सानिया शर्मा ने तृतीय स्थान किया। चाहत ,चारवी और अंकिता को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इसी अवसर पर पाठशाला में भाषण प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें चारों सदनों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंकिता, द्वितीय स्थान ऋशिता और तृतीय स्थान अंजलि ने प्राप्त किया। पाठशाला प्रधानाचार्य रेखा शर्मा ने सभी को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस की बधाई दी व विकसित भारत में विज्ञान के योगदान पर चर्चा की। उन्होंने बच्चों को आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र में निरंतर मेहनत करके आसमान की बुलंदियों को छुआ जा सकता है। विद्यार्थी राष्ट्र का भविष्य हैं और उन्हें राष्ट्र प्रगति में बढ़-चढ़कर योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर पाठशाला प्रवक्ता यशपाल रनौत, अनुराधा शर्मा, कमला शर्मा, सरला, तिलक धीमान, अनुराधा शर्मा एवं समस्त पाठशाला स्टाफ उपस्थित था।

### श्री नयना देवी जी स्कूल में किया पौधरोपण




**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी।** श्री शक्ति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय श्री नैना देवी में इको क्लब द्वारा एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत पौधरोपण अभियान चलाया गया। इस पौधारोपण अभियान में स्कूल के परिसर में आंवले, जामुन और कचनार के पौधे लगाये गये। इस अभियान में स्कूल प्रधानाचार्य, स्टाफ, बच्चों और वन विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य कमल चंदेल ने उपस्थित विद्यार्थियों को यह संदेश दिया कि हम सभी को अपने जीवन में एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए।पृथ्वी को प्रदुषण से बचाने के लिये पौधे लगाने चाहिए, जिससे कि हमारा पर्यावरण स्वच्छ और सुंदर बने। उन्होंने कहा कि हम सभी का यह दायित्व भी बनता है। कि अपने समाज में लोगों को भी इस अभियान में जोड़े और ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण करें और करवाएं।

### अंतरिक्ष दिवस पर कई गतिविधियां आयोजित

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या पाठशाला घुमारवीं में उर्वीजा ईको क्लब की छात्राओं ने राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर अनेक गतिविधियों का आयोजन किया। पाठशाला की इको क्लब की प्रभारी कल्पना शर्मा ने छात्रओं को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घुमारवीं यछात्रद्धमें स्पेस लैब का भर्मण करवाया और बच्चो को अंतरिक्ष के बारे में विस्तृत से जानकारी दी। इस मौके पर पाठशाला प्रधानचार्य परमजीत शर्मा ने छात्राओं को अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर छात्राओ ने क्विज पेंटिंग व अन्य गतिविधियों में भाग लेकर अंतराष्ट्रीय दिवस धूमधाम से मनाया।



# साफ-सफाई के लिए जुड़ें अधिकारी : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**


अधिकारियों से बैठक करते हुए उपायुक्त।

उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने कहा कि जिला शिमला की सभी शहरी स्थानीय निकाय अपने-अपने क्षेत्र में साफ-सफाई को लेकर मापदंड तैयार करें। उन्होंने कहा कि इसके लिए सभी शहरी स्थानीय निकाय के अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से जुड़ने की आवश्यकता है।

उपायुक्त ने हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा आयोजित जिला पर्यावरण योजना से सम्बंधित बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि किलो के हिसाब से एकल उपयोग प्लास्टिक की खरीद में दिशा निर्देशों के अनुसार केवल साफ़ प्लास्टिक ही खरीदा जाये ताकि उसका आगे उपयोग किया जा सके।

इसके अतिरिक्त, एकल उपयोग प्लास्टिक बायबैक योजना के तहत प्लास्टिक बेचने वाले को उसका भुगतान उसी समय हो इस सम्बन्ध में भी उच्च स्तर पर बात की जाएगी तभी यह योजना सार्थक होगी। बैठक में बताया गया कि एकल उपयोग प्लास्टिक की वस्तुओं पर प्रतिबंध लगाने हेतु जुलाई 2023 से जुलाई 2024 तक 728 निरीक्षण हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा तथा 1936 निरीक्षण जिला नियंत्रक खाद्य आपूर्ति विभाग किए गए। इस दौरान हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड उल्लंघन के 215 मामले पाए गए, जिनमें 2 लाख 23 हजार रुपए के चालान किए गए।

### समय-समय पर होती है पानी की जांच

**बैठक** में बताया गया कि पानी की गुणवत्ता के लिए हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड हर माह विभिन्न नदियों और नालों से 29 सैंपल एकत्रित करता है। इसके अतिरिक्त, 3 रियल टाइम जल गुणवत्ता निगरानी स्टेशन अश्विनी, पब्बर और गिरी नदी में स्थापित किये जाने प्रस्तावित हैं। इसी प्रकार, हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जिला के 4 स्थानों टूटू, बियोलिया, सैंज और रोहड़ू से भूजल सैंपल एकत्रित कर उनकी जांच की गई और सभी सही पाए गए। इसी कड़ी में जल शक्ति विभाग रामपुर द्वारा 3 हैंडपंप को प्रदूषित जल पाए जाने पर सील किया गया है। वर्ष 2023-24 में हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने जल प्रदूषण करने वाले उद्योगों से 79 सैंपल लिए थे और 43 उल्लंघन के मामले पाए जाने पर 3.18 करोड़ का पर्यावरण मुआवजा लगाया।

### ध्वनि प्रदूषण बड़ी समस्या

**उपायुक्त** ने कहा कि ध्वनि प्रदूषण एक बहुत बड़ी समस्या है, जिस पर नियंत्रण बेहद जरूरी है। बैठक में बताया गया कि जिला में ध्वनि प्रदूषण की जांच हेतु केवल दो मशीनें उपलब्ध हैं। उपायुक्त ने कहा कि ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण पाने के लिए अन्य अधिकारियों को भी कार्रवाई करने का अधिकार सौंपने की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त, प्रेशर हॉर्न के प्रयोग पर नियंत्रण रखने के लिए एक विशेष अभियान चलाने की आवश्यकता है।

### घर से उठाया जा रहा कूड़ा

**शिमला** में 11 शहरी स्थानीय निकाय हैं जिनमें नगर निगम शिमला, नगर पालिका रोहड़ू, नगर पंचायत सुन्नी, जुब्बल, नारकंडा, नगर पालिका ठियोग, कोटखाई, नगर पालिका रामपुर, नगर पंचायत नेरवा, नगर पंचायत चौपाल और नगर पंचायत चिड़गांव शामिल हैं। सभी 11 शहरी स्थानीय निकाय के क्षेत्र में घर-घर से कूड़ा उठाया जा रहा है।

# संकटमोचन मंदिर में पत्तल में परोसा जाएगा लंगर : अनुपम

**अनंत ज्ञान, शिमला**

शिमला के स्थित ऐतिहासिक तारादेवी मंदिर में हरी पत्तल में श्रद्धालुओं को लंगर परोसे जाने की सफलता के बाद अब संकट मोचन मंदिर में भी लंगर पत्तल में परोसा जाएगा। आगामी 1 सितम्बर 2024 से इसकी शुरूआत की जाएगी।

उपायुक्त अनुपम कश्यप ने जानकारी देते हुए कहा कि जिला ग्रामीण विकास प्राधिकरण के आधीन राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत सुन्नी खंड में कार्य कर रहे सक्षम क्लस्टर लेवल फेडरेशन बसंतपुर को पत्तल बनाने का जिम्मा दिया गया है।

सक्षम क्लस्टर लेवल फेडरेशन बसंतपुर के प्रतिनिधियों ने उपायुक्त को पत्तलों के उत्पादन के बारे में जानकारी दी। फेडरेशन द्वारा तारादेवी मंदिर को हर सप्ताह शुक्रवार को 4000 पत्तल दिए जा रहे हैं और अभी तक 18 हजार पत्तल तारादेवी मंदिर को दिए गए हैं, जिससे महिलाओं को आर्थिक लाभ मिला है।

### मिड-डे मील संबंधी शिकायत के लिए डीसी व एडीएम को करें कॉल

उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में आज यहां जिला स्तरीय सार्वजनिक वितरण प्रणाली एवं जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

अनुपम कश्यप ने कहा कि जिला शिमला में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत कुल 66 हजार 230 परिवारों की 2 लाख 59 हजार 425 जनसंख्या का चयन किया जा चुका है। जबकि 18 हजार 406 परिवारों की 1 लाख 67 हजार 365 जनसंख्या का चयन किया जाना शेष है। उपायुक्त ने कहा कि स्कूलों में मिड-डे मील एवं आंगनवाड़ी में परोसे जा रहे भोजन से सम्बंधित यदि किसी व्यक्ति की शिकायत है तो इस संबंध में जिला में नियुक्त नोडल अधिकारी अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (कानून एवं व्यवस्था) को शिकायत दर्ज कर सकते है।

# एरियर की मांग पर सचिवालय के बाहर कर्मचारियों का प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, शिमला**



हिमाचल प्रदेश सचिवालय के बाहर कर्मचारियों का गुस्सा सरकार पर फुट पड़ा। कर्मचारियों ने सचिवालय के बाहर प्रदर्शन किया और डीए और एरियर की मांग की। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए इंपलाइज यूनियन के नेताओं ने सुक्खू सरकार में कैबिनेट मंत्री राजेश धर्माणी पर जमकर अपनी भड़ास निकाली है।

वहीं हिमाचल प्रदेश सचिवालय परिसंघ के चेयरमैन संजीव शर्मा ने कर्मचारियों को संबोधित किया। हिमाचल प्रदेश सचिवालय परिसंघ के चेयरमैन संजीव शर्मा ने राजेश धर्माणी से तीन सवाल पूछे हैं। उन्होंने पूछा कि राजेश धर्माणी बताए कि क्या उनका टेलीफोन का खर्चा 20 हजार रुपए महीना है। उन्होंने ने दूसरा सवाल किया कि आप जो 95 हजार का सत्कार भत्ता लेते हैं, क्या आप अपने विधानसभा क्षेत्र में जनता को शॉल टोपी पहनाकर स्वागत करते हैं? संजीव शर्मा ने तीसरा सवाल पूछा कि मंत्री जो आने कार्यालय को चमकाने में 50-50 लाख खर्च कर रहे हैं। इस पर आपका क्या जवाब है?

### नदी में गिरी कार, दंपती की मौत, बच्ची लापता

**दशमी रावत, जुब्बल।** भालू क्यार के पास झाल्टा गांव की ओर जा रही एक कार एचपी 10 ए 9397 दुर्घटनाग्रस्त हो गई। कार हादसे में पति-पत्नी की दर्दनाक मौत हो गई। कार में एक साल की बच्ची भी मौजूद थी, जब यह हादसा पेश आया, जिसका अभी तक कोई पता नहीं चल पाया है।

जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान सुशील (34) साल पुत्र सहजू राम गांव झाल्टा, ममता (26) पत्नी सुशील कुमार के रूप में हुई है।

वहीं स्थानीय लोग और प्रशासन टीम मौके पर पहुंच कर बचाव व राहत कार्य में जुट गए है। वहीं पति और पत्नी को पब्बर नदी में डूबी कार से स्थानीय लोगों ने निकाल लिया है। जबकि एक साल की बच्ची की तलाश जारी है। वहीं डीएसपी रोहडू रविंद्र नेगी ने मामले को पुष्टि की हैं।

# मिड-डे मील वर्कर्स यूनियन ने शिक्षा मंत्री को सौंपा ज्ञान

**अनंत ज्ञान, शिमला**


शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंपते यूनियन के सदस्य।

मिड-डे मील वर्कर्स यूनियन संबंधित सीटू की हिमाचल प्रदेश राज्य कमेटी का एक प्रतिनिधिमंडल सात सूत्रीय मांग पत्र को लेकर शिक्षा मंत्री हिमाचल प्रदेश सरकार रोहित ठाकुर से मिला व उन्हें मांग-पत्र सौंपा।

मंत्री ने मांगों को तत्काल पूर्ण करने का आश्वासन दिया है। प्रतिनिधिमंडल में सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा, उपाध्यक्ष जगत राम, बालक राम, यूनियन अध्यक्ष इंद्र सिंह, महासचिव हिमी देवी, सुदेश कुमार, शांति देवी, संदीप कुमार, जानकी, बिमला व रामप्रकाश आदि शामिल रहे। विजेंद्र मेहरा, जगत राम, इंद्र सिंह व हिमी देवी ने कहा है कि प्रदेश में कार्यरत 21 हजार मिड डे मील कर्मियों की स्थिति बेहद दयनीय है। मिड-डे मील वर्कर्स यूनियन संबंधित सीटू द्वारा हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय में दायर की गई याचिका पर प्रदेश उच्च न्यायालय की सिंगल बेंच ने वर्ष 2019 व डबल बेंच ने वर्ष 2024 में फैसला दिया है कि मिड-डे मील कर्मियों को 10 महीने के बजाए 12 महीने का वेतन दिया जाए परंतु प्रदेश सरकार द्वारा अभी तक इस फैसले को लागू नहीं किया गया है। उन्होंने अन्य मांगों को पूरा करने की मांग की है।

### मंकीपॉक्स को लेकर विदेशी लोगों पर स्वास्थ्य विभाग की रहेगी नजर

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल में स्वास्थ्य को लेकर सरकार अलर्ट है। स्वास्थ्य विभाग ने मंकीपॉक्स को लेकर अलर्ट जारी किया है।

एहतियात के तौर पर मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पतालों में इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। मंकी एक वायरल बीमारी है। इसके लक्षण स्माल पॉक्स जैसे होते हैं। 1958 में हुए शोध में इस बीमारी को बंदरों में पाया गया था। इसलिए इसका नाम मंकीपॉक्स पड़ा है।

विदेश से हिमाचल आने वाले लोगों पर नजर रखने को कहा गया है। यह एक वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता का विषय है। स्वास्थ्यच सचिव एम सुधा ने चिकित्सा अधिकारियों, स्टाफ नर्सों, सीएचओ और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से जिलों में बैठक आयोजित करने का भी निर्देश दिए हैं।

### खाद्यानों की ढुलाई के लिए 11 तक मांगी निविदाएं

**बिलासपुर।** जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एंव उपभोक्ता मामले ब्रिजेंद्र सिंह पठानिया ने जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय खाद्य निगम के थोक भंडार बिलासपुर राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के विभिन्न थोक भंडारों सदर बिलासपुर, घुमारवीं, झंडूता व श्री नयना देवी जी के लिए खाद्यानों के परिवहन व ढुलान कार्य हेतु वर्ष 2024-25 से वर्ष 2025-26 के लिए निविदाएं ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से https:@@hptenders-gov-in पर आमंत्रित की गई है। उन्होंने बताया कि निविदांए 11 सितंबर को सायं 5 बजे तक प्राप्त की जाएंगी। निर्धारित समय के उपरांत व ऑफलाइन प्रक्रिया से कोई भी निविदा स्वीकार्य नहीं होगी। कहा कि प्राप्त निविदाएं 12 सितंबर को प्रात: 11 बजे निविदाताओं या उनके प्रतिनिधियों के सामने उपायुक्त बिलासपुर या उनके प्रतिनिधि के सम्मुख उनके कार्यालय या उनके द्वारा निर्धारित कार्यालय व स्थान पर खोली जाएंगी।

# 60 सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में बिलासपुर अस्पताल

## रात्रि के समय सिक्योरिटी गार्ड्स की संख्या बढ़ाने की बनाई जा रही योजना

**शुभम राही, बिलासपुर**

कोलकाता में महिला प्रशिक्षु डॉक्टर के साथे रेप व मर्डर के बाद पूरे देश के डॉक्टरों में गुस्सा है और चिकित्सकों व अस्पताल की सुरक्षा बढ़ाए जाने के लिए आंदोलन कर रहे हैं। इसी कड़ी में बिलासपुर अस्पताल में चिकित्सकों की सुरक्षा व प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखने के लिए अस्पताल प्रशासन कुछ निर्णय लिए हैं।

प्रथम निर्णय में अस्पताल में प्रशासन ने पूरे परिसर में 60 सीसीटीवी कैमरे व रात्रि के समय सुरक्षा गार्डों की संख्या में बढ़ोतरी करने का प्लान बनाया है। अस्पताल परिसर में 60 सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए हैं, ताकि यहां पर होने वाली प्रत्येक गतिविधि पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की पूरी नजर रहे। इन सीसीटीवी कैमरों का कंटोल रूम चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय में रखा गया है। जहां से अधिकारी एक क्लिक पर पूरे परिसर पर नजर रखे हुए हैं। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एके सिंह ने सुरक्षा गार्ड को कड़े आदेश जारी किए हैं कि अस्पताल परिसर में पूरी सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखें। गौरतलब है कि बिलासपुर अस्पताल परिसर अब अधिक बढ़ा हो गया है। क्योंकि यहां पर एमसीएच विंग का एक अलग से भवन है। ऐसे में इन भवन में भी मरीजों की अधिक संख्या रहती है, इस भवन में भी सुरक्षा के अधिक प्रबंध होना आवश्यक है। (अनंत ज्ञान)

### चिकित्सकों और मरीजों की सुरक्षा सर्वोपरि



**खबर** की पुष्टि करते हुए चिकित्सा अधीक्षक एके सिंह ने बताया कि बिलासपुर अस्पताल में चिकित्सकों की सुरक्षा और मरीजों की सुरक्षा को लेकर कई निर्णय लिए गए हैं। अस्पताल परिसर में 60 सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं। कुछ सीसीटीवी कैमरे खराब पड़े हैं। उनको भी सही करने की तैयारी कर ली है और टेंडर कर दिया गया है, जल्द कार्य शुरू हो जाएगा। वहीं, अस्पताल में वैसे तो दिन के समय प्रत्येक स्थान व ओपीडी के बाहर सुरक्षा गार्ड रहते हैं, लेकिन रात्रि के समय मात्र दो ही सुरक्षा गार्ड पूरे अस्पताल परिसर में रहते है। ऐसे में उनका मानना है कि दो सुरक्षा गार्ड से अस्पताल की प्रत्येक गतिविधि पर नजर नहीं रखी जा सकती है। ऐसे में अस्पताल प्रशासन निर्णय लेने जा रहा है कि रात्रि के समय सुरक्षा गार्डों की संख्या को बढ़ाया जाए, ताकि अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था पूरी बनीं रहे। एमएस का कहना है कि अस्पताल में रात्रि के समय दो गार्ड आपातकाल वार्ड में होना आवश्यक है। यहां पर रात्रि के समय मरीजों का आना जाना अधिक रहता है। जिससे चलते यहां पर भी सुरक्षा अधिक बढ़ाई जाएगी।

### रात्रि को करेंगे औचक निरीक्षण



**चिकित्सा** अधीक्षक डॉ. एके सिंह का कहना है कि वह सुरक्षा व्यवस्था देखने के लिए रात्रि के समय औचक निरीक्षण करेंगे। ऐसे में अगर किसी भी की कोई संदिग्ध गतिविधि या फिर सुरक्षा व्यवस्था सही नहीं पाई गई तो उक्त मौके पर तैनात कर्मचारी व अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### जिला स्तरीय कार्यशाल आज

**बिलासपुर।** भाजपा के सदस्यता अभियान के मद्देनजर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन शनिवार 24 अगस्त को किया जाएगा। शहर के चंगर सेक्टर स्थित भाषा विभाग के सभागार में सुबह 10:30 बजे से शुरू होने वाली कार्यशाला में भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी देने के साथ उनका मार्गदर्शन भी करेंगे। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के विस्तारक अमित शर्मा तथा जिला से भाजपा के सभी विधायक, जिला कार्यकारिणी और मोर्चा-प्रकोष्ठों के पदाधिकारी इसमें भाग लेंगे। जिला भाजपा अध्यक्ष स्वतंत्र सांख्यान ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी द्वारा नए सिरे से सदस्यता अभियान शुरू किया जा रहा है। सभी कार्यकर्ताओं की पुरानी सदस्यता इसी माह खत्म हो जाएगी। अभी तक देश भर में भाजपा के लगभग 18 करोड़ सदस्य हैं।

### 100 दिन के विशेष जागरूकता शिविरों के तहत दोकडू में लगाया शिविर

**घुमारवीं।** मिशन शक्ति योजना के तहत 100 दिन के विशेष जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। झंडूता परियोजना के अंतर्गत पर्यवेक्षक वत्त झंडूता की रोहल पंचायत के दोकडू गांव में 100 दिवसीय विशेष जागरूक अभियान के तहत एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें गांव पंचायत प्रधान, वार्ड मेंबर व अन्य गांव के लोगों को मिशन शक्ति व अन्य महिलाओं के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पूनम शर्मा मिशन समवयंक द्वारा दी गई।



### एनसीसी आर्मी विंग की प्रथम वर्ष की चयन प्रक्रिया संपन्न

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के एनसीसी आर्मी विंग में प्रथम वर्ष हेतु छात्रों का चयन किया गया। महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी कैप्टन डॉक्टर जय ने बताया कि फ्री एनरोलमेंट के समय लगभग 150 छात्र-छात्राओं ने उसमें हिस्सा लिया था। इनमें से की 35 लड़के और 25 लड़कियों का चयन अंतिम चयन प्रक्रिया के लिए किया गया था।

महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य डॉक्टर पीएस कटवाल ने सब बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना हेतु शुभकामनाएं प्रेषित कीं। वहीं, महाविद्यालय एनसीसी अधिकारी ने बताया कि द्वितीय बटालियन एनसीसी मंडी के दिशा-निर्देशों के अनुसार 23 अगस्त को प्रथम वर्ष के लिए चयन प्रक्रिया पूरी की गई, जिसमें बटालियन से पधारे सूबेदार यशपाल एवं हवलदार शेर बहादुर ने हिस्सा लिया।

# सरकार को कर्मचारियों की एकजुटता का अंदाजा नहीं : गोपाल दास वर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हिमाचल प्रदेश कर्मचारी महासंघ के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष गोपालदास वर्मा ने कहा कि वर्तमान प्रदेश कांग्रेस सरकार की व्यवस्था पूरी तरह चरामरा गई है। इसके चलते प्रदेश सरकार अभी तक कर्मचारियों एवं पेंशनर्स को न तो एरियर और न ही चिकित्सका बिलों का भुगतान नहीं कर पाई है।

कर्मचारियों एवं पेंशनर्स को मुख्यमंत्री द्वारा 15 अगस्त को महंगाई भते की घोषणा होने की उम्मीद थी, लेकिन इस बार उन्हें निराशा झेलनी पड़ी। इस कारण अब सचिवालय सहित तमाम विभागों के कर्मचारी एवं पेंशनर्स संगठन कांग्रेस सरकार के खिलाफ लामबंद होने लग गए हैं। शुक्रवार को यहां पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा 28 हजार करोड़ का कर्ज लेने के बावजूद पेंशनर्स एवं कर्मचारियों की देनदारियों नहीं दी जा रही हैं। वही, सरकार के मंत्रियों के कार्यालयों की मरम्मत व आवासों तथा अन्य नियुक्तियों को करोड़ों की राशि खर्च की जा रही है। वर्मा ने प्रदेश कांग्रेस सरकार के तकनीकी शिक्षा मंत्री द्वारा दिए गए बयान की निंदा करते हुए कहा कि उन्हें कर्मचारियों की एकजुटता के बारे में सही अंदाजा नहीं है। उन्हें कर्मचारी राजनीति के इतिहास पर गौर कर लेना चाहिए।

अगर कांग्रेस सरकार ने समय रहते सरकार ने कर्मचारियों व पेंशनर्स की मांगों पर गौर नहीं किया तो वे आंदोलन करने से पीछे नहीं रहेंगे।

# होटल लेक व्यू के कर्मचारियों ने तुलसी राम को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



स्वतंत्रता दिवस पर जिला प्रशासन बिलासपुर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जिला बिलासपुर में बेहतरीन सेवाएं देने हेतु हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अंतर्गत होटल लेक व्यू बिलासपुर के कार्यकारी मैनेजर तुलसी राम ठाकुर को स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में पर्यटन विभाग में बेहतरीन सेवाएं देने हेतु सम्मानित किया गया।

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे आयुष युवा सेवाएं एवं खेल तथा कानून मंत्री यादविंद्र गोमा ने होटल लेक व्यू बिलासपुर के कार्यकारी मैनेजर तुलसी राम ठाकुर को पर्यटन विभाग में बेहतरीन सेवाएं देने हेतु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। तुलसी राम को सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी अवार्ड मिलने पर होटल लेक व्यू के कर्मचारियों ने कार्यक्रम का आयोजन करके तुलसी राम ठाकुर को सम्मानित किया।

होटल लेक व्यू बिलासपुर के कैप्टन रामलाल एवं शैफ बेसरी राम, मुकेश कुमार, इंद्र देव, ऋषभ ठाकुर, राकेश,संजू कुमार नरेश कुमार, अनीश इत्यादि ने संयुक्त रूप से माता श्री नयना देवी से लाई चुनरी एवं स्मृति चिन्ह देकर होटल लेक व्यू बिलासपुर के कार्यकारी मेनेजर तुलसी राम ठाकुर को सम्मानित किया। होटल लेक व्यू बिलासपुर के कैप्टन रामलाल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के कर्मचारी को जिला प्रशासन बिलासपुर द्वारा सम्मानित किए जाने पर सभी निगम के कर्मचारियों में खुशी का माहौल है।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517
सूचना
**मैं सावर मल पवार** सुपुत्र राम करण निवासी गांव बगला, डाकघर बड़सू तहसील बल्ह, जिला मंडी, हिमाचल प्रदेश घोषणा करता हूं कि नगर परिषद बिलासपुर के रिकॉर्ड में मेरे पुत्र आशीष कुमार के जन्मप्रमाण पत्र में मेरा नाम गलती से सन्नी दर्ज है। नगर परिषद रिकॉर्ड दुरूस्त कर सन्नी की जगह सावर मल पवार किया जाए। यदि इस बारे में किसी को आपति हो तो वह सात दिनों के भीतर नगर परिषद बिलासपुर आकर अपनी आपति दर्ज करवा सकता है। सभी नोट करें।

# सिरमौर में डेंगू ने उड़ाई डॉक्टर्स की नींद, 1300 पार हुआ आंकड़ा

**अनंत ज्ञान, सिरमौर**

हिमाचल प्रदेश के जिला सिरमौर में लगातार बढ़ रहे डेंगू के मामलों ने डॉक्टर्स की नींद उड़ाकर रख दी है। इस सीजन में अब तक जिले में रिकॉर्ड केस 1300 के पार पहुंच चुके हैं।




हालांकि स्वास्थ्य विभाग स्थिति नियंत्रण में होने का दावा कर रहा है, लेकिन जिले के अस्तपालों, खासकर मेडिकल कॉलेज नाहन में डेंगू से पीड़ित मरीजों के आने का सिलसिला जारी है। बता दें कि जिला मुख्यालय नाहन शहर में डेंगू का डंक तेजी से फैला है। खासतौर पर शहर का अमरपुर मोहल्ला, जहां से डेंगू के अधिकतर मरीज सामने आ रहे हैं। विभाग लगातार इस दिशा में लोगों को जागरूक भी कर रहा है, लेकिन डेंगू के बढ़ते मामलों ने विभाग की अच्छी खासी कसरत करवा रखी है।

## अभी तक कोई भी मरीज नहीं सीरियस

सीएमओ सिरमौर डॉ. अजय पाठक ने बताया, 'इस साल अभी तक जिला में डेंगू के 1322 मामले सामने आ चुके हैं, लेकिन इसमें घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि अभी तक जितने भी मरीज आए हैं, उनमें किसी भी मरीज को कोई भी सीरियस बीमारी नहीं है। ज्यादातर मरीज ओपीडी से ही दवाई खा रहे हैं। कुछ मरीज एडमिट भी हैं। राहत की बात ये है कि जिले में अभी तक किसी भी मरीज की मृत्यु डेंगू के कारण नहीं हुई है।'

## पिछले दो सालों के मुकाबले मिले इस बार ज्यादा मामले

सिरमौर जिले में पिछले दो सालों में इस बार ज्यादा मामले डेंगू के दर्ज किए जा रहे हैं। सीएमओ सिरमौर डॉ. पाठक ने बताया कि आमतौर पर डेंगू जुलाई से नवंबर माह के बीच में तेजी से फैलता है। जिले में इस सीजन में अभी तक 1322 मामले डेंगू के दर्ज किए जा चुके हैं, जबकि पिछले दो सालों के आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो जिला सिरमौर में साल 2022 में 852 मामले और साल 2023 में 1044 डेंगू के मामले दर्ज हुए थे. वहीं, इस बार ये आंकड़ा अब तक 1300 को पार कर चुका है और डेंगू के मरीजों के आने का सिलसिला फिलहाल अभी जारी है, जिस तरीके से जिले में डेंगू के मामलों में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है, उससे अनुमान लगाया जा रही है कि जल्द ही मरीजों का आंकड़ा 2000 को भी पार कर सकता है।

## दर्द नाशक दवाएं लेने से बचें

**सीएमओ** डॉ. पाठक ने कहा, 'अगर किसी को डेंगू होता है तो घबराए नहीं. यदि इस मौसम में बुखार है और टेस्ट नहीं करवाया है, चाहे डेंगू है या नहीं है, केवल पैरासिटामोल का प्रयोग करें। दर्द नाशक दवाओं का प्रयोग बुखार उतारने के लिए न करें. चूंकि यदि प्लेटनेस की कमी है, तो इससे नुकसान भी हो सकता है. इस दिशा में लोग सहयोग करें और विभाग जिले में इस बीमारी पर काबू कर लेगा।'

## उद्योग मंत्री ने भी रोकथाम को लेकर दिए निर्देश

गत बुधवार को जिले में बढ़ते डेंगू के मामले नाहन में संपन्न हुई जिला योजना, विकास एवं 20 सूत्रीय कार्यक्रम की समीक्षा बैठक में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान के समक्ष भी उठाया गए। इस पर मंत्री ने स्वास्थ्य विभाग और नगर परिषद नाहन को भी उचित दिशा निर्देश जारी किए। उन्होंने नगर परिषद को डेंगू की रोकथाम के लिए फॉगिंग करने के भी कहा, ताकि शहर में तेजी से फैल रहे डेंगू की रोकथाम हो सके।

## बीमारी की रोकथाम के लिए 20 टीमें दे रही घरों में दस्तक

डॉ. पाठक ने बताया कि सिरमौर जिले में डेंगू को लेकर स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से सजग है। चूंकि अधिकतर मामले नाहन शहर से सामने आ रहे हैं, तो शहर में सप्ताह में एक बार ड्राई दे करवा रहे हैं। इसके तरह पहले एक रैली का आयोजन किया जाता है और फिर विभाग द्वारा बनाई गई 20 टीमें लोगों के घर जा-जाकर जागरूक कर रही हैं। साथ ही ये भी चेक कर रही हैं कि अगर कहीं कई दिनों तक पानी स्टोर हो रहा है, तो उसे खाली भी करवा रही है। उन्होंने कहा कि जब तक लोग खुद को बचाने के लिए आगे नहीं आएंगे, तब तक बीमारी को रोकने के प्रयास अधूरे ही रहेंगे। डेंगू एक ऐसी बीमारी है, जिससे बड़े आराम से बचा जा सकता है. बस कुछ सावधानियां बरतने की जरूरत है।

## न्यूज ब्रीफ

### सरकाघाट में 2.43 किलो चरस के साथ दो गिरफ्तार



चरस के आरोप में गिरफ्तार किए गए युवक पुलिस टीम के साथ।

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। सरकाघाट पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को बड़ी सफलता हासिल हुई है। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर हरिवैहना के पास चंद्रूरूही पुल पर शुक्रवार रात करीब 2 बजे नाका लगाया था। इस दौरान पुलिस ने पौंटा की ओर से आ रही एक सफेद रंग की आल्टो कार (एचपी 28बी -8374) को रोकने का प्रयास किया। कार में दो लोग सवार थे। पूछताछ के दौरान एक युवक ने अपना नाम संजीव कुमार (36) और दूसरे ने आशीष शर्मा (25) बताई। पुलिस ने गवाहों की मौजूदगी में जब कार की तलाशी ली, तो एक थैला मिला जिसमें सात छोटी-बड़ी बत्तीनुमा वस्तुएं थी। जांच करने पर पता चला कि यह चरस है। इलैक्ट्रोनिक मशीन पर तोलने पर इनका वजन 2 किलो 43 ग्राम निकला। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर संजीव कुमार और आशीष शर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। डीएसपी संजीव गौतम ने मामले की पुष्टि की है।

### सदस्यता अभियान-2024 भाजपा का महापर्व : टंडन

**अनंत ज्ञान, शिमला।** भाजपा प्रदेश सह प्रभारी संजय टंडन ने कहा सदस्यता अभियान



2024 भाजपा का महापर्व रहेगा, जिसको पूरे देश और प्रदेश में पूरी योजना और नई ऊर्जा के साथ मनाया जाएगा। टंडन ने बताया की राष्ट्रीय सदस्यता अभियान 2014 के अंतर्गत जो की नवंबर 2014 से अप्रैल 2015 तक चला था जिसमे देश भर ने 11 करोड़ से अधिक सदस्यों के साथ भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी थी। लांच के दिन नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इस समय के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह द्वारा पार्टी के कार्यकर्ताओं को संबोधित किया गया था। मिस्ड कॉल नंबर के द्वारा सदस्य बनाए गए जिसके अंतर्गत हिमाचल प्रदेश में 3,52,907 सदस्य बने। इसी प्रकार राष्ट्रीय सदस्यता अभियान 2019 के दौरान यह अभियान 6 जुलाई से 20 अगस्त तक चलाया गया, जिसमे देश भर ने 18 करोड़ से अधिक सदस्य बनाए गए। वाराणसी में स्वर्गीय श्याम प्रसाद मुखर्जी के जन्म तिथि पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया गया और सदस्यता के लिए मिस्ड कॉल नंबर और नमो ऐप का प्रयोग किया गया इस दौरान हिमाचल प्रदेश में 8,84,187 सदस्य बनाए गए। टंडन ने कहा की इस बार ने हर बूथ पर 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है, इस हिसाब से देश में भाजपा 10 करोड़ से ज्यादा और प्रदेश में 8000 बूथों पर 16 लाख सदस्य बनाने जा रही है।

### बस की टक्कर से मोटरसाइकिल चालक की मौत

**अनंत ज्ञान, बीबीएन ।** पुलिस थाना नालागढ़ के तहत गांव सोडी गुलाबपुरा के पास एक बस व मोटरसाइकिल के बीच टक्कर हो गई। इस टक्कर के दौरान मोटरसाइकिल चालक की मौत हो गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि उन्हें सूचना मिली की एक बस और मोटरसाइकिल के बीच टक्कर हुई थी, जिसमें मोटरसाइकिल चालक सर्वजीत सिंह पुत्र उजागर सिंह निवासी गांव नंगल ढक्का डाकघर खिल्लियां तहसील नालागढ़ जिला सोलन व उम्र 23 साल की सिर में चोट लगने पर मौत हो गई है। हालांकि हादसे के बाद स्थानीय लोगों की सहायता से उसे सीएचसी नालागढ़ भी पहुंचाया गया, लेकिन उस समय काफी देर हो चुकी थी और उसे चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि यह हादसा निजी बस (जलपा) चालक द्वारा बस को लापरवाही व तेज रफ्तार के चलाने के कारण हुआ है। इस पर बस चालक के खिलाफ उपरोक्त मुकदमा दर्ज कर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# जनता को सुविधाएं देना लूट नहीं कल्याणकारी राज्य का काम : जयराम

## मुख्यमंत्री के बयान पर पलटवार, कहा–जनता को दी सुविधाएं लगती हैं इनको सरकारी खजाने की लूट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुखू के उस बयान को बहुत दुर्भाग्यपूर्ण बताया है जिसमें उन्होंने कहा था कि वे राजनीतिक लाभ के लिए सरकारी खजाना लूटने नहीं देंगे। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि ये बहुत हास्यास्पद बात है कि मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि राजनीतिक लाभ के लिए वे सरकारी खजाने को लुटने नहीं देंगे। ऐसे में हम पूछना चाहते हैं कि तो क्या हिम केयर से इलाज और सहारा जैसी योजना को वह लूट मानते हैं? क्या गांव देहात के गरीब परिवारों को फ्री पानी पिलाने को भी वह लूट मानते हैं।



विधानसभा क्षेत्र के थुनाग में पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर स्थानीय लोगों की समस्याओं को सुनते हुए।

पूरे देश को बिजली पैदा कर देने वाले राज्य में गरीब परिवारों के घर में बिना बिल के दो बल्ब जलने को भी क्या लूट मानते हैं। माताओं बहनों को कहीं आने–जाने के लिए किराए में छूट देना भी वे क्या लूट मानते हैं। क्या युवाओं को रोजगार देना लूट है। किसानों बागवानों को सब्सिडी देना भी लूट है? उनकी बातों से लगता है कि शायद उन्हें एक कल्याणकारी राज्य की परिभाषा ही मालूम नहीं है। उन्होंने सवाल दागा कि क्या सरकार का काम सिर्फ जनता पर एक तरफा टैक्स थोपना है। जो पैसा टैक्स के रूप में जनता से सरकार एकत्रित करती है उसे जनता पर खर्चना क्या लूट है। अगर ऐसा है तो वे प्रदेश को यह भी बताएं कि आपकी सरकार में आपके इतने सलाहकारों की फौज क्यों तैनात है। गैर संवैधानिक तरीके से सीपीएस की नियुक्ति कर मंत्रियों के बराबर सुविधाएं क्यों दे रखी है। मित्रों को एडजेस्ट करने के लिए कैबिनेट रैंक रेवड़ियों की तरह क्यों बांटे जा रहे हैं। मंत्रियों और सीपीएस के आगे पीछे अनाधिकृत पुलिस की गाड़ियों का काफिला क्यों दौड़ा रहे हैं।

क्यों मंत्रियों के लिए नए सचिवालय में कार्यालय पर लाखों रुपए अतिरिक्त खर्चा करवाया गया। इस सवालों का जवाब उन्हें देना ही होगा। आज जब कर्मचारी अपने हकों के लिए आवाज उठा रहे हैं तो एक आध मंत्री को आगे कर मुख्यमंत्री छुप गए हैं। जब कर्मचारी नेताओं ने फिजूलखर्ची पर सवाल उठाए तो उनके मुंह में दही जम गया है। उन्होंने कहा कि एक मंत्री का कर्मचारियों को हड़काना और उन्हें दबाव डालने की कोशिश करना दुर्भाग्यपूर्ण है।

शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री अपने विधानसभा क्षेत्र के थुनाग में रहे और वहां पार्टी वर्करों से बैठक की। उन्होंने स्थानीय लोगों की समस्याओं को भी सुना।

## उपनिदेशक ने दिए निर्देश

## किसी भी बच्चे को अलग से न बुलाएं अध्यापक

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** पीएम श्री शहीद मृदुल शर्मा मेमोरियल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हमीरपुर में उच्च शिक्षा उपनिदेशक हमीरपुर अनिल कौशल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई जिसमें जिला के सरकारी स्कूलों के सभी प्रधानाचार्य और मुख्य अध्यापक उपस्थित रहे। शिक्षा विभाग द्वारा यह बैठक हर छह महीने बाद आयोजित की जाती है। उच्च शिक्षा उपनिदेशक अनिल कौशल ने कहा कि सभी प्रधानाचार्य व मुख्य अध्यापकों को यह जानकारी दी गई कि उनकी क्या–क्या ड्यूटी है और किस प्रकार स्कूल प्रशासन को चलाना है और क्या क्या काम करने हैं।

उन्होंने बताया कि नाल्टी स्कूल में छात्रा के साथ हुई छेड़खाड़ के मामले को लेकर निर्देश जारी किए गए हैं कि बिना मतलब के किसी भी बच्चे को नहीं बुलाना है और न ही अलग से किसी भी बच्चे को नहीं बुलाना है। कोई भी बात करनी है तो वो कक्षा में ही की जाए।

उन्होंने कहा सुबह 9 बजे से 3 बजे तक बच्चा स्कूल में रहता है इसलिए इसकी सारी जिम्मेवारी स्कूल मुखिया की होगी कि बच्चों के साथ कुछ गलत न हो। (अनंत ज्ञान)

## मेले एवं त्योहार समृद्ध संस्कृति एवं परंपराओं के वाहक : विक्रमादित्य



मंत्री विक्रमादित्य सिंह को सम्मानित करते मेले के आयोजक।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज आठ दिवसीय नलवाड़ मेला साईगलू के समापन समारोह की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि मेले एवं त्योहार हमारी समृद्ध संस्कृति एवं परंपराओं के वाहक हैं।

स्थानीय विकास कार्यों की चर्चा करते हुए विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार के लिए पूरा हिमाचल एक है और वह स्वयं भी बिना किसी भेदभाव के पूरे प्रदेश में एक समान विकास में विश्वास रखते हैं। उन्होंने कहा कि मंडी विधानसभा क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग के माध्यम से लगभग 80 करोड़ रुपए के विकास कार्य किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 5.6 करोड़ रुपए और नाबार्ड के अंतर्गत 23 करोड़ रुपए सड़कों पर खर्च किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त लोक निर्माण विभाग द्वारा मंडी विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न भवनों के निर्माण पर 60 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमीरपुर से मंडी वाया धर्मपुर राष्ट्रीय उच्च मार्ग के निर्माण की वह स्वयं मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

निर्माण के दौरान यहां स्थानीय जनता को हो रही परेशानी का मामला उन्होंने केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के समक्ष उठाया है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि समय पर काम करना उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह से सीखा है।

# जांच रिपोर्ट में खुलासा, बहुत से लोग कर रहे थे कवरेज, निशाना बनी केवल महिला पत्रकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

महिला पत्रकार कमलेश वर्मा पर लाहौल घाटी के त्रिलोकीनाथ में एक समारोह के दौरान एक व्यक्ति द्वारा किए गए हमले पर विदआउट एक्रीडेशन राष्ट्रीय पत्रकार परिसंघ ने कड़ा संज्ञान लिया है। घटना के तुरंत बाद जांच के लिए परिसंघ ने चार सदस्यीय कमेटी का गठन कर वीडियो की जांच का जिम्मा सौंपा था। जांच रिपोर्ट आने के बाद कमेटी ने कहा कि वीडियो में साफ दिख रहा है कि बहुत से लोग कवरेज कर रहे हैं। इससे प्रतीत होता है कि हमला करना गैर–कानून तो था ही, साथ में देव नीति के खिलाफ भी था।

राष्ट्रीय कला एवं देव संस्कृति संरक्षक समिति के वरिष्ठ सदस्य व विदआउट एक्रीडेशन राष्ट्रीय पत्रकार परिसंघ के प्रदेशाध्यक्ष अनिल शर्मा व महासचिव ललित कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष पीयूष शर्मा, उमेश भारद्वाज, नितेश सैनी, धर्मवीर ने पत्र लिख कर कहा है कि हम देव नीति और संस्कृति का सम्मान करते हैं, लेकिन इस तरह की घटना देव नीति के खिलाफ है। संघ ने इस विषय को लेकर लाहौल की देव समितियों से जवाब तलबी की है। पत्र में लिखा है कि यदि प्रधान देवता के गुर ने हमला किया, तो प्रधान देवता के गणदेव के गुर कहां थे। यदि प्रधान देवता के गणदेवों में से किसी एक ने हमला किया तो प्रधान देवता ने उसे दंडित क्यों नहीं किया। ऐसी स्थिति में प्रधान देवता गणदेवों की गुर पदवी छीन लेता है, लेकिन अभी तक कोई संज्ञान नहीं लिया गया है।

उन्होंने कहा कि किसी भी शास्त्र में देवता लोगों को नुकसान नहीं पहुंचाता है, क्योंकि देवताओं में मानव से अधिक करुणा और दिव्य शक्तियां होती हैं। बहुत से लोग कवरेज कर रहे थे, फिर दंड एक को ही क्यों दिया गया, यह देव नीति के खिलाफ है।

- विदआउट एक्रीडेशन राष्ट्रीय पत्रकार परिसंघ ने देव समितियों से मांगा देवनीति के तहत स्पष्टीकरण

अनंत ज्ञान फॉलोअप

- कहा, देव नीति का सम्मान, लेकिन यहां हुआ बहुत बड़ा उल्लंघन

### पहले ही दें जानकारी

**राष्ट्रीय** कला एवं देव संस्कृति संरक्षक समिति ने हिमाचल प्रदेश की सभी देव समितियों व संगठनों से आग्रह किया है कि जो देव प्रथाएं, कार्यक्रम और परंपराएं रिकॉर्ड करने की नहीं होती हैं, उसके बारे में पहले ही जानकारी दी जाए और किसी अन्य को भी मोबाइल से इसकी कवरेज करने से रोक दिया जाए।

### हमले की प्रेस क्लब पतलीकूहल ने की निंदा

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल ।** कुल्लू व लाहौल-स्पीति जिला की महिला पत्रकार कमलेश वर्मा पर लाहौल घाटी के त्रिलोकीनाथ में पोरी मेले के दौरान कथित गूर द्वारा किए गए हमले की प्रेस क्लब पतलीकूहल-नग्गर ने कड़ी निंदा की है। प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेश आचार्य, उपाध्यक्ष मोहन कपूर , महासचिव संजय ठाकुर व अन्य ने इस घटना का कड़ा संज्ञान लेते हुए कहा है कि कमलेश वर्मा पर पोरी मेले के दौरान उस समय एक कथित गूर द्वारा सांगल से हमला किया गया जब वह मेले में देवकारज की कवरेज कर रही थी, जोकि निंदनीय है। उन्होंने कहा कि सिर्फ पत्रकार कमलेश वर्मा ही वहां पर मोबाइल से वीडियो नहीं बना रही थी बल्कि उनके साथ अन्य स्थानीय पत्रकार भी शामिल थे। इसके अलावा स्थानीय लोग भी वीडियो बना रहे थे। पत्रकारों ने कहा है कि हमला इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को डराने धमकाने की नीति है जो असहनीय है।

**इंतजार** युवाओं की उम्मीदों का निकल रहा 'कचुंबर', आयोग में अभी न चेयरमैन और न ही कोई मेंबर,

# नई भर्तियों के विज्ञापन आखिर कब होंगे जारी?

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**




पुराने आयोग को भंग करके राज्य चयन आयोग के रूप में नए कमीशन का उदय अभी भी ठीक से नहीं हो पाया है। कारण यही है कि अस्तित्व में तो नया आयोग आ गया, लेकिन इसका भीतरी ढांचा मुकम्मल तौर पर खोखला है। तभी तो सोशल मीडिया पर अब युवा, जिन्हें अलग–अलग श्रेणियों में एग्जाम देने की चिंता सता रही है, वे तरह–तरह के कमेंट्स दाग रहे हैं।

उनकी समस्या यह है कि गड़बड़ झाले का भंडाफोड़ तो हो गया। उसकी जांच भी अंतिम चरण तक पहुंच गई, लेकिन अब नए विज्ञापन जारी करने में आखिर युवाओं की उम्मीदों का 'कचुंबर' क्यों निकाला जा रहा है।

आयोग में केवल मुख्य प्रशासक और सहायक प्रशासक के रूप में दो अधिकारी तैनात करके इसकी व्यवस्था सही से नहीं चल सकती है अभी तो इसके अध्यक्ष की नियुक्ति होनी है। फिर सदस्य कितने होंगे? उनकी भी नामजदगी होनी है।

किस एजेंसी के द्वारा एग्जाम लेने का प्रक्रिया शुरू होगा यह सारे सवाल अभी ऊहापोह वाली स्थिति में ही हैं। सी वजह से युवाओं में बेचैनी का दौर शुरू हो गया है। हिमाचल प्रदेश में दूसरे राज्यों वाली परिस्थितियों नहीं हैं।

यहां सरकारी सेवा में जाने के लिए युवाओं की लंबी लाइन लगी हुई है, लेकिन माध्यम उसका आयोग ही है। उसी की नीतियों और सिस्टम के चलते परीक्षाएं होंगी और फिर उन्हें अलग–अलग विभागों में जाने के लिए रिकमेंड किया जाएगा। सरकार बोल तो रही है कि इतने हजार की भर्तियां होंगी, लेकिन जब तक आयोग का सिस्टम मजबूत नहीं होगा, यह भर्तियां हो कैसे पाएंगी? यक्ष प्रश्न यही है। जिस पर युवा सवाल पर सवाल दागे जा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## पुरानी सरकार के अढ़ाई दर्जन एग्जाम का प्रोसेस मुकम्मल

अभी तो पुरानी सरकार के समय के कई तकरीबन अढ़ाई दर्जन एग्जाम का प्रोसेस मुकम्मल होना है। अब उसी में वक्त काफी लगने वाला है। तो फिर नई भर्तियों का प्रोसेस जल्दी शुरू नहीं हो पाएगा। क्योंकि ढांचागत व्यवस्था अभी बनी नहीं है। नई भर्तियों के प्रोसेस को शुरू करने के लिए स्टाफ भी तो नया चाहिए है। फिलहाल जिस स्टाफ से आयोग मौजूदा व्यवस्था को चल रहा है, वह तो रिटेन किया हुआ है। उसी से नई प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकती। सरकार खुद इस पर फैसला ले चुकी है। यदि उनके हवाले से काम शुरू हुआ, तो फिर पुराने लोग जिन्हें दूसरी जगह भेजा गया है, वे कोर्ट जाकर नई चुनौती दे सकते हैं।

अनंत ज्ञान स्पैशल



'फिलहाल पुराने रूके हुए रिजल्ट्स शीघ्र घोषित हो पाएं। उसके लिए आयोग प्रयास किए हुए हैं। नई परीक्षाएं तो उसके बाद ही शुरू हो पाएंगी। कई मामले विजिलेंस में फंसे हुए हैं। पोस्ट कोड 903 और पोस्ट कोड 939 के रिजल्ट लगभग तैयार हैं। विजिलेंस से अभी मांगी गई जानकारी आयोग को हासिल नहीं हो पाई है। जैसे ही मिलेगी, तत्काल ही रिजल्ट घोषित कर दिए जाएंगे।

**–आरके पूरूथी**
**आयोग के मुख्य प्रशासक।**

# बाहोट–कसोल को 'विलेज पर्यटन हब' बनाने के लिए अहम बैठक का आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

शहर की भागदौड़ से दूर छुट्टी मनाने की चाहत रखने वालों के लिए जिला बिलासपुर में कोल डैम के साथ लगने वाले बेहद ही खूबसूरत गांव बाहोट–कसोल को विलेज पर्यटन हब बनाने के लिए जिला प्रशासन बिलासपुर ने बैठक का आयोजन किया। बैठक में पंचायत के पदाधिकारी सहित संबंधित विभागों के सभी अधिकारी और एनटीपीसी के अधिकारी भी उपस्थित रहे।



बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने बताया कि जिले के कोलडैम के साथ लगते क्षेत्र बाहोट–कसोल को विलेज पर्यटन हब बनाने का कार्य प्रशासन ने शुरू कर दिया है। बाहोट–कसोल को विलेज पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा, जिसके लिए बैठक बुलाई गई थी। इस क्षेत्र में बुनियादी इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने के लिए सभी विभागों के अधिकारियों के साथ विस्तृत रूप में चर्चा की गई। यहां टिकाऊ मछली पकड़ने का पर्यटन स्थल यानी एक्वा टूरिज्म को भी प्रमोट किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त इस गांव में पर्यटकों को पारंपरिक खेती के तरीके, बागवानी, मिट्टी के बर्तन बनाने, गन्ने के विभिन्न उत्पाद सहित, डेरी फार्मिंग से जुड़े विभिन्न पहलुओं को पर्यटकों को रूबरू होने का मौका मिलेगा। इसके अतिरिक्त इस क्षेत्र में जल थल और वायु से जुड़े पर्यटन गतिविधियों आयोजित की जाएगी।

उन्होंने कहा कि इस गांव की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को विशेष तौर पर जोड़ा जाएगा। इसके शिल्पकारों, किसानों पर्यटकों को अपनी कला दिखाने का मौका मिलेगा। बैठक में पर्यटन अधिकारी मनोज कुमार, उपनिदेशक उद्यान विभाग माला शर्मा, उपनिदेशक कृषि विभाग शशि पाल शर्मा, पीओडीआरडीए यशपाल शर्मा सहित एनटीपीसी के अधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाएं

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** जगोरी संस्था द्वारा 23 अगस्त को ठारू पंचायत में क्लस्टर बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सुनेहड़ व कवाड़ी पंचायत से आईं 25 महिलाओं ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। यह बैठक ठारू पंचायत की वार्ड सदस्य सुभद्रा की अध्यक्षता में की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और पौधरोपण रहा। बैठक में महिलाओं को बदलते पर्यावरण को लेकर जागरूक किया गया। बैठक में बताया गया कि इस मौसम में हम ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण हेतु काम कर सकते हैं। जगोरी के साथ डॉग रेस्क्यू से आए कार्यकर्ताओं ने महिलाओं को आवारा कुत्तों की नसबंदी, घायल व बीमार के इलाज के लिए टीकाकरण हेतु जागरूक किया।



### थुरल कॉलेज की पत्रिका 'न्यूगल धारा' का विमोचन

**अनंत ज्ञान, डरोह।** उपमंडल धीरा के अंतर्गत महाराजा संसार चंद स्मारक महाविद्यालय थुरल की वार्षिक पत्रिका न्यूगल धारा के संस्करण का विमोचन राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष संजय सिंह चौहान द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह पत्रिका विद्यार्थियों के लिए अंतरनिहित कलात्मक अभिरुचियां एवं अंतर्मन में विद्यमान प्रतिभाओं को उजागर करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि मैं महाविद्यालय की संपादकीय टीम और छात्र-छात्राओं को बधाई देता हूं। इस अवसर पर कार्यकारी प्राचार्य कमल कुमार, प्रो. रवि सिंह पालसरा, प्रो. पवन राणा, डॉ. विशाल, डॉ. संजीव कुमार शर्मा, प्रो. नविता, प्रो. कुशल सिंह, प्रो. अजय कुमार, प्रो. रितु राणा, प्रो. अमनजीत, प्रो. ईशु वर्मा, पुस्तकालय अध्यक्ष रणजीत सिंह राणा व मंजू कुमारी आदि शामिल हुए।



### पुढ़वा में कलश यात्रा के साथ भागवत कथा शुरू



**राकेश डोगरा, डरोह।** उपमंडल धीरा के अंतर्गत पुढ़वा के ठाकुरद्वारा मंदिर परिसर में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन 23 से 29 अगस्त तक शुरू हो चुका है। इस दौरान शुक्रवार को ठाकुरद्वारा मंदिर परिसर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई।यह कलश यात्रा कस्बे के मुख्य मार्गों से गुजरती हुई कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। वहां पर स्थानीय निवासी अशनुप ठाकुर ने भागवत की पूजा-अर्चना की और पूजन के बाद कलश की स्थापना की। तदोपरांत कथा व्यास पुरोहित संदीप शर्मा ने अपने प्रवचनों में उपस्थित श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथा की जानकारी देते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने मात्र से मानव जीवन में एक जन्म नहीं, अपितु हमारे कई जन्मों के पापों का नाश होने के साथ ही हमारे शुभ कर्मों का उदय होता है। कथा सुनने मात्र से जीव जन्म और मरण के बंधन से मुक्त हो जाता है। इस बीच 29 अगस्त को सुबह 8 बजे हवन-यज्ञ का आयोजन किया जाएगा 12 बजे दोपहर पूर्णाहुति दी जाएगी। इस दौरान महिलाएं मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन भी करेंगी। 12 बजे के बाद भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा।

### साई सेवा संगठन मनसिंबल में मनाएगा जन्माष्टमी

**अनंत ज्ञान, डरोह।** उपमंडल भवारना के अधीन साई मंदिर मनसिंबल भवारना में साई सेवा संगठन की ओर से कृष्ण जन्माष्टमी बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई जा रही है। साई सेवा संगठन के कॉर्डिनेटर रोशन रैना ने बताया कि 25 अगस्त शाम को रोज की तरह मंदिर में भजन-कीर्तन होगा।उसके बाद सेवा अभियान चलेगा।26 अगस्त को सुबह 10 बजे भगवान जी का षोडशोपचार पूजन किया जाएगा।इस बीच सभी श्रद्धालु इस पूजन के लिए एक थाली, एक गड़वी, दो चम्मच, टीका, थोडे चावल, फूल,दुर्वा, धूप, ज्योति, माचिस, थोड़ा थोड़ा दूध,दही, घी, शहद, शक्कर, गंगाजल,सेंट, छोटी शीशी, मुस्कीकपूर, प्रसाद, दाख, फल, दक्षिणा सपत्नीक बैठने के लिए, रूमाल लेकर जरूर आएं। इस सामग्री को थाली में सजाकर लाएं इससे भगवान का स्नान किया जाएगा। फिर झूला स्थापित किया जाएगा।यह प्रक्रिया करीब डेढ़ घंटा चलेगी।

### कांगड़ा एयरपोर्ट की सुनवाई अब दो सितंबर को

**अनंत ज्ञान, गगल।** प्रदेश उच्च न्यायालय में कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तार को लेकर 23 अगस्त को सुनवाई हुई । अगली सुनवाई दो सितंबर को होगी। ग्रामीण संघर्ष समिति के अध्यक्ष रजनीश मोना ने बताया कि शुक्रवार को लगभग पंद्रह मिनट केस की सुनवाई चली। मौना ने कहा है कि इलाके की जनता को अब नेताओं से विश्वास उठ चुका है तथा जनता के न्यायालय पर विश्वास है कि न्यायालय जनता के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय नहीं होने देंगे।

### जन्माष्टमी पर्व को सजा करियाड़ा का नाग मंदिर

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** कृष्ण जन्माष्टमी की तैयारियों को लेकर करियाड़ा का ऐतिहासिक नाग मंदिर रंग-बिरंगी लाइटों से सजने लगा है। अंबाला शहर के मसहूर गुप्ता लाइट एंड टैंट हाउस के कारीगर विशेष रूप से बिजली की लाइटों से मंदिर को सजाने जुट गए हैं। 26 अगस्त को आयोजित होने वाले जागरण के लिए नामी गायक कलाकारों के नाम फाइनल किए गए हैं, जिसमें जिला हमीरपुर के कागूं के मशहूर गायक पम्मी ठाकुर व क्षेत्र की मशहूर लोक गायिका स्मृति ठाकुर अपनी मखमली आवाज में कृष्ण महिमा का गुणगान करेंगे। मंदिर प्रबंधक कुलदीप सिह गुलेरिया ने बताया कि 26 अगस्त को दोपहर 12:00 बजे हवन किया जाएगा, इसके पश्चात मंदिर में आने वाले तमाम श्रद्धालुओं के लिए लंगर की व्यवस्था की जाएगी।




# जोड़ नाले के दोनों ओर लगेंगे क्रैश बैरिकेड्स व सूचना बोर्ड

## एसडीएम कांगड़ा ने पीडब्ल्यूडी और नेशनल हाईवे अथॉरिटी को दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान, गगल**

जोड़ नाले के पास दिन-प्रतिदिन हो रही दुर्घटनाओं का जायजा लेने स्पॉट पर पहुंचे एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल ने लोक निर्माण विभाग व नेशनल हाईवे अथॉरिटी के अधिकारियों को जल्द इस समस्या को हल करने के निर्देश दिए हैं।

एसडीएम ने कहा कि एक हफ्ते के भीतर दोनों तरफ क्रैश बैरिकेड्स, साइन फ्लेक्स बोर्ड तथा मिरर डेनिएटर स्टैंड लगाए जाएं और नेशनल हाईवे के साथ लगते लोक निर्माण विभाग के सहोड़ा रोड पर वार्निंग साइन बोर्ड लगाने के लिए भी कहा, ताकि वाहन चालक दुर्घटना होने से बच सकें। वहीं, नेशनल हाईवे के अधिकारी साइट इंचार्ज रोहित ठाकुर ने कहा कि जल्द इस ब्लैक स्पॉट को ठीक ढंग से बनाएंगे, ताकि यहां हो रही दुर्घटनाओं पर अंकुश लग सके। वहीं, लोक निर्माण विभाग के एसडीओ सुभाष चंद्र ने नेशनल हाईवे के अधिकारियों को कहा कि लोक निर्माण विभाग द्वारा कोई भी मदद चाहिए तो हम हर समय आपके साथ हैं। इसके अलावा ब्लैक स्पॉट पर पहुंचे जिला परिषद के अध्यक्ष रमेश बराड़ और जिला परिषद सदस्य कुलभाष चौधरी ने कहा है कि इस ब्लैक स्पॉट पर जो भी फाइनेंशियल हेल्प चाहिए होगी तो वे तुरंत सहयोग देने के लिए तैयार हैं।



ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण करते कांगड़ा के एसडीएम इशांत जसवाल और अन्य अधिकारी।

# बधानी कॉलेज में विद्यार्थियों को बताए 'ट्राई' के उद्देश्य

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**



टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया के सलाहकार जेपी गर्ग ने श्री साई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स बधानी कॉलेज में स्टूडेंट्स को ट्राई की कार्यप्रणाली और उद्देश्य के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि 'ट्राई' एक सरकारी प्राधिकरण है, जिसे भारत सरकार ने भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण अधिनियम, 1997 की धारा 3 के तहत स्थापित किया है। यह देश के भीतर दूरसंचार उद्योग को नियंत्रित करता है।

गर्ग ने बताया कि मोबाइल ट्रांसमिशन से जुड़े विकास और परिवर्तन में दूरसंचार क्षेत्र का महत्वपूर्ण स्थान है, जिसका उद्देश्य दूरसंचार सेवाओं को विनियमित करना और सहायता प्रदाताओं या ग्राहकों के हितों का संरक्षण करना है। मोबाइल ट्रांसमिशन से जुड़े विकास और परिवर्तन में दूरसंचार क्षेत्र का महत्वपूर्ण स्थान है। यह अपनी वर्तमान स्थिति के साथ सूचना समाज के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उद्योग में इसके प्रवेश में भारी बाधाओं के कारण ट्राई का विनियमन महत्वपूर्ण हो जाता है। यह किसी भी एकाधिकार की संभावनाओं से बचना पसंद करता है। इसके अलावा यह उद्योग के भीतर विभिन्न अनुचित प्रथाओं की कमी को भी सुनिश्चित करता है। हालांकि, ट्राई का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार की हिरासत में दूरसंचार सेवाओं को विनियमित करना था। इसके विपरीत, सरकार ट्राई उपक्रमों के अनन्य क्षेत्रों में इस तरह के पर्यवेक्षण का अभ्यास करती है और इसके साथ दूरसंचार सेवा प्रदाता (वोडाफोन, जियो, एयरटेल, बीएसएनएल का प्रमुख रोल रहता है। इस प्रोग्राम में मोहिंदर कौर (को-ऑर्डिनेटर), वाइस प्रिंसिपल संजय पंडित, डॉ. चेतन मोहन, डॉ. अनिल हंसपाल, डॉ. दीपक शर्मा, डायरेक्टर टीपीओ सुलक्ष्य कुमार, अश्वनी शर्मा स्टाफ तथा स्टूडेंट्स आदि शामिल रहे। (अनंत ज्ञान)

### 4 दशक बाद भी नए पदों का सृजन नहीं कर पाया खेल विभाग

# हिमाचल में करोड़ों रुपए के खेल परिसर तैयार, स्टाफ की दरकार

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

एक ओर तो सरकार खेलों को बढ़ावा देने की बात करती है, लेकिन सुविधाओं में बढ़ोतरी न होने के कारण प्रदेश खेलों में पिछड़ा नजर आता है। खेल विभाग का धर्मशाला कार्यालय अपने निर्माण के करीब 37 साल बाद भी उस समय के मंजूर पदों से काम चला रहा है। आलम यह है कि प्रदेश के सबसे बड़े जिले में अब तक नए पदों को सृजित न करने से दशकों पुराने ढर्रे पर काम कर रहा है जबकि जनसंख्या कई गुणा बढ़ चुकी है। वहीं खेल विभाग के तहत धर्मशाला कार्यालय में आज भी उतने ही पद हैं जितने 1987 में इसकी शुरुआत में थे। जिला के तहत करीब 14 खेल परिसर या तो बन चुके हैं या फिर लगभग बन चुके या प्रस्तावित हैं। इनमें नूरपुर में खेल परिसर, पालमपुर, खोली, जयसिंहपुर, फतेहपुर, लंबानाला, प्रागपुर, जवाली, देहरा तथा ढलियारा कॉलेज के खेल परिसर शामिल हैं। कुछ परिसर करोड़ों के बजट से तैयार तो हो चुके हैं लेकिन इन्हें संचालित करने के लिए स्टाफ की कमी है।

बताते चलें कि धर्मशाला खेल विभाग के तहत 4 खेल, बास्केटबॉल, एथलेटिक्स, ताई क्वांडो तथा जिम्नास्टिक शामिल हैं। वहीं यहां 4 ही कोच हैं। सीनियर असिस्टेंट का पद एक माह से रिक्त है। इसके अलावा मात्र 4 ग्राउंडमैन तथा आउटसोर्स पर 3 सफाई कर्मी हैं। हालांकि सबसे बड़ा जिला होने के कारण प्रति ब्लॉक कोच के हिसाब से 16 कोच की जरूरत है। बावजूद इसके 4 कोच ही विभाग में सेवाएं दे रहे हैं। स्टाफ की कमी के चलते विभाग के तहत आने वाले इंडोर स्टेडियम तथा सिंथेटिक ट्रैक मैदान की देखरेख करना भी मुश्किल हो जाता है। उधर, इस बारे में जब कार्यकारी जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी सन्नी कुमार से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि नए पद सृजित करने के लिए विभाग से पत्राचार किया गया है तथा मंजूरी मिलने के बाद पद भरे जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

# सहकारी शिक्षण संस्थान गरली को ऊना शिफ्ट करने पर बिफरे ग्रामीण

## गुस्साए लोगों ने भाजपा विधायक बिक्रम सिंह ठाकुर को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, गरली**



करीब 40 साल से गरली में चल रहे को-ऑपरेटिव शिक्षण संस्थान को ऊना शिफ्ट करने का तुगलकी फरमान जारी होते ही इलाके भर में सरकार के खिलाफ बगावत शुरू हो चुकी है। इस बात का पता चलते ही आग बबूला हुए तमाम सैकड़ों लोगों ने दो टूक धमकी देते हुए कहा है कि अगर संस्थान को ऊना शिफ्ट किया गया तो मजबूरन शिमला में होने वाले मानसून सत्र के दौरान विधानसभा का घेराव करना पड़ेगा। लोगों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। मौके पर पहुंचे विधायक बिक्रम सिह ठाकुर को भिन्न-भिन्न ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंप कर तुरंत कार्रवाई करने की मांग की।

गरली प्रधान शशिलता पूर्व में पंचायत प्रधान रहे ठाकुर धर्मवीर सिंह लोक निर्माण विभाग से रिटायर हुए अमर सिंह रणौत, राकेश कुमार, सुभाष चंद, कुलदीप सिंह व अनीता संदल आदि का आरोप है कि गरली में लंबे अर्से से चल रहे एकमात्र को-ऑपरेटिव संस्थान में हिमाचल के कोने से हर साल दर्जनों बच्चे ट्रेनिंग लेने आते हैं। कई लोगों ने बच्चों को अपने मकान किराए पर दिए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि सरकार ने अगर उक्त संस्थान को ऊना शिफ्ट किया तो मजबूरन लोगों को संघर्ष के लिए सड़कों पर उतरना पड़ेगा।

### पैरा पंप ऑपरेटर का शारीरिक परीक्षण 27 को

**जयसिंहपुर।** जल शक्ति मंडल जयसिंहपुर के एक्सईएन संजय ठाकुर ने बताया कि मंडल जयसिंहपुर के तहत पैरा पंप ऑपरेटर, पैरा फीटर व मल्टी पर्पज वर्कर्स के लिए कौशल, शारीरिक परीक्षण के लिए चयनित उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। संजय ठाकुर ने बताया कि यह सूची एक्सईएन कार्यालय झूंगादेवी एसडीओ कार्यालय जल शक्ति झूंगा देवी व एसडीओ जलशक्ति कार्यालय पंचरुखी के नोटिस बोर्ड पर लगा दी गई है। पैरा पंप ऑपरेटर का शारीरिक परीक्षण 27 व 28 अगस्त को, पैरा फीटर का 30 अगस्त व मल्टी पर्पज वर्कर्स का शारीरिक परीक्षण 2 से 5 सितंबर को आयोजित होगा।

# 10वीं की अनुपूरक परीक्षा का परिणाम घोषित

## परीक्षा में कुल 10288 विद्यार्थियों ने लिया था भाग, 7217 हुए पास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**




हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला ने जुलाई-2024 में बोर्ड द्वारा संचालित की गई दसवीं कक्षा की अनुपूरक परीक्षा, अतिरिक्त विषय तथा श्रेणी सुधार की परीक्षा का परिणाम शुक्रवार को घोषित किया। कुल 10288 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। इसमें से 7217 ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। वहीं अनुपूरक परीक्षा में 2925 परीक्षार्थियों का परिणाम 72.6 प्रतिशत रहा।

यह जानकारी देते हुए बोर्ड के अध्यक्ष तथा डीसी कांगड़ा हेमराज बैरवा ने बताया कि परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए बोर्ड मुख्यालय में कार्य दिवस के दौरान दसवी कक्षा के परीक्षा परिणाम से संबंधित जानकारी के लिए दूरभाष नंबर 01882-242110 (शिमला, सिरमौर, लाहुल स्पीति, किन्नौर), (01892-242128 (कुल्लू, ऊना, सोलन), 01892-242148 (हमीरपुर, चंबा, बिलासपुर), 01892-242149 (कांगड़ा) तथा 01892-242151 (मंडी) पर सुबह 10 बजे से लेकर सायं 5 बजे तक संपर्क कर सकते हैं। परीक्षापरिणाम बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध है। शिक्षा बोर्ड द्वारा उक्त परीक्षा में उत्तीण परीक्षार्थियों की सुविधा हेतू प्रमाण पत्रों की प्रतियां डिजीलॉकर पर भी उपलब्ध करवाई जा रही है।

उक्त परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन, पुनर्निरीक्षण करवाने के इच्छुक परीक्षार्थी संबधित पाठशाला के माध्यम से केवल ऑनलाइन प्रणाली द्वारा बोर्ड की वेबसाइट पर मुनर्मूल्यांकन हेतु 500 रुपए व पुनर्निरीक्षण हेतु 400 रुपए प्रति विषय की दर से 7 सितंबर तक आवेदन कर सकते हैं।

# सार्वजनिक स्थल पर कूड़ा फेंकने पर होटल को पांच हजार रुपए का जुर्माना

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

नगर निगम ने सार्वजनिक स्थल पर नियमों का उल्लंघन कर कूड़ा कर्कट फेंकने पर एक होटल मालिक पर 5000 रुपए का जुर्माना लगाया है। नगर निगम में इस कोताही पर संबंधित होटल मालिक को चेतावनी भी दी है। दरअसल पालमपुर में सौरभ वन विहार के निकट एक वाहन में भरकर कूड़ा फेंकने का मामला सामने आया था। इस पर नगर निगम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वहां का पता लगाने के लिए लाइसेंसिंग अथॉरिटी से जानकारी प्राप्त की तथा नगर निगम की जांच में सामने में आया कि एक होटल के कर्मचारियों द्वारा महिंद्रा पिकअप में कूड़ा भरकर उस स्थान पर फेंका गया था। ऐसे में नगर निगम ने उक्त होटल संचालक को नोटिस जारी किया। वहीं होटल प्रबंधन को नगर निगम कार्यालय में तलब किया गया। नगर निगम ने हिमाचल प्रदेश नॉन बायोडिग्रेडेबल अधिनियम 1995 के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए संबंधित होटल मलिक को 5000 रुपए का जुर्माना किया है। नगर निगम के आयुक्त डॉक्टर आशीष शर्मा ने बताया कि होटल मालिक को चेतावनी भी दी गई है। नगर निगम स्वच्छता को लेकर पूरी तरह से सजग है तथा पालमपुर को स्वच्छ रखने के लिए आम जनमानस का सहयोग अपेक्षित है।

### धर्मशाला कॉलेज में एनसीसी कैडेट्स ने किया पौधरोपण




**धर्मशाला।** गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज धर्मशाला में 1 एचपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी सोलन द्वारा शुक्रवार को पौधरोपण किया गया। गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज के प्रधानाचार्य राकेश पठानिया एवं वन एचपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी सोलन की एएनओ कैप्टन डॉक्टर मोनिका शर्मा ने कैडेट्स के साथ पौधरोपण किया। साथ ही कैडेट्स को वृक्षों के महत्व एवं उनके हमारे जीवन में उपयोगिता के बारे में कैडेट्स को पूर्ण जानकारी प्रदान की। आज वृक्षारोपण के कार्य में सभी कैडेट्स ने बढ़ -चढ़कर हिस्सा लिया। प्रधानाचार्य ने उपस्थित सभी कैडेट्स को वृक्षों की देख रेख एवं अधिक से अधिक वृक्षारोपण के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही न केवल कॉलेज अपितु अपने घरों में भी वृक्षारोपण के लिए कैडेट्स को प्रेरित किया।

### ज्वालाजी कॉलेज का श्री साई यूनिवर्सिटी के साथ एमओयू

**पंकज सोनी, ज्वालामुखी**



स्वतंत्रता सेनानी पंडित सुशील रत्न, राजकीय डिग्री कॉलेज, ज्वालाजी ज्वालामुखी और श्री साई विश्वविद्यालय पालमपुर के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए। इस समझौते के दस्तावेजों के लागू होने से छात्रों को शैक्षणिक, करियर संबंधी और रोजगार के अवसर भी मिलेंगे।

यह दस्तावेज 5 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर काम करेगा जिसमें संकाय विकास, रोजगार, प्रशिक्षण कार्यक्रम और शोध को बढ़ावा मिलेगा। एमओयू साइन करने के दौरान ज्वालाजी कालेज के प्राचार्य व श्री साई यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर उपस्थित रहे। इस समझौते में छात्रों को प्रोत्साहित करना तथा विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों पर व्याख्यान की सुविधा उपलब्ध कराना शामिल है। इस दस्तावेज पर ज्वालाजी महाविद्यालय के प्राचार्य डा. सुशील कुमार बस्सी और प्रोफेसर वीपी पटियाल, डीन साई विश्वविद्यालय पालमपुर ने हस्ताक्षर किए। प्राचार्य डॉ. सुशील कुमार बस्सी ने इस दस्तावेज को महाविद्यालय के विकास के लिए मील का पत्थर बताया। (अनंत ज्ञान)

# विद्यार्थियों को अंतरिक्ष के क्षेत्र में भविष्य बनाने के लिए किया प्रेरित

## जीजीडीएसडी कॉलेज में मनाया गया पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म (जीजीडीएसडी) राजपुर कॉलेज में पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया। सीएसआईआर आईएचबीटी में बतौर प्रिंसीपल साइंटिस्ट कार्यरत डॉक्टर अमित चावला ने कॉलेज के विद्यार्थियों को इस अवसर पर व्याख्यान दिया।

चंद्रयान-3 मिशन की ऐतिहासिक सफलता की याद में 23 अगस्त को आधिकारिक रूप से राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में घोषित किया गया है, जो भारत की बढ़ती अंतरिक्ष क्षमताओं का प्रतीक है।



प्रिंसीपल साइंटिस्ट डाक्टर अमित चावला ने विद्यार्थियों को बताया कि कैसे विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर के साथ चंद्रयान-3 मिशन ने 23 अगस्त 2023 को चंद्रमा पर सफलतापूर्वक उतरकर इतिहास रचा और विश्व में अपना नाम रोशन किया। उन्होंने अपने व्याख्यान में विभिन्न सेटीलाइट्स की जानकारी भी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को अंतरिक्ष के क्षेत्र में भविष्य बनाने के लिए भी प्रेरित किया और इस क्षेत्र में रोजगार के विभिन्न क्षेत्रों की भी जानकारी दी।

**एडवेंचर** बैजनाथ के बीड़-बिलिंग में दो से 9 नवंबर तक आयोजित होगा पैराग्लाइडिंग विश्व कप

# प्रदेश में पैराग्लाइडिंग वर्ल्ड कप होना गौरव की बात: किशोरी लाल

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

बीड़-बिलिंग में 2 से 9 नवंबर तक पैराग्लाइडिंग वर्ल्ड कप -2024 का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी मुख्य संसदीय सचिव पशुपालन, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज किशोरी लाल ने बीड़ स्थित आपास होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता में दी।



उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश, जिला कांगड़ा विशेष कर बैजनाथ के लिए बड़ी गौरव की बात है कि पैराग्लाइडिंग वर्ल्ड कप का आयोजन बीड़-बिलिंग में किया जा रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कांगड़ा ज़िला को पर्यटन राजधानी का दर्जा देकर जिला में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने का अनुकरणीय निर्णय लिया है।

सीपीएस ने कहा कि कांगड़ा के हवाई अड्डे के विस्तार को मंजूरी प्रदान करने के साथ इसके निर्माण से विस्थापित होने वाले प्रत्येक परिवार के लिए मुआवजा राशि भी तय की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि देहरा के बनखंडी में अंतरराष्ट्रीय स्तर के ज़ू का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बैजनाथ के बीड़-बिलिंग क्षेत्र में साहसिक खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिये सरकार गंभीर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के विशेष प्रयासों से बीड़-बिलिंग में पैराग्लाइडिंग के वर्ल्ड कप का आयोजन इस दिशा में मील पत्थर साबित होगा।

उन्होंने बीड़-बिलिंग पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन को बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार इस आयोजन के लिए हर संभव सहायता उपलब्ध करवाएगी। उन्होंने कहा कि बीड़- बिल्डिंग क्षेत्र को साहासिक खेल गतिविधियों के केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए गंभीर प्रयास जारी हैं, ताकि यहां पैराग्लाइडिंग के साथ-साथ अन्य साहासिक खेल गतिविधियों को भी शामिल आयोजन किया जा सके। (अनंत ज्ञान)

### 5 एडवेंचर स्पोर्ट्स चैंपियनशिप की भी घोषणा

मुख्य संसदीय सचिव ने 5 एडवेंचर स्पोर्ट्स चैंपियनशिप की भी घोषणा की, जो महोत्सव का हिस्सा होंगी। इसमे मोटोक्रॉस, रिवर राफ्टिंग, मैराथन, साइक्लाथन और 4×4 टीएसडी रैली शामिल हैं। उन्होंने बताया कि यह पैराग्लाइडिंग वर्ल्ड कप इंडिया 2024 के समानांतर होगा। जहां 50 से अधिक देशों के 130 पायलट खेल के सबसे चुनौतीपूर्ण और रोमांचक वातावरण में प्रतिस्पर्धा करेंगे। बीड़ बिलिंग की मनोरम घाटी अपनी उत्कृष्ट थर्मल्स और शानदार दृश्यों के लिए प्रसिद्ध है, जो क्रॉस-कंट्री पैराग्लाइडिंग के लिए अनुकूल है।

## न्यूज ब्रीफ

### बैजनाथ कॉलेज में नए एनसीसी कैडेट्स का चयन



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ में एनसीसी प्रथम वर्ष के छात्र छात्राओं की चयन प्रक्रिया का आयोजन शुक्रवार को हुआ। इस चयन प्रक्रिया में राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ के एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉक्टर विक्रम सिंह तथा 5 हिमाचल प्रदेश स्वतंत्र कंपनी एनसीसी धर्मशाला के जेसीओ सूबेदार सुरेश कुमार, हवलदार रिशी दयाल रिशी, हवलदार सुनील कुमार की उपस्थित रहे। राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ मैं इस वर्ष एनसीसी की चयन प्रक्रिया में कुल 90 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जिसमें 24 कैडेट्स को एनसीसी प्रथम वर्ष मैं चयनित किया गया। चयन प्रक्रिया में दौड़, चिकित्सा परीक्षण और साक्षात्कार शामिल थे। चयनित कैडेट्स को उनकी उत्कृष्ट शारीरिक और मानसिक क्षमता के आधार पर एनसीसी में स्थान दिया गया। राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ के एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉक्टर विक्रम सिंह तथा प्रधानाचार्य डॉक्टर प्रदीप कौंडल ने सभी चुने गए एनसीसी कैडेट्स को बधाई दी और उनका मनोबल बढ़ाया।

### पक्का परोह में बाइक और स्कूटी में टक्कर

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** जसवां-परागपुर विधानसभा क्षेत्र के तहत पड़ती पुलिस चौकी डाडासीबा के अंतर्गत पड़ते पक्का परोह के पास मोड़ पर एक बाइक व स्कूटी के बीच में भिड़ंत हो गई, जिसमें स्कूटी नंबर एचपी 36डी 9118 पर सवार व्यक्ति एक्सीडेंट की वजह से जख्मी हो गया है। बताया जा रहा है दूसरी ओर शीतला मंदिर की तरफ से आ रही मोटरसाइकल नंबर पीबी29-3372 के चालक सुखदीप सिंह द्वारा स्कूटी चालक को टक्कर मार दी। मामले की पुष्टि करते हुए थाना प्रभारी देहरा संदीप पठानिया ने कहा कि पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्यवाई शुरू कर दी है।

### खनियारा में दिव्यांगों को बांटे सहायक उपकरण



**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** केंद्र सरकार की दिव्यांग व्यक्तियों को सहायक उपकरण खरीद के लिए दी जाने वाली सहायता (एडीआइपी) योजना के तहत चयनित विशेष बच्चों और वरिष्ठ लोगों को सहायक उपकरण बांटे गए। भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एएलआइएमसीओ) की ओर से शुक्रवार को निशुल्क उपकरण वितरण शिविर खनियारा के ठेहड़ स्थित सूर्योदय चैरिटेबल ट्रस्ट में लगाया गया। इसमें जून में लगाए शिविर में चिह्नित किए गए 56 लाभार्थियों को उपकरण बांटे गए। इस दौरान लाभार्थियों को व्हील चेयर, ट्राई साइकिल, वाकिंग स्टिक्स, कृत्रिम अंग सहित अन्य प्रकार के उपकरण दिए गए। शिविर में मुख्य अतिथि के तौर पर दीनदयाल दिव्यांग पुनर्वास योजना, जिला विकलांगता पुनर्वास केंद्र, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अवर सचिव राम चंद्र मीना और जिला कांगड़ा के सहायक उपायुक्त सौरभ जस्सल उपस्थित हुए। इस मौके पर राम चंद्र मीना ने केंद्र सरकार की ओर से सूर्योदय चैरिटेबल ट्रस्ट को पूर्ण रूप से सहयोग करने का आश्वासन दिया।

# राज्य में बनाए जा रहे 430 हर्बल गार्डन : पठानिया

## उपमुख्य सचेतक और शाहपुर के विधायक ने चड़ी में राष्ट्रीय अश्वगंधा अभियान के तहत लोगों को पौधे किए वितरित

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि राज्य में 430 हर्बल गार्डन स्थापित किए जा रहे हैं, ताकि आम जनमानस को हर्बल पौधों के औषधीय उपयोग के बारे में जागरूक किया जा सके। शुक्रवार को शाहपुर विस क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चड़ी में राष्ट्रीय अश्वगंधा अभियान के आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने लोगों को अश्वगंधा के पौधे वितरित करने के उपरांत कहा कि लोगों के स्वास्थ्य को सुधारने के लिए राष्ट्रीय अश्वगंधा अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके तहत लोगों को अश्वगंधा की खेती करने, उनके उपयोग तथा इसके लाभों के बारे में जानकारी प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि अश्वगंधा रोग प्रतिरोधक शक्ति की बढ़ाने वाला ओषधीय पौधा है और इसका उपयोग पारंपरिक भारतीय आयुर्वेदिक चिकित्सा में हजारों सालों से किया जाता रहा है। उपमुख्य सचेतक ने कहा कि प्रदेश में राष्ट्रीय अश्वगंधा अभियान के अंतर्गत अश्वगंधा के 2 लाख पौधे वितरित किये जा रहे हैं जबकि जिला कांगड़ा में 20 हजार पौधे वितरित किए जा रहे हैं।





### डडयारा कॉलोनी में सड़क का किया निरीक्षण

**उपमुख्य** सचेतक केवल पठानिया चड़ी पंचायत के अंतर्गत डडयारा कॉलोनी में सड़क का निरीक्षण किया तथा लोगों की समस्याओं को भी सुना। उन्होंने ग्रामीण विकास विभाग को पानी की उचित निकासी का प्राकलन बनाने तथा सड़क को ठीक करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि यहां पर एक हैंडपंप तथा सोलर लाइट भी लगा दी जाएंगी। कॉलोनी में पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया।

### प्रदेश सरकार बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए कृतसंकल्प

**उपमुख्य** सचेतक ने कहा कि वर्तमान सरकार बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए कृतसंकल्प है तथा टांडा मेडिकल कॉलेज में विभिन्न पदों को भरा जा रहा है ताकि लोगों को उपचार की सुविधा मिल सके। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में जल शक्ति विभाग द्वारा जल जीवन मिशन तथा अन्य विकास कार्यों पर 10 करोड़ 30 लाख रुपए व्यय किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त रूल्ला दी कूहल के लिए 25 लाख की धनराशि जारी कर दी गयी है। उन्होंने कहा ग्राम पंचायत चड़ी में पिछले 18 माह के कार्यकाल में विभिन्न विकास कार्यों पर 57 लाख रुपए व्यय किए गए हैं। रावमापा चड़ी में 18 लाख 45 हजार व्यय करके अतिरिक्त कमरों का निर्माण कार्य प्रगति पर इस अवसर पर आयुष विभाग के डॉ आशीष राणा ने मुख्यातिथि तथा अन्य आये हुए मेहमानों का स्वागत किया। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. हरीश भारद्वाज ने इस अभियान बारे विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने इस दिव्य पौधे अश्वगंधा के बारे विस्तृत जानकारी दी तथा आयुष विभाग द्वारा कार्यन्वित किये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों बारे भी अवगत करवाया। अश्वगंधा अभियान के तहत स्कूल के बच्चों ने स्लोगन, पेंटिंग्स तथा क्विज प्रतियोगिता में भाग लिया। विजेताओं को मुख्य सचेतक केवल पठानिया ने स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

# अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिरा ट्रैक्टर, ड्राइवर की मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



जिला की पुलिस चौकी कोटला के तहत हुए एक हादसे में चालक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार भाली में तीखे मोड़े पर एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गया। हादसे में चालक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कोटला की तरफ आ रहा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गया। इस हादसे में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे घायलावस्था में शाहपुर के सरकारी अस्पताल ले जाया गया।

यहां डॉक्टरों ने हालत को गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज टांडा रेफर कर दिया। जहां डॉक्टरों ने ट्रैक्टर चालक को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान सियूंह के 27 वर्षीय मुनीत कुमार के रूप में हुई है। मृतक अपने पीछे चार साल का बेटा और पत्नी को छोड़ गया है। वहीं, पुलिस चौकी प्रभारी कोटला एसआई संजीव धामी ने पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है। टांडा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पोस्टमार्टम के उपरांत मृतक के शव को परिजनों को सौंप दिया गया है।

# टांडा में मरीजों को कतारों में करना पड़ा इंतजार

## सुबह 9 बजे अस्पताल पहुंच गए लोग दोपहर 12 बजे तक लाइनों में ही खड़े रहे

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल टांडा में शुक्रवार को अस्पताल की हड्डी रोग की ओपीडी में सुबह से ही रोगियों को घंटों कतारों में लगकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। टांडा में हड़ताल के बाद जैसे ही ओपीडी व अन्य स्वास्थ्य सेवाएं सुचारु रूप से शुरू हुईं तो यहां उपचार हेतु आए मरीजों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा।





खुंडियां से आए सुभाष चंद,जोगिंद्रनगर से सरला देवी, भवारना से आए प्रताप चंद, कोटला से सुलेखा देवी बाबा बड़ोह से ओम प्रकाश, ज्वालाजी से उषा देवी, हरिपुर-गुलेर से किरण बाला, नादौन से कृष कुमार गुप्ता एवं अन्य कई मरीजों ने कहा कि वे सुबह 9 बजे से पहले ही यहां पहुंच गए थे और और जैसे ही पर्ची काउंटर खुला तो वे अपनी-अपनी पर्चियां बनवा कर लाइनों में लग गए। परंतु दोपहर 12 बजे तक लाइनों में ही खड़े रहना पड़ा।

बता दें कि अस्पताल की ओपीडी में इतना रश था कि पैर रखने की भी जगह नहीं थी। ओपीडी में सप्ताह भर में एक-एक डॉक्टर ही बारी-बारी अपनी सेवाएं देते है। परंतु टांडा में कोलकाता घटना के विरोध में 4 दिन हड़ताल के चलते सभी ओपीडी वा अन्य सेवाएं बंद थी जोकि बुधवार को हड़ताल के खत्म होने पर शुरू हुई परंतु रेजिडेंट डॉक्टरों ने हड़ताल जारी रखी थी, जो कि शुक्रवार को खत्म की और वापिस कामकाज पर लोटे। लेकिन इस समस्या से निपटने के लिए अस्पताल प्रशासन को विकल्प के तौर पर एक अन्य ओपीडी भी चलानी चाहिए थी, ताकि लोगों को इन सभी मुश्किलों से न गुजरना पड़े। टांडा मेडिकल कॉलेज के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अशोक वर्मा से बात की तो उन्होंने कहा कि अस्पताल में चार दिन स्ट्राइक थी, जिस कारण सभी ओपीडी बंद थीं। हड़ताल के खत्म होने से बुधवार से ही चली। लोगों को आ रही इन समस्याओं को जल्द ही दूर कर दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# आशीष बुटेल ने बंड बिहार में बारिश से हुए नुकसान का लिया जायजा

## कहा, आपदा की इस घड़ी में प्रदेश सरकार प्रभावित लोगों के साथ

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

मुख्य संसदीय सचिव शहरी विकास एवं शिक्षा आशीष बुटेल ने शुक्रवार को ग्राम पंचायत बंड बिहार में भारी वर्षा से हुए नुकसान का जायजा लिया और प्रभावित लोगों से मिले। आशीष ने कहा कि भारी वर्षा के कारण चौधरी सरवन कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर का तालाब टूटने से अचानक आए पानी से लोगों की जमीन और घरों को नुकसान हुआ है। सीपीएस ने कहा कि प्रशासन को प्रभावित लोगों को तुरंत राहत उपलब्ध करवाने के लिए दिशा- निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि आपदा की इस घड़ी में सरकार तथा वे स्वयं प्रभावित लोगों के साथ हैं और लोगों को हरसंभव सहायता उपलब्ध करवाने का प्रयास किया जा रहा है।



उन्होंने कहा कि अधिकारियों को बरसात में हुए नुकसान का आंकलन तैयार कर सरकार को रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि अधिक वर्षा के कारण पालमपुर विधान सभा क्षेत्र में सड़कों, पेयजल योजनाओं और बिजली के ट्रांसफॉमर और तारों को भी नुकसान हुआ है। इन्हें भी शीघ्र बहाल करने के दिशा- निर्देश अधिकारियों को दिये गये हैं ताकि लोगों को असुविधा सामना नहीं करना पड़े।

# रोड़ी-कोड़ी में किन्नर समुदाय के लिए बधाई राशि निर्धारित

**पिंकी, डाडासीबा**

ग्राम पंचायत रोड़ी-कोड़ी में मनमाने ढंग से बधाई मांगने वाले किन्नर समुदाय पर अब कानूनी कार्रवाई होगी। ग्रामीणों की इस गंभीर समस्या को लेकर ग्राम पंचायत प्रधान बलवीर सिंह ने कड़ा संज्ञान लेते हुए किन्नर समुदाय के लिए बधाई राशि निर्धारित कर दी है।



पंचायत प्रधान ने जानकारी देते हुए कहा कि लोगों की बार-बार आ रही शिकायत पर पंचायत प्रस्ताव पारित करके इसकी प्रतिलिपि एसडीएम, डीएसपी अनिल ठाकुर व जिलाधीश कांगड़ा के ध्यानार्थ भेजी जाएगी। बलवीर सिंह ने कहा कि रोड़ी-कोड़ी ग्राम पचायत के तमाम क्षेत्र मे 2100 रुपए तक बधाई राशि निर्धारित की गई है। अगर इससे ज्यादा बधाई लेने पर कोई भी किन्नर जिद्द करता है तो नियमों अनुसार जहां पंचायत सख्त कार्रवाई करेगी। वहीं, इसकी शिकायत तुरंत एसडीएम, डीएसपी से भी की जाएगी। कहा कि स्थानीय ग्रामीणों की शिकायत के अनुसार इलाके में शादी हो या फिर पुत्र जन्म वहां किन्नर समुदाय के लोग बीपीएल गरीब परिवारों को भी नहीं देखते है और उनके घर में जाकर 11 या 21 हजार रुपए बधाई राशि लेने की जिद्द पर अड़ जाते हैं। ये किन्नर समुदाय के लोग उस वक्त तक वहां से नहीं हिलते जब तक उन्हें मुंह मांगी बधाई नहीं मिल जाती, जिससे हर कोई ग्रामीण परेशान हो चुका है। उन्होंने कहा कि अब पंचायत द्वारा जो बधाई राशि निर्धारित की गई है अगर इससे ज्यादा बधाई लेने की अगर जिद्द करते हैं तो पंचायत कानूनी कार्रवाई अमल में लाएगी। (अनंत ज्ञान)

# प्रताप वर्ल्ड स्कूल के छात्रों ने राष्ट्रपति के साथ मनाया रक्षाबंधन का त्योहार

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

प्रताप वर्ल्ड स्कूल इंदौरा की प्रिंसिपल रेणु परमार व एमडी डॉ. रिचा महाजन की अध्यक्षता में बच्चों ने रक्षाबंधन के पावन अवसर पर अपने देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को राखी बांध कर इस पर्व को मनाया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बच्चों की वर्दी को खूब साराहा व उनसे बात की।

राष्ट्रपति से अध्यापिका गुरजीत कौर और बच्चे समर प्रताप कटोच, हितैषी शर्मा, पूर्ववंशी ठाकुर, प्रनिल रॉय, उद्धव ठाकुर ने मुलाकात की। इनकी मुलाकात जयंत चौधरी से भी हुई, जो कि आरएलडी के अध्यक्ष और कौशल विकास उद्यमिता मंत्री और उत्तर प्रदेश से राज्यसभा सदस्य हैं। उन्होंने भी बच्चों से कहा कि आपकी वर्दी बड़ी अलग और अच्छी है। आप कहां से हो ? बच्चों ने बताया कि हिमाचल से फिर मंत्री ने बोला ग्रीन स्टेट ग्रीन यूनिफॉर्म वैसे मेरी पार्टी का झंडा बी सेम कलर का है।



नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भेंट करते प्रताप वर्ल्ड स्कूल इंदौरा के विद्यार्थी।

डायरेक्टर डॉ. विशाल महाजन ने बताया कि इंदौरा क्षेत्र के बच्चों के लिए यह सुनहरा मौका था कि उनकी मुलाकात राष्ट्रपति से हुई। उन्होंने कहा कि प्रताप वर्ल्ड स्कूल बच्चों की प्रतिभा को उजागर करने में हमेशा से प्रयत्नशील रहा है और भविष्य में भी रहेगा। (अनंत ज्ञान)

# पठानकोट में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला बुजुर्ग महिला का शव



**अनंत ज्ञान, पठानकोट**

शहर पठानकोट के भदरौया न्यू टीचर कॉलोनी में शुक्रवार को उस समय दशहत फैल गई, जब एक बुजुर्ग महिला, जोकि घर में अकेली थी का शव मिला है। महिला का पति, जोकि सेल-परचेज इत्यादि का काम करता है, जब घर में बार-बार फोन किया तो किसी ने नहीं उठाया। जब वह घर में पहुंचा तो उसने महिला को बेहोश पाया। महिला के दामाद सुनील शर्मा ने बताया कि उसे उसके ससुर का फोन आया, जिसने सारी घटना के बारे में बताया। वह तुरंत घर में पहुंचे तो अपनी सास 67 वर्षीय नीलम को डॉक्टर के पास ले गए, यहां डाक्टर ने बताया कि उनकी मौत हो चुकी है। उन्होंने बताया कि उसकी सास के कान से खून बह रहा था। वहीं उनकी सोने की बालिया और हाथां में पहनी गई चूड़िया भी गायब थीं। घर में पड़ा साढ़े चार लाख रुपए का कैश भी गायब था।

इसकी सूचना पुलिस को दी गई, जिस पर तुरंत मौके पर पहुंची पुलिस ने प्राथमिक तौर पर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि महिला के घर के बाहर एक वाइट कलर की स्कूटी खड़ी थी। महिला मौके पर पुलिस की ओर से जांच शुरू कर दी गई है। मौके पर महिला के भाई राज कुमार राजू ने कहा कि ज्यादातर समय उनकी बहन घर में अकेली ही होती थी, पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही सारी स्थिति के बारे में पता चल पाएगा।

# पुलिस ने मान सिंघपुरा में ड्रोन के साथ पकड़ा व्यक्ति

**अनंत ज्ञान, पठानकोट**

पुलिस ने पठानकोट के हलका भोआ के गांव मान सिंघपुरा में एक व्यक्ति को ड्रोन के साथ पकड़ा है। गांववालों ने पुलिस को हालांकि देर रात ड्रोन होने की सूचना दी थी लेकिन, तब पुलिस को कुछ नहीं मिला। सुबह पुलिस और घातक कमांडों दोबारा जांच के लिए पहुंचे और आरोपी सोहन लाल ने ड्रोन पुलिस हवाले किया। डीएसपी मनिंदर सिंह थापर ने कहा कि पुलिस ने सोहन लाल के खिलाफ थाना नरोट जैमल सिंह में बनती धाराओं तहत केस दर्ज करके आरोपी को कोर्ट में पेश करने की तैयारी कर ली है। कोर्ट में पेश कर रिमांड हासिल किया जाएगा, ताकि यह पता लगाया जा सके कि उक्त आरोपी ड्रोन कहां से लेकर आया। हालांकि पुलिस ने क्षेत्र का चप्पा-चप्पा भी खंगाला है और पुलिस को ड्रोन के अलावा कुछ नहीं मिला।



# पोस्टर व मॉडल प्रदर्शनी का किया आयोजन

**नूरपुर।** राजकीय आर्य महाविद्यालय नूरपुर में भौतिक विभाग और ऊर्जा क्लब द्वारा देश का प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार ठाकुर की अध्यक्षता में मनाया गया। इस अवसर पर भारतीय अंतरिक्ष उपलब्धियों पर भौतिक विभाग प्रयोगशाला में प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने चंद्रयान - 3 के मॉडल प्रस्तुत किए। पोस्टर प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने इसरो की उपलब्धियों, भारतीय अंतरिक्ष यात्रा को प्रस्तुत किया। मॉडल प्रदर्शनी में प्रथम स्थान पर राहुल, साहिल, अक्षित, आयुष ग्रुप रहा।

# विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण में शामिल करने का किया विरोध

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (साडा) बीड़-बिलिंग के विरोध में शुक्रवार को स्थानीय फॉरेस्ट रेस्ट हाउस में एक बैठक हुई, जिसमें 150 के लगभग क्षेत्र के निवासी शामिल रहे। सीपीएस और स्थानीय विधायक किशोरी लाल ने भी इस बैठक में शिरकत करके लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने खुद इस विषय पर अनभिज्ञता व्यक्त की कि कब यह नोटिफिकेशन जारी हो गई। इसके बारे में उन्हें और स्थानीय पंचायतों तक को कोई भनक नहीं लगी। स्थानीय लोगों ने ग्राम पंचायत प्रधानों के माध्यम से उन्हें ज्ञापन सौंपे जिस पर सीपीएस ने उन्हें विश्वास दिलाया कि वह शिमला जाकर मुख्यमंत्री से 30 अगस्त तक इस विषय में बात करेंगे और विभाग के सेक्रेटरी से जवाब तलब इस विषय पर किया जाएगा कि किस प्रकार से लोगों की जानकारी के बिना उनके ऊपर कानून थोप दिया गया। बताते चलें कि हाल ही में बीड़ बिलिंग विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण का दायरा बढ़ाकर उसमें गुनेहड के बचे हुए मुहाल, भट्टू पंचायत और संसाल पंचायत के भारग मुहाल को मिला दिया गया है। जिससे लोगों में नाराजगी बहुत अधिक बढ़ गई है।



## न्यूज ब्रीफ

### सीताराम ने कढ़ीयार अस्पताल को दान की मशीनें



**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** आयुष विभाग हमीरपुर के कढ़ीयार अस्पताल में पूर्व खंड प्रारंभिक अधिकारी सीताराम निवासी चरियां दी धार ने ईसीजी मशीन, ऑक्सीजन उपकरण, इन्वर्टर दान किए। सीताराम खंड प्रारंभिक अधिकारी के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। इन उपकरणों का लाभ लगवालती क्षेत्र के दर्जनों गावों के लोगों को मिलेगा। इससे पहले लोगों को ईसीजी करवाने के लिए टौणी देवी व हमीरपुर जाना पड़ता था। अब यह सुविधाएं इलाकावासियों को कढ़ीयार में ही मिल जाएंगी। इस अवसर पर अस्पताल को उपकरण दान करने के लिए डॉ जोगिंद्र ठाकुर, डॉ. चंदा चोपड़ा ने सीताराम का आभार व्यक्त किया है।

### क्विज प्रतियोगिता में मार्स टीम प्रथम



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** डाइट हमीरपुर में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया जिसमें विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डाइट के प्रधानाचार्य मदन लाल बन्याल ने किया। इसमें सबसे पहले अंतरिक्ष से संबंधित विभिन्न प्रकार के चार्ट तथा मॉडल की प्रदर्शनी लगाई जिसमें प्रशिक्षुओं ने अद्भुत प्रदर्शन किया। इसके पश्चात भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें डाइट के प्रशिक्षुओं कोमल, राज कुमार, रिजुल तथा दिया ने भाग लिया। तत्पश्चात अंतरिक्ष संबंधित प्रश्नोत्तरी की प्रतियोगिता कराई गई जिसमें गैलेक्सी, आर्यभट्ट, स्टार तथा मार्स टीम ने भाग लिया। क्विज मास्टर चेतना, अनिल और मिलाप ने डाइट के प्रशिक्षुओं से अंतरिक्ष से संबंधित प्रश्न पूछे जिसमें टीम मार्स प्रथम स्थान पर रही। कार्यक्रम के प्रभारी सुनील कुमार ने बच्चों को कहा कि आज के समय में अंतरिक्ष के ज्ञान में वृद्धि करना अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर डाइट की फैकल्टी सुनील, नरेंद्र, प्रताप, राकेश, पूनम, नीलम, सुनीता, तिलक आदि उपस्थित रहे।

### बाल स्कूल में मनाया राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पीएम श्री शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हमीरपुर में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में भाषण और चित्रकला प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें बच्चों ने उत्साहित होकर भाग लिया। चित्रकला गतिविधि में अंकुश, नैतिक, माइकल, वंश, शिवम चैधरी व पीयूष डोगरा ने भाग लिया। भारतीय वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की अंतरिक्ष से संबंधित उपलब्धियां पर भाषण गतिविधि में कक्षा आठवीं के अथर्व ठाकुर व अंकित राज ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में जिला विज्ञान पर्यवेक्षक राजेश गौतम उपस्थित रहे व उन्होंने स्कूली बच्चों को अंतरिक्ष अनुसंधान कार्यक्रमों की जानकारी उपलब्ध कराई। इस कार्यक्रम में उपप्रधानाचार्य सुषमा कुमारी, प्रवक्ता बायोलॉजी अचला शर्मा, विज्ञान अध्यापिका मधु पटियाल, संजीवनी पुरी व शुभलता भी उपस्थित रही। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार भी वितरित किए गए।

### समीक्षा में स्कूल को गोद लेने ही दिए निर्देश



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** शिक्षा विभाग और समग्र शिक्षा द्वारा डाइट हमीरपुर में आयोजित 15- दिवसीय इंडक्शन ट्रेनिंग के तीसरे दिन प्रतिभागियों ने समीक्षा की और चार सत्रों में भाग लिया। पहले सत्र में स्रोत व्यक्ति कल्पना बन्याल ने पौधों और मानव शरीर की हलचल के बारे में चर्चा की दूसरे सत्र में स्रोत व्यक्ति अरुण कांत अत्री ने पाचन तंत्र के बारे में बताया। तीसरे सत्र में अत्री ने श्वसन तंत्र के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। चौथे सत्र में स्रोत व्यक्ति कपिल ने हिमाचल में गुणवत्ता शिक्षा पर चर्चा की जिसमे स्मार्ट वर्दी और स्कूल को गोद लेने के दिशा निर्देश शामिल थे। स्रोत व्यक्ति पूनम रागी ने स्वास्थ्य और स्वच्छता पर चर्चा की, जिसमें स्वच्छता वेंडिंग मशीन शामिल थी। जिला समन्वयक पुनीत कुमार ने बताया कि यह ट्रेनिंग शिक्षकों को अपने कार्य में और अधिक कुशल बनाने में मदद कर रही है। तीसरे दिन प्रतिभागियों ने चार्ट के द्वारा विषय की प्रस्तुति दी।

### परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण पर कार्यशाला आयोजित



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान हमीरपुर स्थित गौना करौर में परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला बिलासपुर, हमीरपुर तथा ऊना के 95 प्रतिभागियों ने कार्यशाला में भाग लिया। शिक्षा उपनिदेशक उच्च जिला ऊना राजेंद्र कौशल तथा जिला हमीरपुर के उपनिदेशक अनिल कौशल ने संयुक्त रूप से कार्यशाला की अध्यक्षता की। कार्यशाला में आगामी परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण के पहलुओं परचर्चा की गई। शिमला से विशेष रूप से पधारे स्रोत व्यक्ति डॉ. सुनील कमल तथा संझली जैन ने प्रतिभागियों के प्रश्नों का उत्तर दिया। संयोजक सचिव एवं जिला परियोजना अधिकारी हमीरपुर मदन बन्याल ने सभी का कार्यशाला को सफल बनाने के लिए धन्यवाद किया।

### संपर्क फाउंडेशन ने अध्यापकों को बांटे टीवी डिवाइस



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** डाइट हमीरपुर में शुक्रवार को संपर्क फाउंडेशन द्वारा एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ डाइट के प्रधानाचार्य और जिला परियोजना अधिकारी मदन लाल बन्याल ने किया। इस अवसर पर संपर्क फाउंडेशन के अधिकारी अधूप कौशल और सार्थक मिश्रा भी उपस्थित थे। इस कार्यशाला में नादौन ब्लॉक के 34 अध्यापकों ने भाग लिया। जिला समन्वयक पुनीत कुमार ने बताया कि संपर्क फाउंडेशन द्वारा प्रत्येक स्कूल को संपर्क टीवी डिवाइस बांटे गए हैं। कार्यशाला में शिक्षकों को डिवाइस के उपयोग और अपडेट के बारे में जानकारी दी गई ताकि वे अपने छात्रों को बेहतर ढंग से पढ़ा सकें।

### पहचान बताएं और पर्स ले जाएं

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के गरसाहड़ गांव में शिव मंदिर के पास एक महिला को महिला पर्स मिला है। जानकारी देते हुए कृष्णा शर्मा पत्नी राजेश शर्मा गांव गरसाहड़ ने बताया कि 2-3 दिन पूर्व सड़क पर उन्हें एक महिला पर्स मिला है। उन्होने कहा कि जिस किसी महिला का यह पर्स है, वह अपनी पहचान बता कर पर्स को ले जा सकते हैं। उन्होने बताया कि पर्स में घर की चाबियां सहित जरूरी सामान है। उन्होंने कहा कि जिसका भी यह पर्स है, वह 9459251295 व 9418060506 मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

# करंट से हुई नाबालिग की मौत मामले में जांच तेज

## फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का दौरा कर रिपोर्ट की तैयार

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

शहर के वार्ड नंबर दो में बीते सोमवार को हुई नाबालिग नेपाली मूल की युवती की मौत को लेकर जांच तेज कर दी है। शुक्रवार को फॉरेंसिक टीम और पुलिस ने घटनास्थल के आसपास की बिजली बंद करवा कर दौरा किया। काबिलेगौर है कि करंट लगने से जिस जगह पर नाबालिक की मौत हुई थी, उस मकान की छत के ठीक ऊपर से एचटी लाइन निकलती है, जिसकी चपेट में आकर युवती की मौत हुई थी।

**बिजली बोर्ड बनाएगा एचटी लाइन हटाने को लेकर कमेटी**

सवाल यही उठ रहा था कि जिस एचटी लाइन के ठीक नीचे आवासीय मकान है। वहां की यह स्थिति बनी कैसे? शहर के ठीक मध्य में ऐसी एक जगह नहीं है, कई और स्थान भी खतरे से खाली नहीं हैं, लेकिन जब तक कोई बड़ी घटना न हो जाए, तब तक सब ठीक है। अब घटना हो गई है, इसलिए पुलिस भी हरकत में आई है। बिजली बोर्ड के अधिकारी भी चुस्त-दुरुस्त हो गए हैं। फॉरेंसिक टीम भी शुक्रवार को पहुंच गई। दोपहर में काफी देर तक लाइट बंद रही, जिस कारण शहर वासियों को दिक्कत का सामना भी करना पड़ा, क्योंकि बिना किसी सूचना के लाइट काटी गई थी। (अनंत ज्ञान)



लाइट बंद करवार पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल की जांच की।

**कई सवालों के मिलेंगे जवाब**

अब जांच का अंजाम चाहे जो भी हो, लेकिन इतना जरूर है कि शहर में मकानों की जद में आई एचटी लाइनें क्या बदली जाएंगी या फिर इनकी ऊंचाई निर्धारित की जाएगी। केबल के जरिए इन्हें सुरक्षित किया जाएगा। यह सारे जवाब अभी सवालों में ही हैं। फिलहाल फॉरेंसिक टीम ने दौरा कर लिया है और अब बिजली बोर्ड के अधिकारी भी हरकत में चल रहे हैं। देखते हैं इस जांच का नतीजा क्या निकलता है और क्या सही मायनों में नई व्यवस्था शुरू होगी, जिसमें इन लाइनों का खतरा टल जाएगा?

**अनंत ज्ञान फॉलोअप**

एचडी लाइनों के खतरे को कम करने के लिए प्रयास शुरू कर दिए गए हैं। शुक्रवार को मंडी से फॉरेंसिक टीम आई थी, इसलिए बिजली काटी गई थी।
**नरेंद्र अबरोल, एक्सईएन**

### जिला भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर 25 को होगी कार्यशाला : विकास



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी का देशभर में सदस्यता अभियान शुरू हुआ है। इसी अभियान के तहत 25 अगस्त को हमीरपुर सदस्यता अभियान की कार्यशाला जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा की अध्यक्षता में होगी। यह कार्यशाला 25 अगस्त को दोपहर 2 बजे बसंत रिजॉर्ट में रखी गई है। मीडिया प्रभारी विकास शर्मा ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी जिला इसमें मुख्य रूप से पूर्व में रहे गगरेट के विधायक प्रदेश सचिव व सदस्यता अभियान के हमीरपुर के प्रभारी राजेश ठाकुर, हमीरपुर लोकसभा के विस्तारक अमित कुमार कार्यशाला में उपस्थित होंगे।

उन्होंने कहा कि इस सदस्यता अभियान में सांसद, विधायक एवं पूर्व विधायक, प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, जिला के पदाधिकारी, जिला कार्यकारिणी सदस्य सभी मोर्चा के अध्यक्ष एवं महामंत्री, सभी प्रकोष्ठों के संयोजक, सभी जिला परिषद मेंबर, ब्लॉक समितियां के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, सभी मंडलों के अध्यक्ष एवं महामंत्री, एवं इस सदस्यता अभियान को लेकर जिला से बनाई गई कमेटी इस कार्यशाला में भाग लेंगे

### 31 तक बिजली बिल जमा करवाएं धनेटा के उपभोक्ता, बाद में कटेंगे कनेक्शन

**अनंत ज्ञान, नादौन।** बिजलीउपमंडल धनेटा के उपभोक्ताओं को बिजली के बिल जमा करवाने के लिए 31 अगस्त तक का समय दिया गया है। सहायक अभियंता सुशील कुमार ने कहा कि उपमंडल के जिन बिजली उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने बिलों का भुगतान नहीं किया है, वे इनका भुगतान इस माह के अंत तक उपमंडल कार्यालय के काउंटर पर या ऑनलाइन माध्यम से कर दें। उन्होंने बताया कि इस तिथि तक बिल जमा न करवाने वाले उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन पूर्व सूचना के बगैर ही काट दिए जाएंगे और इसके उपरांत कनेक्शन बहाल करने के लिए 250 रुपए का अतिरिक्त शुल्क जमा करवाना पड़ेगा। सहायक अभियंता ने उपमंडल के सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय में छात्र 31 तक ले सकते हैं दाखिला

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** यूजीसी ने विश्वविद्यालयों व कॉलेजों में एडमिशन की अंतिम तिथि 31 अगस्त तक रखी है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव गुलशन संधू ने बताया कि यूजीसी (विश्वविद्यालय अनुदान आयोग) के दिशा-निर्देशों की पालना करते हुए करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय में भी अब एडमिशन की तिथि 31 अगस्त तक रखी है। जो विद्यार्थी किसी कारण अपनी एडमिशन नहीं करवा सके हैं, उनके लिए सुनहरा मौका है कि वे अपने विषय से संबंधित एडमिशन समय पर करवा लें। विश्वविद्यालय में इस समय विभिन्न विषयों जैसे फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ, बॉटनी, ज्यूलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, बीएएलएलबी, एलएलबी, एलएलएम, होटल मैनेजमेंट, डिप्लोमा होटल मैनेजमेंट, बी.फार्मेसी, एम.फार्मेसी, बी.फार्मेसी आयुर्वेद, डी.फार्मेसी आयुर्वेदा, बीएससी योगा, सिविल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस, एम. टेक, बीसीए, एमसीए, पीजीडीसीए, बीबीए, एमबीए, बी.कॉम आदि में एडमिशन की ले सकते हैं।

### हमीरपुर कॉलेज और श्री साईं विश्वविद्यालय पालमपुर ने किया एमओयू साइन



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्मारक राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर और पालमपुर के श्री साईं विश्वविद्यालय पालमपुर ने समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। हमीरपुर महाविद्यालय की ओर से प्राचार्य डॉ. प्रमोद सिंह पटियाल और साईं विश्वविद्यालय की ओर से डीन साइंस व सीओई प्रो. वीपी पटियाल ने हस्ताक्षर किए। इस समझौता ज्ञापन के लागू होने से दोनों शैक्षिक संस्थानों के छात्रों को शैक्षणिक, करियर व रोजगार संबंधी अवसर मिलेंगे। यह समझौता ज्ञापन 5 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर काम करेगा जिसमें संकाय विकास, रोजगार, प्रशिक्षण कार्यक्रम, शोध को प्रोत्साहित करना व छात्रों को विभिन्न विषयों पर लेक्चर की सुविधा उपलब्ध करवाना है। प्राचार्य डॉ. प्रमोद सिंह पटियाल ने इस समझौता ज्ञापन पर कहा कि इससे महाविद्यालय के छात्रों को बेहतर शैक्षणिक अनुभव के साथ ही रोजगार के क्षेत्र में बेहतर संभावनाएं मिलेंगी। इस अवसर पर प्रो. प्रशांत शर्मा भी मौजूद रहे।

### दो बाइक सवारों ने व्यक्ति पर किया हमला

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के तहत दो बाइक सवारों ने एक व्यक्ति पर पीछे से हमला करने का मामला भोरंज पुलिस थाने में दर्ज हुआ है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मनीष कुमार पुत्र गोविंद राम गांव व डाकखाना लंगाना तहसील जोगिंद्रनगर जिला मंडी ने शिकायत की है कि वह कॉलेज से अपने क्वार्टर के लिए आ रहा था तो दो बाइक सवारों ने पीछे से उस पर हमला कर दिया, जिन लोगों के नाम व पता वह नहीं जानता है। भोरंज पुलिस ने अनजान व्यक्तियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है। मामले की पुष्टि एसएचओ भोरंज निर्मल सिंह ने की है।

## सिविल अस्पताल भोरंज में सुरक्षा राम भरोसे

**सुनील शर्मा, जाहू**




भोरंज अस्पताल प्रशासन ने स्टाफ की सुरक्षा के लिए स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों व प्रदेश सरकार को पत्र लिखकर सुरक्षा कर्मचारी तैनात करने का आग्रह किया है। बावजूद इसके अभी तक अस्पताल में कोई भी सुरक्षा कर्मचारी तैनात नहीं किया गया है। भोरंज अस्पताल प्रशासन ने 15 दिन पहले इसके बारे में रिमांइडर भेजा है।

भोरंज अस्पताल में इस समय लगभग 40 से अधिक स्टाफ है। इनमें 12 डॉक्टर, 5 फार्मासिस्ट, 20 से अधिक स्टाफ नर्स, 4 लैब टैक्निशयन आउटसोर्स 6 स्वीपर कर्मचारी व अन्य स्टाफ है। इन सभी की सुरक्षा राम भरोसे चल रही है। यदि स्टाफ के साथ कोई अनहोनी हो जाए तो इसके लिए कौन जिम्मेदार होगा। भोरंज ब्लॉक में 36 पंचायतें हैं और इसके अलावा आसपास के अन्य पंचायतों के लाग भी यहां इलाज करवाने आते के लिए हैं। भोरंज अस्पताल में प्रतिदिन 400 से अधिक ओपीडी होती है, वहीं अस्पताल में 100 बेड की सुविधा तो कर दी गई है, जिसमें से 50 बिस्तर का एक विंग तैयार कर दिया गया है जबकि दूसरा विंग 50 बिस्तरों का बनकर तैयार नहीं हुआ है परंतु सरकार के द्वारा इतने बड़े अस्पताल में डॉक्टरों व अन्य स्टाफ की सुरक्षा के लिए एक भी सुरक्षा कर्मचारी न होने पर इनकी सुरक्षा पर प्रश्नचिन्ह उठना स्वाभाविक है।

भोरंज अस्पताल बीएमओ डॉ. ललित कालिया ने बताया कि अस्पताल कोई भी सुरक्षा कर्मचारी तैनात नहीं है। सुरक्षा कर्मचारी तैनात करने के लिए उच्च अधिकारियों को अवगत करवा दिया गया है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा कर्मचारी का होना बहुत ही आवश्यक है। (अनंत ज्ञान)

### घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे बूथ लेवल अधिकारी : एसडीएम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** एसडीएम एवं विधानसभा क्षेत्र 38-हमीरपुर के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मनीष कुमार सोनी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार क्षेत्र की मतदाता सूचियों की अशुद्धियों को दुरुस्त करने तथा इनके नवीनीकरण के लिए 20 अगस्त से 8 सितंबर तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के दौरान सभी बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे तथा एक अक्तूबर 2025 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं की सूची बनाएंगे। ये अधिकारी किन्हीं कारणों से स्थान छोड़ चुके मतदाताओं, मृतकों और दोहरे पंजीकरण वाले मतदाताओं का विवरण भी एकत्रित कर रहे हैं। मनीष कुमार सोनी ने 38-हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के समस्त मतदाताओं एवं आम नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे मतदाताओं के सत्यापन के दौरान बूथ लेवल अधिकारी को अपना सहयोग प्रदान करें, ताकि त्रुटिरहित मतदाता सूचियां तैयार की जा सकें तथा इनमें सभी पात्र लोगों के नाम शामिल किए जा सकें।

### सबको पता है पेड़ पर पैसे नहीं उगते : लखनपाल

**एसके ठाकुर, बड़सर।** हिमाचल सरकार के मंत्री राजेश धर्माणी द्वारा हाल ही में दिए गए बयान, जिसमें उन्होंने कहा कि सरकार के पास नोट छापने की मशीन नहीं है। इस पर भाजपा विधायक विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने कड़ा विरोध व्यक्त किया है। मंत्री धर्माणी ने यह बयान देते हुए प्रदेश सरकार का साथ देने की अपील की थी, जिसे विधायक लखनपाल ने गैर-जिम्मेदाराना और जनता को भ्रमित करने वाला बताया है। विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सबको पता है कि पेड़ पर पैसे नहीं उगते, लेकिन यह भी सच है कि सरकार की जिम्मेदारी है कि वह जनता की भलाई के लिए आर्थिक नीतियों और संसाधनों का सही प्रबंधन करे। विधायक लखनपाल ने सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा वह जनता की समस्याओं का समाधान करने के लिए ठोस कदम उठाए और उन्हें राहत पहुंचाने के लिए गंभीरता से प्रयास करे।

## सीएम के प्रयासों से नादौन में राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल बनाने का रास्ता प्रशस्त

**शशि सोनल, नादौन**

ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को बेहतरीन शिक्षण सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा आरंभ की गई राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल योजना के अंतर्गत नादौन विधानसभा क्षेत्र में भी डे-बोर्डिंग स्कूल खोलने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। मुख्यमंत्री सुक्खू के गृह विधानसभा क्षेत्र नादौन की अमलैहड़ पंचायत में राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल की स्थापना के लिए केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने लगभग 2.8 हेक्टेयर भूमि को शिक्षा विभाग के नाम करने के लिए फॉरेस्ट क्लीयरेंस दे दी है। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने इस संबंध में हिमाचल प्रदेश के अतिरिक्त मुख्य सचिव (वन) को पत्र के माध्यम से सूचित किया है। वन वृत्त हमीरपुर के अरण्यपाल निशांत मंढोत्रा ने भी इसकी पुष्टि की है।

**केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने भूमि को शिक्षा विभाग के नाम करने की दी फॉरेस्ट क्लीयरेंस**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अपने वादे के मुताबिक नादौन विधानसभा क्षेत्र में राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल की स्थापना के लिए अधिकारियों को उपयुक्त एवं पर्याप्त जमीन तलाशने के निर्देश दिए थे। व्यापक सर्वे के बाद मुख्यमंत्री ने इस स्कूल के लिए अमलैहड़ में एक बेहतरीन साइट फाइनल की थी, लेकिन वन भूमि होने के कारण केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय की मंजूरी के बगैर यहां निर्माण कार्य नहीं किया जा सकता था। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से एफसीए का केस तैयार करवाकर इस मामले का स्वयं भी लगातार फॉलोअप किया, जिसके परिणामस्वरूप राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल के लिए फॉरेस्ट क्लीयरेंस मिल गई।

**मुख्यमंत्री के प्रयासों ने दिलाई फॉरेस्ट क्लीयरेंस**

ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष कैप्टन पृथ्वी चंद, शहरी कांग्रेस के अध्यक्ष शम्मी सोनी, कांगड़ा बैंक के डायरेक्टर मोती जोशी, एचआरटीसी के डायरेक्टर मोंटी संधू, एसडीए के सदस्य सुनील शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता कपिल भरत भूषण,खाद्य आपूर्ति के डायरेक्टर राजेंद्र चौधरी, कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष संधू, कमल कम्मी, अजय सौंधी, महिला कांग्रेस के अध्यक्ष रीना देवी, समाज सेवी ठाकुर प्रकाश चंद ने कहा कि मुख्यमंत्री के प्रयासों से अमलैहड़ में भी राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल के लिए फोरेस्ट कलीयरेंस मिली है। यही नहीं क्षेत्र की सात संपर्क सड़कों को भी दशकों बाद फोरेस्ट क्लीयरेंस मिलने से लोगों को सड़क सुविधा उपलब्ध हुई है।

**जन्माष्टमी मनाई**



हमीरपुर। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय हमीरपुर में कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव का आयोजन किया गया। सभी विद्यार्थियों में खुशी और उमंग का माहौल था। कार्यक्रम के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के जीवन एवं श्रीकृष्ण से जुड़े स्थानों से संबंधित प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया और उनके जीवन से संबंधित गीतों पर बाल-कलाकारों द्वारा नृत्य की प्रस्तुति दी गई जिससे विद्यालय प्रांगण कृष्णमय हो गया। इस अवसर पर प्राचार्य सुनील चौहान ने सभी शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों को कृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए बाल कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुति की प्रशंसा की।

## केंद्र सरकार ने किसानों के साथ किया धोखा : कुबेर सिंह



राष्ट्रीय किसान संगठन के पदाधिकारी किसानों की समस्याओं पर बैठक करते हुए।

**अनंत ज्ञान , भोरंज**

राष्ट्रीय किसान संगठन हिमाचल प्रदेश इकाई की बैठक परनाल में प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. रमेश डोगरा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें राष्ट्रीय किसान संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री कुबेर (मध्य प्रदेश) बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे।

बैठक में सर्वप्रथम किसानों की समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। सर्वसम्मति से रामलाल शर्मा को जिला बिलासपुर का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस दौरान कुबेर सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार ने किसानों के साथ धोखा किया है और किसान संगठनों को तोड़ने का कार्य किया है। इस दौरान संगठन के प्रदेश प्रेस सचिव सीता राम शर्मा, कैं दयाल राणा, प्यारे लाल शर्मा, बंशी लाल, बिहारी लाल शर्मा, संदीप कुमार शर्मा, बंशी राम ठाक्कुर, हमीरपुर जिला के भोरंज ब्लॉक अध्यक्ष पवन कुमार व अन्य उपस्थित रहे।

### श्री सेन भक्त मंदिर कमेटी के जोगिंद्र बने प्रधान



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** श्री सेन भक्त मंदिर परिसर में श्री सेन भक्त मंदिर के आजीवन सदस्यों का साधारण अधिवेशन महंत रमेश चंद की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इसमें उपमंडलीय अधिकारी के आदेशानुसार मंदिर कमेटी का गठन किया गया। कमेटी के पदाधिकारियों और सदस्यों का चयन बिझड़ी विकास खंड के अंतर्गत आने वाले सदस्यों में से किया गया। अधिवेशन में हमीरपुर जिले के अन्य विकास खंडों तथा प्रदेश के अन्य जिलों के आजीवन सदस्य भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। एक-एक विशेष आमंत्रित सदस्य साथ लगते जिलों से भी कमेटी में लिया गया। मंदिर कमेटी का गठन कमेटी के नियम व उपनियम के अंतर्गत किया गया। इसमें कमेटी के प्रधान जोगिंद्र सिंह, सचिव राजेंद्र कुमार डोगरा, कोषाध्यक्ष प्यार चंद वर्मा, सह कोषाध्यक्ष रामदास भारद्वाज, पदेन सदस्य निशा कुमारी, अन्य सदस्य हंस राज, राकेश कुमार, विजय कुमार अत्री, चंचलों देवी, बबिता देवी, श्वेता देवी, विशेष आमंत्रित सदस्य मदन लाल कौंडल हमीरपुर, पवन नरियाल ऊना, रमेश चंदेल मंडी, चमन लाल जस्वाल बिलासपुर, सतीष कुमार कांगड़ा को बनाया गया है।

**मंथन** एसडीएम नादौन अपराजिता चंदेल की अध्यक्षता में आयोजित की गई रोगी कल्याण समिति की बैठक

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गलोड़ के लिए 11.92 लाख रुपए का बजट पारित

**अशोक कुमार, गलोड़**

गलोड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गलोड़ में शुक्रवार को रोगी कल्याण समिति की बैठक हुई। इस बैठक की अध्यक्षता इस समिति की अध्यक्ष व एसडीएम नादौन अपराजिता चंदेल ने की। गलोड़ खंड चिकित्सा अधिकारी अरविंद कौंडल व इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी मोहित डोगरा ने गत वर्ष में किए गए विभिन्न विकासात्मक कार्यों व् वित्तीय लेन-देन वारे विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की व 2024-25 के लिए आगामी बजट का लेखा-जोखा भी चेयर पर्सन पर अन्य कमेटी सदस्यों के सामने प्रस्तुत किया। इस बैठक में सदस्यों द्वारा अस्पताल के उत्थान के लिए विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई व आगामी वित्तीय वर्ष में रोगियों की सुविधाओं के लिए 11 लाख 92 हजार का बजट भी पारित किया गया। गत वर्ष गलोड़ क्षेत्र के कुछ दानवीरों द्वारा लगभग 3 लाख रुपए के करीब से रोगियों की सेवा के लिए पिलर हीटर एयर कंडीशन व बेड इत्यादि भी दान दिए गए थे।



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गलोड़ में रोगी कल्याण समिति की बैठक में मौजूद गणमान्य।

इस पर एसडीएम नादौन अपराजिता चंदेल ने इन दानवीरों की तारीफ करते हुए अपने अधिकारियों से कहा कि ऐसे लोगों को 26 जनवरी या स्वास्थ्य मेले के उपलक्ष्य पर सम्मानित करें। बैठक में एसडीएम अपराजिता चंदेल ने कहा कि गलोड़ के जनप्रतिनिधि यहां गलोड़ के आसपास उपयुक्त जमीन का निरीक्षण करें व यदि जमीन उपलब्ध होती है तो यहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को सरकार से नया भवन भी मिल सकता है और यह तभी संभव है, जब सभी जनप्रतिनिधि मिलजुल कर उपयुक्त जमीन की तलाश करें और जरूरी कागजी कार्रवाई पूरी करें।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अब लाइसेंस के लिए मेडिकल बनाने पर 100 की जगह 150 रुपए की फीस ली जाएगी। मिड-डे मील वर्कर व मदर टेरेसा इत्यादि मेडिकल बनाने पर कोई फीस अदा नहीं होगी हॉस्पिटल में पर्ची काउंटर पर लगने वाली लंबी लाइन से छुटकारा दिलाने के लिए भी अधिकारी कुछ बदलाव कर सकते हैं ताकि यहां आने वाले रोगियों को कोई असुविधा न हो।

**ये रहे मौजूद :** इस मौके पर अध्यक्ष व एसडीएम अपराजिता चंदेल, खंड स्वास्थ्य अधिकारी अरविंद कौंडल, चिकित्सा अधिकारी मोहित डोगरा, जिला परिषद सदस्य संजीव सेठी, प्रधान निशा शर्मा, बीडीसी मेंबर प्रकाश चंद, एन जी ओ अधिकारी व पूर्व प्रधानाचार्य रविंद्र लखनपाल व्यापार मंडल के प्रधान सुशील कुमार, मिलाप चंद, गौतम, अशोक कुमार शर्मा, सुनील कुमार, तहसील कल्याण अधिकारी सरोज कुमारी ने भी बैठक में हिस्सा लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### जिला परिषद अध्यक्ष नीलम कुमारी की प्रेस वार्ता आज

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला परिषद कार्यालय चंबा में आज 11बजे होगा प्रेस कॉन्फ्रेंस का होगा आयोजन जिसकी अध्यक्षता जिला परिषद अध्यक्षा नीलम कुमारी करेंगी। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में मणिमहेश यात्रा 2024 की व्यवस्थाओं पर चर्चा की जाएगी तो वहीं हाल ही में कोलकाता में एक महिला डॉक्टर के साथ हुए जघन्य अपराध बारे भी विस्तार में चर्चा की जाएगी।

### वन्य जीव संघर्ष पर चलाया जागरूकता अभियान



**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** वन विभाग डलहौजी वन परिक्षेत्र द्वारा खोड़ गोठ, करेलनु गांव में मानव वन्य जीव संघर्ष के बारे में जागरूकता अभियान चलाया गया । इस जागरूकता अभियान में लोगों को घरेलू कचरे के उचित प्रबंधन एवम निपटान करके मानव वन्य जीव संघर्ष को रोकने अथवा कम करने के बारे में बताया गया ग्रामीण लोगों को वन्यजीवों के पर्यावरण में दिए जा रहे योगदान के बारे में भी समझा कर लोगों से सहयोग की अपील की गई तथा वन्य जीवों द्वारा किए जा रहे नुकसान पर भी विशेष चर्चा की गई इस अवसर पर वनरक्षक हरीश कुमार, वनकर्मी कुलदीप सिंह, के अलावा गांव खड़ाओं , रे भटोली, गुनियाला, लोहली खड्ड, ठंडा पानी से जगदीश कुमार, प्रवीण कुमार ,अशोक कुमार, रत्नचंद ,मंगतराम राजीव कुमार, शिवचरण दीपक कुमार, छांगाराम, मनोहर लाल, हंसराज, अशोक कुमार ,अनीता देवी ,मीनाक्षी देवी, सुजाता देवी ने जागरूकता अभियान में शामिल होकर चर्चा में भाग लिया

### चुराह में बारिश को लेकर प्रशासन के निर्देश जारी

**आजम डार, चुराह।** चुराह विधानसभा क्षेत्र में आजकल मौसम ने करवट बदली है चुराह की कई जगहों पर मूसलाधार बारिश हो रही है जिस वजह से नदी नालों ने अपना भयंकर रूप अपनाना शुरू कर दिया भारी बारिश होने से जल स्त्रोतों में में भारी वृद्धि हुई है वंही चुराह प्रशासन ने लोंगो को नसीहत देते हुए कहा है की नदी नालों का रुख ना अपने यदि ज्यादा ही जरुरी हो तो ही घरों से निकले। भारी बारिश से जगह-जगह लैंड स्लाइड हो रहा है जिस वजह से यातायात में भी रुकावट आ रही है। एसडीएम शशिपाल शर्मा ने बताया की बरसात का दौर जारी है जरुरी काम ना हो तो घरों से बाहर ना जाए नदी नालों से दूरी बनाए रखें।

### सायरी स्कूल ने मनाया राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस



**अनंत ज्ञान, शिमला।** चन्द्रयान-3 की चन्द्रमा पर सफल लैंडिंग की प्रथम वर्षगांठ पर राष्ट्रीय अन्तरिक्ष दिवस के शुभ ऐतिहासिक अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सायरी में विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय अन्तरिक्ष दिवस से संबंधित भाषण, प्रश्नोत्तरी तथा कला प्रतियोगिताए आयोजित की गई। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों के अन्दर विज्ञान तथा विशेष तौर पर अन्तरिक्ष विज्ञान के प्रति रुचि तथा ज्ञान में वृद्धि का अवसर प्राप्त हुआ। शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार प्रत्येक छात्र ने इन स्पर्धाओं में हिस्सा लिया। इस अवसर पर भारती फांउडेशन के सौजन्य से राष्ट्रीय अन्तरिक्ष दिवस से सम्बन्धित छूटी से बारहवीं कक्षा तक छात्रों की ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी करवाई गई जिसमें सभी विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने अपने संबोधन में बच्चों को रुचि लेने और अध अध्ययन उन्होंने भारत विज्ञान विषय में विज्ञान की प्रेरणा अविस्मरणीय उपलब्धि हेतु भारतीय वैज्ञानिकों को साधुवाद दिया तथा बच्चों को अन्तरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में नढ़ने हेतु प्रेरित भी किया।

# लाहडू–सिहुंता रोड पर दरका पहाड़

**बबलू पठानिया, चुवाड़ी**



जेसीबी मशीन से मार्ग को बहाल करते हुए कर्मी।

आज सुबह 6:30 बजे लाहडू–सिहुंता रोड पर पनिहली माता के पास एक बड़ा पहाड़ दरक गया, जिससे सड़क पूरी तरह से अवरुद्ध हो गई। इस घटना के कारण यातायात लगभग 3:30 घंटे तक ठप रहा और दोनों ओर लंबी कतारें लग गईं।

वहीं पहाड़ से गिरा मलवा सड़क पर बिछ गया, जिससे रास्ता पूरी तरह से बंद हो गया। इस स्थिति को सामान्य करने में काफी समय लगा। चंडीगढ़ की ओएसिस लिमिटेड फर्म द्वारा सड़क चौड़ा करने का काम चल रहा है। घटना की जानकारी मिलने के तुरंत बाद कंपनी ने त्वरित कार्रवाई की और जेसीबी मशीनों का उपयोग करके सड़क को

**3 घंटे बंद रहा मार्ग, लोगों को उठानी पड़ी परेशानी**

लगभग 9:30 बजे पूरी तरह से साफ कर दिया।

वहीं लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता नरेंद्र चौधरी ने बताया कि सड़क चौड़ा करने का काम जारी है और बारिश के बिना भी पहाड़ों के दरकने की समस्या बनी रहती है, जिससे इस तरह की घटनाएं होती रहती हैं। उन्होंने पुष्टि की कि ओएसिस कंपनी के कर्मचारियों ने लगभग साढ़े तीन घंटे की मेहनत के बाद सड़क को पूरी तरह से खोल दिया।

## विद्यालयों में वर्चुअल अध्यापन के लिए तैयार की जाए रूपरेखा : डीसी



अधिकारियों से बैठक करते हुए उपायुक्त।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिला चंबा में निर्माणाधीन स्कूल भवनों के संबंध में जिला मुख्यालय चंबा में एक बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जिला में निर्माणाधीन स्कूल भवनों की कार्य प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन स्कूलों भवनों का अधिकतर कार्य पूर्ण हो चुका है उनके शेष कार्य को अन्य शुरू न हो सकने वाले कार्यों से बजट डायवर्ट कर पूरा किया जाए।

बैठक में जिला के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में निर्माणाधीन स्कूल भवनों बारे विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिला के विभिन्न विद्यालयों में अध्यापकों के रिक्त

**कार्यों को बजट डायवर्ट कर किया जाए पूरा**

पदों के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न होने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने बारे विस्तृत चर्चा की गई। उपायुक्त ने उपनिदेशक उच्च शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि ऐसे विद्यालयों में वर्चुअल अध्यापन के लिए विस्तृत रूपरेखा तैयार की जाए।

बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मैहरा, लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता दिवाकर पठानिया, उच्च शिक्षा विभाग के उपनिदेशक प्यार सिंह चाढ़क, प्रारंभिक शिक्षा विभाग के उपनिदेशक ज्ञान चंद, जिला परियोजना अधिकारी (प्लानिंग) जीवन कुमार सहित कई अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

## 3 माह से घर पर लटकी बिजली की तार, विभाग नहीं ले रहा सुध

**आजम डार, चुराह**

चुराह विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कैंथली गांव में पिछले तीन महीनों से बिजली की तार रसोई घर के साथ लग रही है जिस वजह से परिवार के सदस्यों को जान का खतरा हो गया है

पिछले तीन महीनों से कोई भी अधिकारी या अन्य कर्मचारी मोके पर जायजा लेने नहीं पंहुचा परिवार के मुखिया शुक्र दीन का कहना है कि में आपने घोड़ों के साथ भरमौर में काम करता हूँ घर में महिलाए और बच्चे रहते हैं शुक्र दीन का कहना है कि पिछले तीन महीनों से बिजली क़ी तार रोसोई घर के साथ लग रही है जिस वजह से करंट पास हो रहा है परन्तु विभाग आराम से सोया हुआ है

शुक्र दीन का कहना है की उनकी समस्या का समाधान जल्द से जल्द किया जाए।



घर के ऊपर से गुजरती हुई बिजली की तार ।

## डुलाड़ा में सेब के पेड़ से गिरकर बुजुर्ग की मौत

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

मैहला विकास खंड की ग्राम पंचायत डुलाड़ा में पेड़ से गिरकर बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक की पहचान डियोडी राम वासी कमलाहड पोस्ट ऑफिस सामरा के तौर पर की गई है। पुलिस ने शव का मेडिकल कालेज चंबा में पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने घटना की रपट रोजनामचे में डालकर विस्तृत कारणों की जांच आरंभ कर दी है।

जानकारी के अनुसार कमलाहड गांव के 76 वर्षीय डियोडी राम सेब के पेड़ से सेब तोड़ रहे थे। इसी दौरान अचानक पांव फिसलने के कारण अंसतुलित होकर नीचे जमीन पर आ गिरे। डियोडी राम को पेड़ से गिरता देख मौके पर पहुंचे परिजनों ने तुरंत अचेतावस्था में उठाकर वाहन के जरिए उपचार के लिए मेडिकल कालेज चंबा पहुंचाया।

जहां चिकित्सक ने डियोडी राम को मृत घोषित करार दे दिया। पुलिस टीम ने मेडिकल कालेज पहुंचकर शव को कब्जे में लेने के साथ ही परिजनों के ब्यान दर्ज किए। फिलहाल पुलिस को दिए बयान में परिजनों ने किसी तरह का संदेह जाहिर नहीं किया है। इस संदर्भ में बीएनएसएस 194 के तहत कार्रवाई अमल में लाई गई है। उधर, एसपी चंबा अभिषेक यादव ने घटना की पुष्टि की है।

## किहार में स्क्रब टायफस को लेकर रैपिड रिस्पांस टीम तैनात

**अनंत ज्ञान, सलूणी**



स्क्रब टाइफस संबंधी जानकारी देते हुए अधिकारी।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग चंबा द्वारा चंबा के किहार स्वास्थ्य खंड में स्क्रब टायफस के मामलों को देखते हुए एडवाइजरी जारी की गई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा डॉ. विपिन ठाकुर ने बताया कि किहार स्वास्थ्य खंड में स्क्रब टायफस के मामलों को देखते हुए पूरे क्षेत्र में जिले कि रैपिड रिस्पांस टीम तैनात कर दी गई है। वह गांव-गांव में अपना कार्य कर रही है गांव में जाकर कीटनाशक स्प्रे कर रही ओर दवाइयां दे रही है।

इस मामले के संदर्भ में खंड चिकित्साधिकारी किहार को पंचायत में गांवस्तर तक जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दे दिए गए हैं। उन्होंने बताया की पिछले कल स्टेट से एक टीम इस इलाके के लिए रवाना हो चुकी है जिसमें चिकित्सा विशेषज्ञ के साथ-साथ फार्मेसी और लैब से जुड़े अधिकारी भी मौजूद है जो सैंपल लेकर दवाइयां भी वितरित करेंगे।

उन्होंने लोगों से आह्वान करते हुए कहा है कि बरसात के इस मौसम में खेतों व जंगलों में आवाजाही के दौरान शरीर को पूरी तरह ढक कर रखें। इसके साथ ही घर के इर्द-गिर्द कीटनाशक का स्प्रे भी सुनिश्चित करें।

जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेएस भारद्वाज ने बताया कि स्क्रब टाइफस की जानकारी रखना भी जरुरी है यह आम तौर पर बरसात के मौसम में ही देखा जाता हैकि जिस में तेज बुखार से पीड़ित रोगियों की संख्या बढ़ जाती है। यह बुखार स्क्रब टाइफस भी हो सकता है। यह रोग एक जीवाणु विशेष (रिक्टशिया) से संक्रमित पिप्सु (माईट) के काटने से फैलता है जो खेतों, झाड़ियों व घास में रहने वाले चूहों में पनपता है। यह जीवाणु चमड़ी के माध्यम से शरीर में प्रवेश करता है और स्क्रब टायफस बुखार पैदा करता है। उन्होंने बताया की

स्क्रब टायफस का इलाज बहुत आसान है। इस तरह के लक्षण आने पर या तेज बुखार आने पर तुरंत डॉक्टर को दिखाएं।

बुखार कैसा भी हो नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करें। खेतों व झाड़ियों में काम करते समय पूरा शरीर (खासकर टांगें, पांव और बाजू)ढककर रखें। जिस से इस बीमारी से बचा जा सकता है।

## छात्रों को बताए आग से बचाव के तरीके

**बबलू पठानिया, चुवाड़ी**



बच्चों को जागरूक करते हुए कर्मी।

शहर के स्थानीय स्कूल, राइजिंग स्टार पब्लिक स्कूल चुवाड़ी में फायर ब्रिगेड की टीम द्वारा एक फायर और डिजास्टर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस ड्रिल का उद्देश्य स्कूल के छात्रों, शिक्षकों और स्टाफ को आगजनी और अन्य आपातकालीन स्थितियों में सही तरीके से प्रतिक्रिया देने के लिए तैयार करना था। छात्रों और स्टाफ को फायर ऑफिसर कमलेश कुमार की टीम ने आग से बचाव के विभिन्न तरीकों से अवगत कराया। फायर ब्रिगेड के अधिकारियों ने आग बुझाने के उपकरणों का प्रदर्शन किया और आपातकालीन स्थिति में उनके सही उपयोग के बारे में जानकारी दी।

स्पेशली छोटे बच्चो को बताया गया कि आग लगने पर आपने घर से बाहर भाग जाना है व अगर घर में कोई आपसे भी छोटा बच्चा है उसको भी बाहर ले जाना है और बाहर जाके आग आग चिल्लाना है तथा कहा पे आग लगी है ये बताना है, फायर ऑफिसर कमलेश कुमार ने बताया कि उन बच्चो को फर्स्ट फायर फाइटर कहा जाता हैं। स्कूल की प्रधानाध्यापक उषा चाढ़क ने इस मॉकड्रिल की सराहना की और कहा कि इस तरह के अभ्यास न केवल छात्रों और स्टाफ को सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हैं, बल्कि आपातकालीन स्थितियों में उनकी तत्परता को भी बढ़ाते हैं।

उन्होंने फायर ब्रिगेड की टीम का धन्यवाद किया और भविष्य में भी ऐसे अभ्यासों की आवश्यकता पर बल दिया। अंत में, सभी उपस्थित लोगों को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया गया, और मॉक ड्रिल का समापन किया गया।

## पेयजल सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए तैयार हो कार्ययोजना : मुकेश

**अनंत ज्ञान, चंबा**

खब्बी धार को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के संबंध में उपायुक्त कार्यालय के सभागार में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने की। उपायुक्त ने बैठक के दौरान खब्बी धार क्षेत्र में आवश्यक सुविधाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए।

उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ खब्बी धार में पेयजल आपूर्ति,विद्युत आपूर्ति उपलब्ध करवाने तथा गांव करड़पेही से दुआरु गांव को सड़क सुविधा से जोड़ने को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। उपायुक्त ने कहा कि चूंकि खब्बी धार जिला चंबा के अनेको अनछुए पर्यटन स्थलों में से एक है। इसमें पर्यटनों के आकर्षण की दृष्टिगत सभी आवश्यक प्राकृतिक संसाधन उपलब्ध हैं। इसलिए क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाना आवश्यक है।

उन्होंने अधिशासी अभियंता जल शक्ति को पेयजल सुविधा उपलब्ध करवाने को लेकर कार्य योजना तैयार करने को कहा। इसके अतिरिक्त उन्होंने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को सड़क सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए विभागीय औपचारिकताएं पूर्ण करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने ज़िला पर्यटन विकास अधिकारी को खब्बी धार पर्यटन विकास संघ के पदाधिकारियों के साथ विभिन्न मामलों को लेकर बैठक कर आवश्यक कदम उठाने के भी निर्देश दिए। उपायुक्त ने स्थानीय लोगों को पर्यटन विकास की दृष्टि से जानकारी और जागरूकता को लेकर जागरूकता शिविर आयोजित करने को भी कहा।

उन्होंने नाग मंदिर परिसर में गेट स्थापित करने और पानी की बाबड़ी के सरंक्षण बारे खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया।

## अंतरिक्ष दिवस पर बच्चों की करवाई भाषण प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, भरमौर**



प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले बच्चे।

श्री जय कृष्ण गिरी पब्लिक हाई स्कूल भरमौर में राष्ट्रीय अंतरिक्ष अंतरिक्ष दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया इसमें बच्चों ने भाषण प्रतियोगिता तथा चित्रकला की।

इस मौके पर मुख्य अध्यापक राजीव शर्मा ने बच्चों को बताया कि 23 अगस्त 2023 को, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने चंद्रयान-3 के लैंडर और रोवर को चंद्रमा पर सफलतापूर्वक उतारकर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की थी । इस वर्ष प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया। इस मौके पर स्कूल संचालिका सावित्री गुलरिया, अध्यापक सुरेंद्र कुमार, मनोज कुमार, तेज सिंह आयुष कुमार, कृष्णा कुमारी, काजल शर्मा, तनुजा ठाकुर आदि मौजूद रहे।

### सूडोकु 0035 (मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनर्वृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0034 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

## सरकारी निर्देशों को प्रभावपूर्ण ढंग से अमल में लाएं : डॉ. जालम

**अनंत ज्ञान, चंबा**

मुख्यचिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सभागार में दो दिन की कार्यशाला का समापन किया गया, जिसका उद्देश्य सभी स्वास्थ्य खंडों से आए स्वास्थ्य अधिकारी, अकाउंटेंट, स्वास्थ्य प्रवेक्षक, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को जन आरोग्य समिति से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया, जिससे की वह अपने स्वास्थ्य खंडों में जन आरोग्य समिति के सदस्यों को इससे संबंधित परीक्षण दिया जाए और जन आरोग्य समिति का सुचारू ढंग से संचालन किया जा सके।

कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. बिपिन ठाकुर एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जालम भारद्वाज की मौजूदगी में किया गया और साथ ही सरकार के द्वारा दिए गए निर्देशों को प्रभावपूर्ण ढंग से अमल में लाए जाने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण देने हेतु मुख्य रूप से डॉ. अनिल वर्मा, एमडी जिला प्रशिक्षक अनीश शर्मा, सुरेश जिला कार्यक्रम अधिकारी चंबा मौजूद थे।

## विभिन्न योजनाओं पर 86 करोड़ 55 लाख हुआ व्यय

**अनंत ज्ञान, चंबा**

हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा सामाजिक कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की जा रही । राज्य सरकार के व्यवस्था परिवर्तन संकल्प के ज़िला चंबा में सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं।

मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश निरंतर उन्नति और प्रगति के पथ पर अग्रसर हो रहा है। वर्तमान में राज्य सरकार के व्यवस्था परिवर्तन संकल्प के जिला चंबा में सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रहीं विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों एवं नीतियों से जुड़कर समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े लोग आज सम्मानपूर्वक अपना जीवन यापन कर रहे हैं ।

चूंकि चंबा ज़िला की भौगोलिक परिस्थितियां प्रदेश के अन्य क्षेत्रों से बिल्कुल अलग हैं। ऐसे में किसी भी योजना या अभियान को सफल बनाने के लिए यहां सामान्य से कहीं अधिक प्रयास करने पड़ते हैं। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा ज़िला में समाज के पिछड़े वर्गों, असहायों, निराश्रितों को सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के प्रभावी कार्यान्वयन से आर्थिक सुरक्षा एवं सामाजिक संरक्षण प्रदान किया जा रहा है । ज़िला कल्याण अधिकारी कार्यालय द्वारा वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान चंबा ज़िला में 86 करोड़ 55 लाख की धनराशि व्यय कर 53 हजार 616 पात्र लाभार्थियों को विभिन्न सामाजिक कल्याण योजनाओं से लाभान्वित किया गया ।

## अनंत ज्ञान — आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

24 अगस्त, 2024, शनिवार

विक्रमी संवत : 2081, शक संवत :1946 (क्रोधी), मास : श्रावण, तिथि पंचमी : (7:54): नक्षत्र अश्विनी (06:06), पक्ष : कृष्ण योगः गण्ड (06:07) शुभ मुहूर्त : अभीजित (11:57-12:48), राहुकाल (09:09 -10:46) ।

**विशेष दिन**

» 24 अगस्त 2024 : उब छठ का व्रत आज।

» 24 अगस्त 2024 : बलदेव जयंती आज।

**मेषः** व्यवहार में आये परिवर्तन से लोग अचंभित होंगे। अपने कार्य में मन नहीं लगेगा। मेहनत के अनुरूप धन नहीं मिलने से नौकरी छोड़ने का मन बना रहे हैं।

**वृषभः** आर्थिक पक्ष कमजोर होने से परेशानी बढ़ सकती है। परिवारिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे। प्रशासनिक सेवा से जुड़े जातको को नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

**मिथुनः** वैवाहिक जीवन में तनाव बढ़ सकते हैं। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आप की उन्नति में आ रही बाधा बरकरार रहेगी। समय रहते उचित विद्वानों का मार्गदर्शन लें।

**कर्कः** आपके निकटतम लोग ही नहीं चाहते की आप आगे बढ़ें, थोड़ा सतर्क रहें और अपना काम पूरी ईमानदारी से करें। भितरघात वालों से सावधान रहें।

**सिंहः** विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है। स्वयं को गंभीर रखें। आप का व्यवहार ही लोगों को आकर्षित करता है। व्यापार विस्तार के लिए कर्ज लेना पड़ सकता है।

**कन्याः** रुके कार्यों में गति आएगी। स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। न्यायालयीन फैसला आप के पक्ष में हो सकता है। वैवाहिक जीवन सुखमय होगा। समय अनुकूल है।

**तुलाः** किसी के जवाब का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। नौकरी में बदलाव के योग है। तकनीकी के प्रयोग से विद्यार्थी सफल होंगे। दांतों में विकार की संभावना है।

**वृश्चिकः** राजनीति से जुड़े जातकों के लिए समय सफलता लिए हैं। आप के कार्य की प्रशंसा होगी। अध्ययन के लिए कर्ज लेना पड़ सकता है।

**धनु :** आय के नए स्त्रोत स्थापित होंगे। भाग्य का साथ और इष्ट आशीर्वाद से नई सफलता को प्राप्त करेंगे। नए शत्रु उभर सकते हैं। पारिवारिक खर्च बढ़ेगा।

**मकरः** अध्ययन में अवरोध आ सकते हैं। कार्यस्थल पर कर्मचारियों से परेशान रहेंगे। पेट संबंधित विकार उभर सकते है। जीवनसाथी से अनादर प्राप्त हो सकता है।

**कुंभः** पराक्रम में वृद्धि होगी। कार्य पद्धति बदलने से लाभ होगा। रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है। विरोधी परास्त होंगे। परिवार में किसी वृद्धजन का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

**मीनः** आज दिन की शुरुआत में क्रोध हावी रहेगा। आत्मविश्वास में कमी होगी एवं कार्यों में सफलता मिलने में संदेह है। पूर्व में हुई गलतियों को सुधारने का मौका मिलेगा।

## सम्मान के साथ आमंत्रित करेंगे तो महाशिवरात्रि मेले में आएंगे देव बरनाग

**अनिल शर्मा, मंडी**

मंडी जिले के इलाका स्नोर के प्रमुख देवता बरनाग जिन्हें 1952 में गणतंत्र दिवस के मौके पर दिल्ली में आमंत्रित किया गया था और सराज क्षेत्र के पुंडरिक ऋषि के साथ यह देवता 11 कारिंदों के साथ मंडी से पठानकोट पैदल व वहां से रेल के माध्यम से दिल्ली गए थे, के कारदार व भंडारी पूर्व विधायक जवाहर ठाकुर ने कहा कि यदि महाशिवरात्रि मेला कमेटी उनके देवता को मान सम्मान के साथ बुलाएगी और जो स्थान 80 साल पहले उन्हें महाशिवरात्रि की शोभायात्रा में राजमाधव की पालकी के दाएं ओर चलने को मिलता था वह देने का वायदा करते हैं तो उनका देवता अगले साल होने वाले महाशिवरात्रि महोत्सव में भाग लेने के लिए विचार करेगा।



जवाहर ठाकुर।

गौरतलब है कि लाखों लोगों की आस्था से जुड़े मंडी जिले की स्नोर घाटी के प्रमुख देवता बरनाग जिन्हें बारिश के कहर को रोकने वाला व पंचबलि करके इलाके की सुख समृद्धि करने वाला देवता भी माना जाता है, दो दिन पहले ही अपने हजारों देवलुओं के साथ मंडी आए थे। उस समय उनका मंडी में भव्य स्वागत हुआ था।

जवाहर ठाकुर ने राज माधव मंदिर प्रबंधन, माता भीमा काली मंदिर संस्थान के अध्यक्ष पुष्प राज शर्मा, सर्व देवता समिति के अध्यक्ष शिवपाल शर्मा, मंडी नगर निगम के अध्यक्ष वीरेंद्र भट्ट, मंडी व्यापार मंडल, आमंत्रित करने वाले देवलु संजीव चंदेल व मंडी की जनता का आभार जताया जिन्होंने एक उत्सव का माहौल बनाकर देवता का स्वागत किया, हर तरह की सुविधा उपलब्ध करवाई व देवलुओं की आवभगत की।

जवाहर ठाकुर ने कहा कि राज देवता माधव राय मंडी का प्रमुख देवता है। (अनंत ज्ञान)

## ओपीएस पर कानून बनाने की मांग

**सपना सूद, नेरवा**

हिमाचल प्रदेश स्कूल लैक्चरर्स एसोसिएशन जिला शिमला ईकाई के अध्यक्ष अजय नेगी, महासचिव आकाशदीप शर्मा, राज्य के मुख्य संरक्षक केदार राण्टा, मुख्य सलाहकार प्रेमपाल दुल्टा, कानूनी सलाहकार विकेश जनार्था, दुर्गा मेहता, वेद प्रकाश शर्मा, मुख्य प्रेस सचिव प्रेम शर्मा आदि ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के सभी स्कूलों के लैक्चरर्स, शिक्षा की गुणवत्ता और शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए सरकार द्वारा लिए गए सभी निर्णयों को धरातल पर लागू करने के लिए साथ देंगे।

संघ ने सरकार से मांग की है कि सरकारी स्कूलों में युक्तिकरण की प्रक्रिया को शैक्षणिक सत्र के बीच में न किया जाए, क्योंकि इससे विद्यार्थियों को काफी नुकसान उठाना पड़ेगा। संघ ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में सैंकड़ों पद स्कूल प्रधानाचार्यों के रिक्त पढ़े हैं उनको प्रवक्ता कोटा में संख्या के आधार पर 95 प्रतिशत बढ़ोतरी कर तुरंत भरे ताकि प्रदेश के स्कूलों में शिक्षा सुचारू रूप से चले।

नेगी ने कहा कि सरकार में कुछ आला अधिकारी सरकार को पुरानी पेंशन को लेकर गुमराह कर रहे है । संघ की सरकार से मांग है कि भविष्य में पुरानी पेंशन व्यवस्था पर किसी तरह का छेड़छाड़ न हो इसके लिए राज्य सरकार अपनी वचनबधता निभाते हुए विधानसभा के मानसून सत्र में एक सशक्त बिल लाकर कानून बनाएं ताकि कर्मचारियों का भविष्य और बुढ़ापा सुरक्षित रहे ।(अनंत ज्ञान)

**भगवान** मूर्तियों में मौजूद नहीं है। आपकी भावनाएं ही आपका भगवान हैं। आत्मा तुम्हारा मंदिर है। -चाणक्य

## संपादकीय

# वसुधैव कुटुंबकम

क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस और यूक्रेन के बीच शांति स्थापित करवा पाएंगे? सबके जहन में यह सवाल कौंध रहा है। चूंकि भारत शांति में विश्वास रखता है, शायद इसलिए भी ये सवाल उठ रहे हैं। बुद्ध की विरासत वाला भारत स्थायी शांति का बड़ा पैरोकार माना जाता रहा है। भारत का मत साफ है, ये युद्ध का युग नहीं है। पोलैंड की राजधानी वॉरसा की धरती से जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह संदेश दिया तो दुनिया को लगा क्या मोदी वाकई रूस और यूक्रेन के बीच अढ़ाई साल से जारी युद्ध को रुकवाने में सफल हो पाएंगे? क्या मोदी शांति दूत हैं? क्यों विदेश जाकर वो बुद्ध की बात कर रहे हैं? मोदी ने पोलैंड के बाद यूक्रेन में भी यही संदेश दिया कि युद्ध किसी समस्या का हल नहीं हो सकता। निश्चित रूप से इस समय पूरी दुनिया भी यही चाह रही है कि काश! रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध जल्द खत्म हो जाए ताकि विनाश को रोका जा सके। मानव को बचाया जा सके। 23 अगस्त का दिन यूक्रेन के लिए काफी अहम था, क्योंकि इसी दिन वहां राष्ट्रीय झंडा दिवस मनाया जाता है और इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी यूक्रेन पहुंचे हुए थे। वैसे देखा जाए तो मौजूदा समय में रूस-यूक्रेन युद्ध ने दुनिया को दो ध्रुवों में बांट दिया है। कोई देश युद्ध रोकने की पहल नहीं कर रहा था, लेकिन मोदी ने यह पहल करके सराहनीय काम किया है। भारत ने सदैव ही विश्व मानवता के हित को श्रेष्ठ स्थान दिया है।

भारत ने बहुत पहले ही युद्ध खत्म करने और शांति स्थापना की अपील की थी। भारत ने हमेशा कहा कि युद्ध मानवता का दुश्मन है। इस युद्ध को लेकर भारत न कभी अमेरिका, नाटो के आगे झुका और न रूस से एकतरफा संबंध बनाया। प्रधानमंत्री मोदी इससे पहले भी यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से मिल चुके हैं और जुलाई के पहले हफ्ते से पहले रूसी राष्ट्रपति पुतिन से भी मिले थे। इन मुलाकातों में प्रधानमंत्री ने कभी भी किसी एक देश के हित का साथ नहीं दिया। दोनों देशों से भारत से द्विपक्षीय संबंध हो सकते हैं, लेकिन युद्ध के मोर्चे पर भारत ने मानवता के आगे तटस्थ रखना मुनासिब समझा। आखिर प्रधानमंत्री ने रूस यात्रा के महज डेढ़ महीने के भीतर ही यूक्रेन की यात्रा क्यों की, यह अहम प्रश्न है और दुनियाभर में इसकी खासी चर्चा है। अलग-अलग देश भारत के इस कदम की अपने-अपने हिसाब से व्याख्या कर रहे हैं। कोई भारत के ऊपर अमेरिका का दबाव बता रहा है तो कोई यूरोपीय संघ का, लेकिन उससे पहले मोदी के संदेश के सार को समझना भी बेहद जरूरी है। भगवान बुद्ध का सारा दर्शन शांति और बंधुत्व पर टिका है, लेकिन इसके लिए उन्होंने मध्यम मार्ग अपनाने पर जोर दिया था। यह मध्यम मार्ग है क्या? वास्तव में यह मध्यम मार्ग संतुलन ही है और इसका संदेश वही देश दुनिया को दे सकता है जहां बुद्ध, महावीर और गांधी जैसी महापुरुषों ने जन्म लिया हो।

भारत का इतिहास युद्ध की विभीषिकाओं से भरा है। युद्ध का दुष्परिणाम क्या होता है, यह भारत दुनिया को बताने में सक्षम है। जाहिर है प्रधानमंत्री मोदी का दौरा उस धरती पर हुआ जहां पिछले अढ़ाई साल से केवल युद्ध और विध्वंस देखा गया है, वहां मानवता को कुचल दिया गया है। मोदी ने वहां जाने से पहले अपने इरादे स्पष्ट कर दिए थे कि वह दोनों देशों के बीच समझौता करवाना चाहते हैं और युद्ध को खत्म करवाना चाहते हैं। आज का भारत सबके विकास की बात करता है। आज का भारत सबके हित की सोचता है और यही वजह है कि आज दुनिया भारत को विश्व गुरु और विश्व बंधु के रूप में सम्मान दे रही है। रूसी हमले के बाद भारत सरकार ने यूक्रेन को कई स्तर पर मानवीय सहायता प्रदान की है। भारत जानता है कि यूक्रेन की धरती सूर्यमुखी के तेल और गेहूं की उपज के लिए काफी अहम है। इसकी खपत न केवल भारत समेत यूरोपीय देशों में होती रही है, बल्कि ग्लोबल साउथ के देशों को भी इसकी उतनी ही जरूरत रही है।

यूक्रेन की उपज यहां के देशों को भी मिलती रहे, ताकि गरीब मुल्कों और यूक्रेन का व्यापार भी फलता फूलता रहे। ऐसे में साफ है कि युद्ध की समाप्ति के लिए भारत न केवल रूस और अमेरिका के बीच संतुलन बनाकर चलना चाहता है, बल्कि भारत ग्लोबल साउथ में चीन के विस्तारवाद को रोकने के लिए भी प्रयासरत है। अमेरिका इस मुद्दे पर भारत के साथ है। भारत सदा से ही मानता रहा कि उसके लिए दुनिया एक परिवार है। वसुधैव कुटुंबकम। और जहां परिवार होता है वहां वॉर के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक

**बसवराज** राजगुरु प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक थे, जिन्हें 'हिंदुस्तानी संगीत का राजा' कहा जाता है। पंडित मल्लिकार्जुन मंसूर और कुमार गंधर्व के साथ पंडित बसवराज राजगुरु ने संगीतकारों की धारवाड़ त्रिमूर्ति का गठन किया था। उन्हें कर्नाटक विश्वविद्यालय से कई पुरस्कार और मानद डॉक्टरेट की उपाधि मिली थी। बसवराज राजगुरु को लगभग 40 रागों का व्यापक ज्ञान था और उनके प्रदर्शनों की सूची में गजल, ठुमरी और ख्याल शामिल थे। बसवराज राजगुरु किराना घराने में शास्त्रीय संगीत में सर्वश्रेष्ठ थे। वह अपने समकालीनों भीमसेन जोशी और गंगूबाई हंगल के बीच जाने पहचाने जाते थे। बसवराज राजगुरु का जन्म एक ऐसे परिवार में हुआ था, जिसका संगीत, ज्योतिष और शिक्षा के क्षेत्र में मजबूत आधार था। उन्होंने संगीत में प्रारंभिक प्रशिक्षण अपने पिता, जो एक प्रसिद्ध कर्नाटक संगीतकार थे, से प्राप्त किया। पिता की मृत्यु के बाद 13 वर्षीय बसवराज उनके शिष्य के रूप में पचाक्षरी गवई में शामिल हो गए। बसवराज राजगुरु ने अपना पहला सार्वजनिक संगीत कार्य, सन 1936 में हंपी में एक संगीत कार्यक्रम अपने गुरु के साथ दिया। अपने गुरु की मृत्यु के बाद उन्होंने सवाई गंधर्व, सुरेश बाबू माने, उस्ताद वहीद खान और उस्ताद लतीफ खान जैसे दिग्गजों से प्रशिक्षण लिया। सन 1940 के दशक की शुरुआत तक बसवराज की प्रसिद्धि पूरे देश में फैल गई थी। ■



**बसवराज राजगुरु**
**जन्म** : 24 अगस्त, 1917
**मृत्यु** : 1991

### सियासी गोटियां



रवींद्र कुमार शर्मा, गांव घुमारवीं

*आधुनिकता की भट्टी में नैतिकता जल गई*
*बढ़ते जा रहे आज क्यों झगड़े झमेले*
*रहना चाहते हैं क्यों सब अकेले*
*मेल मिलाप क्यों छूट रहा अपना*
*भूल गए अब अपने त्योहार और मेले*
*न किसी से मिलना न बैठ कर बात करना*
*छोटी-छोटी बातों पर बिना मतलब के लड़ना*
*क्या हो रहा है यह सब अपनी नजर के सामने*
*अमर समझ रहे सभी याद नहीं किसी को मरना*
*सब पीछे छूट गए हम आगे बढ़ गए*
*जिंदगी की सीढ़ियों में कुछ*
*फिसल गए कुछ चढ़ गए*
*क्या खोया क्या पाया हमने वक्त के साथ*
*जाति और मजहब के नाम पर लड़ गए*
*सहनशीलता न जाने कहां खो गई*
*संवेदनहीनता हम पर हावी हो गई*
*गलत को गलत कहने की हिम्मत नहीं हमारी*
*नफरत के बीज हम सबमें बो गई*
*वक्त बदला हमारी सोच भी बदल गई*
*वक्त के साथ ही संस्कारों की बलि चढ़ गई*
*पढ़ाई तो बहुत कर ली जमाने में लोगों ने*
*लेकिन आधुनिकता की भट्टी में नैतिकता जल गई।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# पारंपरिक व्यंजन सांस्कृतिक और आर्थिक उत्थान की कुंजी

पाक पर्यटन, जिसे खाद्य पर्यटन या गैस्ट्रोनॉमी पर्यटन के नाम से भी जाना जाता है, आज पर्यटन उद्योग का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है। यह न केवल पर्यटकों को आकर्षित करने का एक सशक्त माध्यम है, बल्कि उन्हें स्थानीय संस्कृति से परिचित कराने का एक अनूठा अवसर भी प्रदान करता है। विश्व के कई शहर, क्षेत्र, या देश तो अपनी विशिष्ट पाक शैली और अद्वितीय खाद्य अनुभवों के लिए ही जाने जाते हैं। हालांकि उत्तम पर्यटन प्रबंधन में भोजन का चुनाव जलवायु, आवास और दृश्य के साथ उतना ही महत्वपूर्ण है, क्योंकि पर्यटक दिन में तीन बार भोजन करते हैं। इसलिए, किसी भी स्थल को अगर एक सफल पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना है, तो वहां के भोजन को प्राथमिकता में रखना परम आवश्यक है। खाद्य पर्यटन में भी स्थानीय पारंपरिक व्यंजन पिछले कुछ दशकों से पर्यटन उद्योग के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। पर्यटक पारंपरिक व्यंजनों के माध्यम से स्थानीय परंपरा और संस्कृति का अनुभव करना पसंद करते हैं और अब तो यात्री ज्यादातर स्वस्थवर्धक खाद्य उत्पादों पर ही अपना ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

उनके लिए पर्यटन केवल किसी भी पर्यटन स्थल की प्राकृतिक सुंदरता मात्र ही नहीं है, बल्कि उस स्थान की समृद्ध संस्कृति, हस्तशिल्प, मेले, त्योहार, नृत्य, संगीत और विशेष पारंपरिक भोजन के अनुभव भी है, जिसे पर्यटक सहेजकर रखना चाहते हैं। अगर हम हिमाचल प्रदेश की ही बात करें तो यहां सांस्कृतिक पर्यटन व्यवसाय, पर्यटन उद्योग का एक महत्वपूर्ण वैकल्पिक रूप है। इसमें जंगली फल तथा सब्जियों और उनसे बने व्यंजनों एवं उत्पादों को ग्रामीण समृद्धि और उद्यमिता विकास का साधन बनाने की अपार संभावनाएं हैं। उत्तरी हिमालय का हिस्सा होने के कारण हिमाचल पर्वतीय सुंदरता के साथ-साथ औषधीय और पौष्टिकता से भरपूर जैव-विविधता का भी अपार भंडार है। इसलिए यह देश और दुनिया भर के पर्यटकों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र है। यहां के लोकप्रिय पर्यटन स्थलों खासकर कुल्लू, मनाली, मणिकर्ण, शिमला, धर्मशाला, किन्नौर, चंबा, खजियार, रिवालसर, पराशर, करसोग, जंजैहली, रोहतांग, अटल टनल आदि पर साल भर पर्यटक आते रहते हैं।



**लेखिका : प्रो. तारा देवी सेन**
बॉटनी विभागाध्यक्ष, मंडी कॉलेज

इन स्थानों पर मिलाने वाले लाल बुरांश, पिया, धावे, कूजा याफिर जंगली गुलाब अपनी मनभावन छवि के कारण पर्वत प्रेमियों को यहां बार-बार आने के लिए आकर्षित करते हैं। इनके अलावा भी प्रदेश में कई ऐसी जड़ी-बूटियां और जंगली फल तथा सब्जियां हैं जो कि यहां की क्षेत्र विशेष हैं और आदि काल से ही पारंपरिक खाद्य प्रणाली का अहम हिस्सा रही हैं, जिनको पर्यटक स्वस्थवर्धक मानते हैं और वे इनके खरीददार के रूप में भी आते हैं। हिमाचल के पारंपरिक जंगली व्यंजन जैसे अखरोट के सिड्डू, तरड़ी, बुरांश की चटनी और शरबत, गुच्छी की सब्जी, आंवला कैंडी, खर्डी बड़ियां, लसोड़े की सब्जी और अचार, फेगड़ी की सब्जी और अचार, छूहं का मीठा, उबले अंजीर के फल, जंगली कंदों से बनी कचौरी, लिंगड़ की सब्जी और अचार, और फाफरा का साग, पर्यटन उद्योग के विकास की अपार संभावनाएं रखते हैं।

पुराने समय में ये व्यंजन हर समारोह का अनिवार्य हिस्सा होते थे। जैसे, दो दशक पहले तक बुरांश का शरबत हर छोटे-बड़े आयोजन में परोसा जाता था, लेकिन आधुनिकता के प्रभाव से इसे कोल्ड ड्रिंक्स ने प्रतिस्थापित कर दिया। अब लोग बुरांश के औषधीय गुणों को नजरअंदाज कर, आसानी से मुफ्त में उपलब्ध होने के बावजूद, पैसे खर्च कर कोल्ड ड्रिंक्स खरीदते हैं। आज इन पारंपरिक जंगली व्यंजनों को पुनर्जीवित करने की जरूरत है । हालांकि, कुछ पारंपरिक जंगली व्यंजन अभी भी ढाबों, रेस्तरांओं और होटलों में परोसे जाते हैं तथा जंगली खाद्य पौधों से बने अचार, चटनी, शरबत, और अन्य सूखे उत्पाद स्थानीय लोगों या स्वयं सहायता समूहों द्वारा पर्यटकों को बेचे जाते हैं। मंडी-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर नारला का फौजी ढाबा जहां साल भर पारंपरिक व्यंजनों के साथ बुरांश की चटनी परोसी जाती है और मंडी-शिमला मार्ग पर कामधेनु रेस्तरां पारंपरिक व्यंजनों के लिए भोजन प्रेमियों के बीच खासे लोकप्रिय हैं। इन स्थानों पर भोजन के साथ-साथ विभिन्न ऑर्गेनिक खाद्य पदार्थ भी बिक्री के लिए उपलब्ध रहते हैं, जो इन गंतव्यों को स्थानीय स्वाद और सांस्कृतिक अनुभव का आनंद लेने के लिए खास बनाते हैं। इसी तरह हमारे प्रदेश में मिलने वाले व्यंजनों की विशिष्टता उन्हें समान भोजन प्राथमिकताओं वाले पड़ोसी राज्यों और देशों जैसे तिब्बत, नेपाल, श्रीलंका और भूटान के पर्यटकों के लिए भी आकर्षक बनाती है। कई जंगली खाद्य पदार्थ जैसे कि खोड़ (अखरोट), गुच्छी, दाडू ( अनारदाना), खनोर, लिंगड़, फेग्री और लसूड़ा ताजे या प्रसंस्कृत रूप में स्थानीय, राष्ट्रीय, और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में ऊंचे दामों पर बिकते हैं। हालांकि, इन जंगली व्यंजनों की ऑर्गेनिक गुणवत्ता के बावजूद, वे अभी तक पर्यटन उद्योग से पर्याप्त रूप से जुड़े नहीं हैं तथा अधिकांश होटल, रेस्तरां और ढाबों के मेनू में इनका स्थान सीमित है।

इसलिए यदि हम पर्यटन उद्योग को समृद्ध करना चाहते हैं तथा ग्रामीण समृद्धि, उद्यमिता और खाद्य परंपराओं को संरक्षित करना चाहते हैं, तो इन जंगली खाद्य पदार्थों को बढ़ावा देना परम आवश्यक है। हाल के वर्षों में लोगों में स्वस्थवर्धक और जैविक खाद्य पदार्थों की बढ़ती मांग ने ग्रामीण समुदाय को जंगली खाद्य उत्पादों को कमाई के साधन के रूप में चुनने के लिए प्रोत्साहित किया है। लेकिन सतत सांस्कृतिक पर्यटन विकास के लिए जंगली खाद्य पौधों को बढ़ावा देना इन मूल्यवान प्राकृतिक संसाधनों की सतत कटाई पर निर्भर करेगा।

इसके लिए लोगों में सतत कटाई और इनके उपयोगी हिस्सों के इष्टतम उपयोग के लिए जागरूकता की सख्त जरूरत है। हालांकि, जंगली खाद्य पौधों की औषधीय, आर्थिक, पोषक और व्यावसायिक क्षमता के बारे में आम लोगों की अज्ञानता के कारण, कई जंगली खाद्य पौधे स्थानीय संसाधन स्तर पर ही नष्ट हो जाते हैं। इसलिए लोगों को नवीनतम प्रसंस्करण तकनीक और मूल्यवर्धन के तरीकों के बारे में ज्ञान प्रदान करना, उपयोगी और अधिक मांग वाले पौधों के पुनर्जनन को सुनिश्चित करने के लिए उनके प्रजनन भागों को संरक्षित करना और उनकी खेती को प्रोत्साहित करना भी आवश्यक है। इसके लिए, जंगली खाद्य पदार्थों के आसान संग्रहण और प्रसंस्करण हेतु विभिन्न स्थानों पर प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित की जानी चाहिए। पर्यटन विभाग के सहयोग से इन व्यंजनों को स्थानीय होटलों, रेस्टोरेंट और ढाबों में बढ़ावा देकर प्रचार-प्रसार किया जा सकता है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

**नजरिया**

# अब एक बिजनेस बन गया है ब्लॉगिंग

आज की दुनिया में तेजी से विकसित हो रही एक तकनीक है 'ब्लॉग'। ब्लॉगिंग एक बहुत बड़ा पैसे कमाने का उद्यम बन गया है। ब्लॉग अक्सर अपडेट किया जाने वाला वेब पेज होता है, जिसे कोई व्यक्ति कोई समूह या निगम चलता है। किसी विषय के बारे में यह नियमित रूप से अपडेट की गई पोस्ट प्रदान करता है। ब्लॉग को हम एक तरह की ऑनलाइन डायरी कह सकते हैं। जहां व्यक्ति अपनी दिलचस्पी के अनुसार लेख लिख सकते हैं। ब्लॉग की शुरुआत 1994 में हुई थी। शुरुआत में लोग ब्लॉग को पर्सनल डायरी की तरह इस्तेमाल करते थे। लोग ब्लॉग पर अपने दिनचर्या अनुभव आदि लिखते थे और उसे ऑनलाइन शेयर करते थे।



**लेखिका : लतेश भार्गव**
मंडी, हिमाचल प्रदेश

पहले के मुकाबले अब ब्लॉग का स्तर बहुत बढ़ गया है। अब ब्लॉगिंग एक बिजनेस बन गया है कई कामयाब ब्लॉगर ब्लॉगिंग से ऑनलाइन और ऑफलाइन पैसे कमा रहे हैं। आप ब्लॉगिंग सिर्फ लिखित रूप तक ही सीमित नहीं रह गई है, बल्कि लोग ब्लॉग में अब अलग-अलग तरह के वीडियो भी बनाते हैं। ब्लॉगिंग के कई प्रकार हैं जैसे कि व्यक्तिगत ब्लॉगिंग, बिजनेस ब्लॉगिंग, ट्रैवलिंग ब्लॉगिंग, रिपेयर ब्लॉगिंग, फूड ब्लॉगिंग, फैशन ब्लॉगिंग, मेकअप ब्लॉगिंग, कॉर्पोरेट ब्लॉगिंग, प्रकृति ब्लॉगिंग, प्रैंक ब्लॉगिंग व फाइनेंस ब्लॉगिंग इत्यादि।

व्यक्तिगत ब्लागिंग में व्यक्ति अपनी रोजमर्रा की जिंदगी के बारे में लोगों को अपडेट करता है, उसने आज क्या खाया वह कहां घूमने गया। बिजनेस ब्लॉग में ब्लॉगर बिजनेस के विषय में लोगों को बताते हैं। ट्रैवलिंग ब्लॉग में ब्लॉगर एक जगह से दूसरी जगह सफर करते हैं और लोगों को जागरूक करते हैं कि किस जगह जाने के लिए उन्हें किस तरह के वाहनों का इस्तेमाल करना चाहिए, वह वहां पर कौन सी जगह घूम सकते हैं और वहां सस्ता और अच्छा रहने का इंतजाम कहां कर सकते हैं इसके अलावा फूड ब्लागिंग में लोग जगह-जगह घूमकर अलग-अलग तरह के खाने को चखते हैं और लोगों को यह बताते हैं कि आप किस जगह घूमकर वहां का कौन सा प्रसिद्ध खाना खा सकते हैं मेकअप ब्लॉग में ब्लॉगर अलग-अलग तरह से मेकअप करना सिखाते हैं मार्केट में मेकअप के कई प्रोडक्ट उपलब्ध हैं।

जिनके बारे में कई बार आम लोगों को पता नहीं होता है ऐसे में अक्सर ब्लॉगर लोगों को ऐसी दुकानों के बारे में ऐसे ब्रांड के बारे में अवगत कराते हैं। प्रैंक ब्लॉगिंग भी एक तरह का ब्लॉग होता है जिसमें कुछ लोग मिलकर आम जनता के साथ एक मजाक करते हैं। फिर उसे कैमरा के माध्यम से रिकॉर्ड कर ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर अपलोड करते हैं। अक्सर यह ब्लॉगर एक झूठी परिस्थिति उत्पन्न करते हैं और जिसके माध्यम से वह लोगों के साथ मजाक करते हैं और उस वक्त उस व्यक्ति की जो प्राकृतिक अभिव्यक्ति होती है उसे वह अपने ब्लॉगिंग चैनल पर अपलोड कर देते हैं।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

कविता

### बहाने



राजेंद्र पालमपुरी

*अब बहाने ढूंढती लो देख लो सरकार है ।*
*आज कोई मर गया तो कल कोई बीमार है ।।*
*है मुकरती जा रही वादे किए हमसे थे जो ।*
*अब फना होने को इसके लग रहे आसार हैं ।*
*बदहवासी में हैं लेते जा रहे ये फैसले ।*
*क्या सही और क्या गलत है,*
*इसकी भी दरकार है।।*
*क्या संभालें जान ओ माल ,*
*अपनी फिकर इनको पड़ी।*
*यह तो खुद ही बेसहारा बेबस हैं लाचार हैं।।*
*घास की इक झोंपड़ी उनके लिए तो थे महल।*
*हो गई बर्बाद जिनकी कैसा अत्याचार है।।*
*मौत आकर नाचती आंखों के आगे जब सनम।*
*तब पता चलता है भइया क्या अजब संसार है।।*

# संस्कृति के संवर्धन में शांति की आवश्यकता

विश्व का वर्तमान परिदृश्य आज भयानक युद्ध, क्षेत्रीय संघर्षों, धार्मिक कट्टरता, मानवाधिकारों के हनन, वैश्विक आतंकवाद, पर्यावरणीय असंतुलन, बढ़ते हुए वैश्विक तापमान और आर्थिक असमानता की वजह से भयावह स्थितियों को प्रत्यक्ष देख रहा है। हम इस तथ्य से अवगत हैं कि आज विश्व अविश्वसनीय वैज्ञानिक और तकनीकी प्रगति के साथ-साथ आश्चर्यजनक भौतिक विकास के बावजूद हिंसा, आतंकवाद और विभिन्न प्रकार के संघर्षों के कारण होने वाली अनिश्चितता और डर की आशंका के नाजुक दौर से गुजर रहा है। जाने-माने वैज्ञानिक, विचारक, दार्शनिक, शिक्षाविद, कला, विज्ञान और साहित्य के क्षेत्र में सुप्रतिष्ठित व्यक्ति, आध्यात्मिक नेता और सामाजिक रूप से प्रतिबद्ध व्यक्ति संपूर्ण विश्व में शांति की संस्कृति की स्थापना की अत्यावश्यकता महसूस कर रहे हैं।

अब समय आ गया है कि हम भारत के महान् पुत्र स्वामी विवेकानंद के शब्दों का पालन करें, "उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक कि लक्ष्य प्राप्त न हो जाए।" हमारा उद्देश्य इस कथन को वास्तविकता में परिणत करने और 'शांति की संस्कृति' की स्थापना करने के लिए आंदोलन को और अधिक निश्चयपूर्वक सक्रिय बनाने के परिवर्तन के चक्रों को घुमाने का है। हम जानते हैं कि संपूर्ण विश्व एक तनावपूर्ण और अराजकता की स्थिति में से गुजर रहा है, जैसा मानव सभ्यता के इतिहास में पहले कभी नहीं देखा गया था। संघर्ष, टकराहट, हिंसा, रक्तपात और हत्याकांड व्यवहारिक तौर पर संसार के समस्त भागों में रोज का काम हो गए हैं। नैनोटैक्नोलॉजी, कृत्रिम बुद्धि और अंतरिक्ष अनुसंधान इत्यादि जैसी कल्पनातीत वैज्ञानिक और औद्योगिक विकास के बावजूद स्थिति दिन-प्रतिदिन खराब होती जा रही है। यद्यपि वर्तमान वैज्ञानिक नवप्रवर्तनों और तकनीकी प्रगति ने हमारे इस संसार को एक वैश्विक गांव में बदल दिया है, फिर भी मनुष्य-मनुष्य, राष्ट्र-राष्ट्र, धर्म-धर्म के बीच में और भिन्न लिंगों, मानव जातियों के बीच उत्पन्न किए गहरे अंतरों के कारण लोगों के दिल और दिमाग बहुत दूर हो गए हैं।



**लेखक : संजय गोस्वामी**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

यदि हम शांति की संस्कृति के प्रोत्साहन के लिए आवश्यक कार्य नहीं करते हैं, तो बहुत देर हो जाएगी; मानव जीवन और प्रकृति के लिए खतरा उपस्थित हो जाएगा। हम सबने अपने नैतिक मूल्यों, संस्कृति, नैतिकता की अवधारणा मानव-व्यवहार में उचित और अनुचित की मीमांसा और अच्छी परंपराओं को भुला दिया है। समय की कसौटी पर खरे उतरे मूल्य और भावना गुम हो गए हैं। दुर्भाग्य की बात यह है कि यह सब कुछ एक सुविचारित शिक्षा प्रणाली के बावजूद हो रहा है। बीते युग के मूल्य, जिन्होंने युगों-युगों तक इस पृथ्वी ग्रह को बने रहने में मदद की, अब गायब हैं। एक बार जब मूल्य प्रणाली गुम हो जाती है तो फिर मानव प्राणियों और दूसरे प्राणियों में कोई अंतर नहीं रह जाता।

लोगों के विचारों में परिवर्तन लाना अत्यंत वांछनीय है ताकि समय की कसौटी पर खरे उतरे मानवीय मूल्यों को विकसित किया जा सके। किसी भी प्रकार के विवाद, संघर्ष और हर प्रकार के मुद्दों, जाति, संप्रदाय, मानव जाति, धर्म और राष्ट्रों की सीमाओं के बीच अंतरों को पारस्परिक विचार-विमर्श, सावधानी पूर्वक बातचीत और संवाद के द्वारा हल करने के लिए महात्मा गांधी के पद चिह्नों का अनुसरण करते हुए, साधन के रूप में अहिंसा का प्रचार कीजिए। समाज में मानवाधिकारों और उनसे जुड़े हुए कर्त्तव्यों के बारे में चेतना का निर्माण कीजिए और साथ ही प्रजातांत्रिक परंपराओं को भी बढ़ावा दीजिए। व्यक्तियों को आत्मालोचक और जिम्मेदार नागरिक बनाइए, जिनमें विज्ञान और धर्म/आध्यात्मिकता के दर्शन के स्तर की उचित समझ हो और जो चुनौतियों को स्वीकार करने के लिए तैयार हों। संसार के सभी लोगों को उपभोक्तावाद और प्राकृतिक संसाधनों के अनियंत्रित शोषण में रोक लगाने का प्रयास करना चाहिए, जिससे इन प्राकृतिक संसाधनों के उचित वितरण और भावी पीढ़ियों को उनकी उपलब्धि को सुनिश्चित किया जा सके। संसार के सभी लोगों को पर्यावरण के अनुकूल उपाय अपनाने चाहिए, जो पर्यावरणीय प्रदूषण, बाई-डिग्रेडेशन ) बढ़ते हुए वैश्विक तापमान को नियंत्रित करने और टिकाऊ विकास में मदद करे। विश्व का प्रत्येक प्राणी जीवित रहना चाहता है और कोई भी मरना नहीं चाहता। इसलिए किसी को भी किसी दूसरे जीवित प्राणी को नष्ट करने अथवा उसे हानि पहुंचाने का कोई अधिकार नहीं है।

जैन नीतिशास्त्र यह मानता है कि अहिंसा का मतलब शाश्वत सत्य है। संसार में केवल एक ही जाति है और वह है मानव जाति। जै नाचार्यों ने सदैव मानव की गरिमा और सबकी समानता का और समस्त प्राणियों की स्वतंत्रता के जन्म-सिद्ध अधिकार का समर्थन किया है और अहिंसा के उदात्त सिद्धांत का उपदेश दिया है। विश्व की सारी समस्याओं के मूल में स्वार्थ है। संसार में शांति की संस्कृति क्रोध, घमंड, पाखंड और लोभ जैसे नकारात्मक विचारों को त्याग कर ही प्राप्त की जा सकती है और बनाए रखी जा सकती है। शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के लिए सामाजिक चेतना जागृत की जानी चाहिए। सबसे पहले तो व्यक्ति की नैतिकता और चरित्र को ऊंचा उठाया जाना चाहिए। जैन धर्म का अनेकांत का सिद्धान्त प्रत्येक मानव प्राणी के विचारों का सम्मान करता है। युवाओं को, लोगों को इस बात का प्रशिक्षण देने के लिए कि वे सांसारिक पदार्थों में आसक्ति न रखें, उनके गुलाम न बनें और अपने भीतर की ओर मुड़ें, जहां से सच्ची प्रसन्नता अद्भुत होती है, गांवों और बस्तियों में अभियान चलाना चाहिए। हमें अन्याय का मुकाबला बल से नहीं, बल्कि सहिष्णुता से करना चाहिए। हिंसा हिंसा को जन्म देती है और शत्रुता की ओर अग्रसर करती है। संसार के अंदर और संसार के बाहर भी ऐसी कोई भी चीज नहीं है, जो समस्त जीवित प्राणियों के प्रति अहिंसा के सिद्धांत से बेहतर हो। अहिंसा और अपरिग्रह के गुण संपूर्ण ब्रह्मांड में शांति स्थापित करने में समर्थ है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# जिंदगी में आशा और निराशा का चक्र हमेशा चलता रहता है

जिंदगी में आशा निराशा का चक्र चलता रहता है आशा ही जीवन है। जीवन में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं कभी सुख-दुःख, खुशी-गम, चलते रहते हैं। जीवन बहुत अनमोल है मानव जीवन एक बार ही मिलता है। जीवन में बहुत विकट परिस्थितियां आती हैं मानव को घबराना नहीं चाहिए, बल्कि संयम से हर समस्या का समाधान करना चाहिए। सुख-दुःख सदा नहीं रहते। आज मानव रिश्ते भूल रहा है। चौबीस घंटे इंटरनेट पर व्यस्तता इतनी हो गई है कि खाना खाने तक का समय नहीं है, किसी के दुःख में शामिल होने के लिए समय नहीं है। मोबाइल ने मानव को अनावश्यक व्यस्त कर दिया है। अक्सर देखा गया है कि लोग ऐसे व्यस्त रहते हैं कि पता नहीं कितना जरूरी काम है, नब्बे प्रतिशत लोग बहुत ही व्यस्त रहते हैं। बच्चे से लेकर बुजुर्ग मोबाइल के अभ्यस्त हो चुके हैं।

जीवन में हम अनेक सुख-दुख देखते हैं, परंतु क्या हमने किसी और के लिए कुछ करने के बाद सच्चे सुख की अनुभूति की है दूसरों को अपनी सामर्थ्य के अनुसार दीजिए, खासकर उन्हें जो अनेक चीजों से वंचित ही रहे या जिन्हें दुख के सिवाय कुछ भी नहीं मिला। आप महसूस करेंगे कि परोपकार का काम करने के बाद आपके होंठों पर आई मुस्कराहट दुनियाभर की दौलत से भी मंहगी होगी। मानव नंगा आता है नंगा ही चला जाता है इस संसार में जो पैदा हुआ है, उसे एक दिन इस नश्वर संसार को छोड़ना ही है आधुनिक युग में जीवन मूल्यों में गिरावट समाज में विष घोल कुंठा उत्पन्न कर रही है तनिक लाभ के लिए लोग अपना जमीर बेच रहे हैं। मानव को अपनी मर्यादा में रहना चाहिए। कहते है अपने ही काम आते है।



**लेखक : नरेंद्र भारती**
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

मगर आज आदमी ही आदमी से नफरत कर रहा है, कुत्ते बिस्किट खा रहे हैं, मगर मानव भूख से त्रस्त हैं क्या मजाल की कोई भूखे को रोटी का निवाला दे। आदमी नरभक्षी बनता जा रहा है प्रतिदिन शराब,मांस ,मदिरा का प्रयोग कर रहा है। इंसान फितरती होता जा रहा है। मानव विलासिता पर धन खर्च कर रहा है। सुख में तो सभी साथ होते हैं मगर दुख में साथ छोड़ देते है, आदमी आज गिरगिटों की तरह रंग बदलता है। आज मानव मतलब निकल जाने पर पहचानने से इनकार कर देता है। आज मानव ने भले ही कितनी प्रगति कर ली है, मगर सोच वही सामंतवादी है। आदमी को सादगी व उच्च विचारों में विश्वास रखना चाहिए।

अतः प्रत्येक इंसान की जितनी सहायता हो सके करनी चाहिए। ईमानदारी की हमेशा जीत हुई है। यह एक शाश्वत सत्य है। ईमानदार आदमी द्वारा समाज के लिए निस्वार्थ भाव से किए गए महान कार्यों के लिए समाज उसे युगों-युगों तक याद रखता है। ईमानदार आदमी अपने मानवता के लिए किए पुनीत कार्यों से अमर हो जाता है। ईमानदारों की मिसालें दी जाती है। ईमानदारी के रास्तें में मुसीबते बहुत है, लेकिन ईमानदारी से किए गए कार्यों के बाद जो खुशी होती है उसे करोड़ों रुपए से भी हासिल नहीं किया जा सकता। ईमानदार आदमी पहले दूसरों का भला सोचता है कि कौन असली जरूरतमंद है। ईमानदार समाज के हित में अपना जीवन समर्पित कर देता है। कहते हैं ईमानदारी से कमाया पैसा बरकत देता है।

ईमानदारी एक अच्छी नीति है। आज ईमानदार लोगों की खिल्ली उड़ाई जाती है। ईमानदारों के खिलाफ षड्यंत्र रचे जाते हैं, मगर ईमानदारों पर आंच नहीं आती। वर्तमान समाज में ईमानदारी पर बेईमानी हावी होती जा रही है, मगर बेईमानी औंधे मुंह गिर जाती है। सांच को आंच नहीं आती। ईश्वर भी ईमानदारों का साथ देता है। कहते हैं कि व्यक्ति को अपना अतीत नहीं भूलना चाहिए भले ही आदमी कितनी ही ऊंचाइयां छू लें। आदमी को कभी भी किसी का निरादर नहीं करना चाहिए ,प्रत्येक मानव का आदर-सत्कार करना चाहिए। जीवन एक बार-बार नहीं मिलता है, समाज में बेईमानों का सत्यनाश हुआ है। खुदा के घर में देर है अंधेर नहीं है। आदमी को समय से डरना चाहिए, क्योंकि वक्त का कोई पता नहीं कि कब कौन मिट्टी में मिल जाए। हमेशा सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए, क्योंकि सच्चाई की सदा जीत हुई है।

यह अटल सत्य है। समाज की रचना के लिए सादगीपूर्ण जीवन जीने की कोशिश करनी चाहिए। मानव को हमेशा समानता व एक समान व्यवहार करना चाहिए, क्योंकि जो आदमी भेदभाव करता है वह मानवता के नाम पर कलंक है। समय बहुत ही बलवान है वक्त के थपेड़ों से कोई नहीं बच पाया है। आधुनिक युग का गिरगिट इंसान दूसरों को अंधेरे में रखकर लोमड़ी की तरह चालाक बनने की कोशिश करता है, मगर कितनी भी चालाकियां कर लो गिरगिटों वक्त हिसाब जरूर मांगेगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### किसानों को प्राकृतिक खेती से किया प्रशिक्षित



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** कृषि विभाग हिमाचल प्रदेश जिला मंडी विकास खंड सुंदरनगर कृषि प्रद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण आत्मा द्वारा ग्रामपंचायत मलोह के सरियूंन गांव में प्राकृतिक खेती को लेकर दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 30 किसानों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण शिविर में जिला मंडी के परियोजना निदेशक डॉ. राकेश पटयाल तथा उप परियोजना निदेशक डॉ. संजय ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। शिविर में खंड तकनीकी प्रबंधक लेखराज और सहायक तकनीकी प्रबंधक योगराज ने उपस्थित किसानों को प्राकृतिक खेती में उपयोग होने वाले घटकों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

### डाइट मंडी में मनाया राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस



**अनंत ज्ञान, मंडी।** डाइट मंडी परिसर में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया। इस दिवस को मनाने का थीम था चंद्रमा को छूते हुए जीवन को छूना भारत की अंतरिक्ष गाथा। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य भावी पीढ़ी और युवाओं को अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र से जोड़ने के लिए प्रेरित करना है।

इस प्रोग्राम की अध्यक्षता प्राथमिक उपनिदेशक हायर सुशील शर्मा, प्राथमिक उपनिदेशक एलिमेंट्री विजय गुप्ता व उपनिदेशक निरीक्षण विंग कश्मीर सिंह तथा प्रधानाचार्य डाइट मंडी नरेश शर्मा ने की।

### ममता कपूर ने पद एवं गोपनीयता की ली शपथ



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर नगर परिषद में भाजपा समर्थित ममता कपूर ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। उपमंडल अधिकारी नागरिक मुनीष चौधरी ने उन्हें यह शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता पंकज जमवाल,मंडल अध्यक्ष अजय सकलानी, नगर उपाध्यक्ष अजय धरवाल, पार्षद शीला देवी तथा पार्षद राजीव कुमार सहित प्रदेश महिला मोर्चा की सदस्य आशा ठाकुर, जो.नगर महिला मोर्चा की अध्यक्ष अंजना शर्मा,महासचिव संजीव कुमार,संजय कुमार सचिव तथा नगर परिषद के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### संस्कृत सप्ताह के तहत लगाई प्रदर्शनी



**अनंत ज्ञान, मंडी।** हिमाचल राजकीय संस्कृत शिक्षक परिषद् के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. मनोज शैल ने बताया कि श्रावणी पूर्णिमा से तीन दिन पूर्व से शुरू हुआ संस्कृत सप्ताह श्रावणी पूर्णिमा के तीन दिन बाद संपन्न हुआ। इस अवसर पर संस्कृत शिक्षकों के सहयोग से विद्यालय में विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें श्लोकोच्चारण, संस्कृत गीत गायन, संस्कृत सम्भाषण, संस्कृत में शुभकामना संदेश निर्माण, संस्कृत चार्ट निर्माण, संस्कृत शोभायात्रा तथा संस्कृत वस्तु प्रदर्शनी आदि गतिविधियों का संचालन किया गया।

### मतदाता सूची में प्रविष्टियों के सत्यापन का कार्य आरंभ

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला मंडी में बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा 20 अगस्त से अपने मतदान क्षेत्र के तहत घर-घर जाकर फोटोयुक्त मतदाता सूचियों में विद्यमान प्रविष्टियों के सत्यापन का कार्यक्रम आरंभ कर दिया गया है जो 8 सितम्बर तक चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान बूथ लेवल अधिकारी द्वारा घर के मुखिया की सहायता से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि परिवार के सभी पात्र सदस्यों का नाम मतदाता सूची में दर्ज है तथा दर्ज सभी सदस्यों का विवरण सही है। उन्होंने बताया कि यदि किसी निर्वाचक की प्रविष्टि में किसी प्रकार की कोई भी अशुद्धि हो तो उसे ठीक करवाने के लिए प्रारूप 8 के माध्यम से कार्रवाई की जाएगी।

### ओपी ठाकुर ने किया शनि मंदिर में मेले का शुभारंभ

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर।** मच्छयाल में शनिदेव मंदिर में तीन दिवसीय मेले का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मंदिर कमेटी प्रधान चुनी लाल शर्मा ने बताया कि मेले में बतौर मुख्य अतिथि रिटायर्ड एसडीएम ओमप्रकाश ठाकुर ने मेले का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि मेले में दो दिन सांस्कृतिक संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें जोगिंद्रनगर गायक अपने गानों से लोगों को नचाएंगे। मेले में महिला मंडल के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया और स्थानीय स्कूल के बच्चों ने अपना अपना कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि ने अपने भाषण में मंदिर कमेटी का धन्यवाद किया और आज की युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहने की सलाह दी।

### लडभड़ोल में कपड़ा व्यापारियों का तीन दिन का अवकाश

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर।** लडभड़ोल क्लॉथ एसोसिएशन की बैठक का आयोजन शुक्रवार को किया गया, जिसकी अध्यक्षता लडभड़ोल क्लॉथ एसोसिएशन के प्रधान साजन आहूजा की। उन्होंने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी लडभड़ोल क्लॉथ एसोसिएशन द्वारा 3 दिन तक सभी कपड़ा व्यापारी अवकाश पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि इस वर्ष 29 से 31 अगस्त तक लडभड़ोल के सभी कपड़ा व्यापारी 3 दिन के लिए अवकाश पर रहेंगे। जिस प्रकार से लडभड़ोल में व्यापार धीरे-धीरे कम हो रहा है। इसका मुख्य कारण जो बाहर से प्रवासी व्यापारी बाइक पर घूम कर बिना जीएसटी के कारोबार करने के लिए आ रहे हैं। उससे समूचे व्यापार मंडल के व्यापारियों का व्यापार प्रभावित हो रहा है। उन्होंने लडभड़ोल क्षेत्र की जनता से बाहर से प्रवासी व्यापारी के आधार कार्ड और जीएसटी नंबर को जरूर देखने की अपील की हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह से क्षेत्र में हो रही चोरियों में फेरी वालों से उनका क्लॉथ एसोसिएशन से कोई संबंध नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही ऐसे प्रवासी व्यापारियों पर पुलिस के साथ मिलकर पैनी नजर रखी जाएगी।

# जागरूकता ही बचा सकती है साइबर क्राइम से : एसपी साक्षी वर्मा

**पुष्पराज, मंडी**

अनंत ज्ञान ने शुक्रवार को एसपी साक्षी वर्मा के साथ कई मुद्दों को लेकर विशेष बातचीत की। पंजाब के राजपुरा से संबंध रखने वाली साक्षी की पहली पोस्टिंग बतौर एएसपी शिमला में हुई थी, जिसमें उन्होंने नशे के काले कारोबारियों की नाक में दम कर दिया था। पेश हैं उनसे हुई बातचीत के मुख्यांश:

**सवाल : बढ़ते साइबर क्राइम से कैसे निपटा जा सकता है?**

**जवाब:** साइबर क्राइम आज के समय में सबसे बड़ा चैलेंज है और इसके प्रति लोगों को जागरूक रहना जरूरी है। जागरूकता ही साइबर क्राइम से बचा सकती है। पुलिस को भी कई बार साइबर क्राइम की जानकारी तब मिलती है जब कोई उसकी रिपोर्ट दर्ज करवाता है। बात अगर जिला मंडी या हिमाचल की करें तो मल्टी लेवल मार्केटिंग के जरिए लोगों से पैसा लेकर और आगे और लोगों को जोड़कर कई लोगों का पैसा हड़पा जा रहा है। साथ ही विदेश भेजने का झांसा दिया जा रहा है। फर्जी फोन कॉल से रिटायर्ड कर्मचारियों को ठगा जा रहा है। अनजान नंबर से जब भी व्हाट्सएप कॉल आती है तो उसे न उठाएं। (अनंत ज्ञान)

**सवाल : यूपीएससी के लिए कैसे खुद को मोटिवेट करें?**

**जवाब :** यूपीएससी तैयारी में कई बार फेलियर के बाद ही सफलता मिलती है। हमें विफलताओं से घबराना नहीं चाहिए, बल्कि उसे एक मोटिवेशन की तरह देखना चाहिए और उनसे सीख लेकर गलतियों को पहचान कर सफलता की ओर बढ़ना चाहिए। मैं खुद को भाग्यशाली मानती हूं कि मेरे इस सफर में परिवार का सहयोग रहा। मैं खुद एक यूपीएससी एस्पिरेंट्स थी और इस सफर में काफी युवाओं को तैयारी करते हुए देखा है। सिलेक्शन के बाद भी एस्पिरेंट्स गाइडेंस के लिए पूछते रहते हैं। यूपीएससी क्रैक करने का मूल मंत्र यही है कि इसमें पूर्णतया ध्यान केंद्रित करना होगा। अगर यूपीएससी ही क्रैक करना है तो सिर्फ इसी की तैयारी पर पूरा ध्यान देना होगा।



एसपी मंडी साक्षी वर्मा

विशेष बातचीत

**सवाल : कई बार जनता पुलिस पर कई सवाल खड़े करती है, तो कैसे उस चीज को फेस करते हैं?**

**जवाब ।** पुलिस के पास जो भी केस आता है तो उसमें दो पक्षों की भागीदारी रहती है। हर पक्ष अपनी समस्या को पुलिस के समक्ष रखता है। उसके बाद छानबीन के दौरान पता लगता है कि कौन अपराधी है। इसमें आलोचना के स्कोप रहते ही हैं, क्योंकि पुलिस का कार्य कानून के अनुसार ही होता है।

**युवाओं को संदेश :** सफलता पाने के लिए सिंगल मांइडिड फोकस होना बहुत जरूरी है चाहे वो यूपीएससी हो या कुछ और। साथ ही लक्ष्य प्राप्ति के लिए अपनी मेहनत का सौ प्रतिशत अनुदान दें और यह भी हमेशा याद रखें की कोई भी लक्ष्य जिंदगी नहीं है। आप अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए 100 प्रतिशत कोशिश करों अगर आप सफल होते हो तो यह आपके लिए बहुत अच्छा है। अगर किसी कारण से आप उसे प्राप्त नहीं कर पाते हैं तो हो सकता है आपके लिए भगवान ने इससे बेहतर कुछ और सोचा है।

## विक्रमादित्य ने किया ब्यास नदी पर 3.15 करोड़ के पुल का शिलान्यास

# सड़कों पर खर्च होंगे 127.61 करोड़

**अनिल शर्मा, मंडी**

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने शुक्रवार को सदर विधानसभा क्षेत्र के कोटली उपमंडल के तहत कून-का-तर में ब्यास नदी पर निर्मित होने वाले पुल का शिलान्यास किया। इस 280 फुट लंबे सस्पेंशन बेली ब्रिज के निर्माण पर 3 करोड़ 15 लाख 43 हजार रुपए की अनुमानित राशि व्यय की जाएगी।

लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि इस पुल के लिए 2 करोड़ रुपए की राशि विभाग को प्राप्त हो चुकी है और रिकॉर्ड 7 माह में इसे निर्मित करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने पुल निर्माण कार्य के लिए बजट प्रावधान करने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि इस पुल के निर्मित होने से मंडी सदर, धर्मपुर तथा जोगिंद्रनगर क्षेत्र के लोगों को आवाजाही की बेहतर सुविधा पुन: उपलब्ध हो जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जो भी वायदा करती है, उसे पूरा करके दिखाती है। पिछले साल बरसात के मौसम में ब्यास नदी पर बने कई पुल क्षतिग्रस्त हुए थे। आपदा प्रभावित लोगों तथा लोक निर्माण विभाग को हुए नुकसान की भरपाई के लिए केंद्र सरकार से अधिक से अधिक सहायता उपलब्ध करवाने का बार-बार आग्रह किया गया, परंतु केंद्र सरकार की ओर से प्रभावितों की मदद के लिए कोई विशेष धनराशि प्राप्त नहीं हुई है। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि लोक निर्माण विभाग के तहत मंडी वृत्त में वर्तमान सरकार के कार्यकाल में 151 किलोमीटर सड़कों का निर्माण किया गया, जबकि 119 किलोमीटर पर क्रॉस ड्रेनेज की गई है। इसके अतिरिक्त मंडी वृत्त में 221 किलोमीटर सड़कों पर टारिंग का कार्य पूरा किया गया।

इसके अतिरिक्त 13 पुल निर्मित किए गए। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने मंडी वृत्त में सड़कों के निर्माण व रखरखाव पर 127 करोड़ 61 लाख रुपए की राशि व्यय की गई।(अनंत ज्ञान)



कून-का-तर पुल का शिलान्यास व (नीचे)पूजा-अर्चना करते हुए लोक निर्माण मंत्री।

### बाढ़ के कारण जान-माल का हुआ काफी नुकसान

**विक्रमादित्य** सिंह ने कहा कि अभी हाल ही में द्रंग के राजबन क्षेत्र में भी बाढ़ के कारण जान-माल का काफी नुकसान हुआ है और प्रदेश सरकार द्वारा प्रभावितों को त्वरित राहत राशि के रूप में 4-4 लाख रुपए उपलब्ध करवाए गए हैं।

इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य एवं प्रदेश कांग्रेस की महासचिव चंपा ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष योगेश पटियाल, ग्राम पंचायत कोट के उप प्रधान विजय ठाकुर, ग्राम पंचायत द्रुब्बल की प्रधान रेखा ठाकुर, खलाणु पंचायत की प्रधान कुमारी कुसुम, लागधार पंचायत के प्रधान राकेश राणा, एसडीएम कोटली असीम सूद, अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग अनिल शर्मा, अधिशाषी अभियंता डीके वर्मा सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## जिलास्तर पर सुनिश्चित हो कर्मचारियों की वरिष्ठता



एडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए उपायुक्त कार्यालय कर्मचारी संघ के पदाधिकारी।

**अनंत ज्ञान, मंडी**

उपायुक्त कार्यालय कर्मचारी संघ जिला मंडी की बैठक विजय सिंह प्रधान की अध्यक्षता में हुई, जिसमें मुख्यत: जिला कैडर से राज्य कैडर की अधिसूचना बारे विस्तार से चर्चा की गई। बैठक उपरांत एक ज्ञापन एडीएम मंडी मदन कुमार के माध्यम से सरकार को भेजा गया।

बैठक में समस्त कर्मचारियों ने सरकार से मांग की है कि कर्मचारियों की वरिष्ठता को जिला स्तर पर ही सुनिश्चित किया जाए, जिससे कर्मचारियों को भविष्य में पदोन्नति संबंधित समस्याओं का सामना न करना पड़े।

बैठक में हिप्र राज्य कानूनगो व पटवारी संघ द्वारा लिपिक वर्ग के 20 प्रतिशत नायब तहसीलदार के कोटे बारे जो हस्तक्षेप किया जा रहा है वह सर्वथा अनुचित एवं न्याय संगत नहीं है, क्योंकि नायब तहसीलदार की भर्ती एवं पदोन्नति नियमों के अनुसार उपायुक्त कार्यालय, भू-निदेशक और बंदोबस्त कार्यालय के वरिष्ठ सहायक, स्टेनोग्राफर को 20 प्रतिशत पदोन्नति कोटा प्रदान करने का प्रावधान लंबे समय से सरकार द्वारा किया गया है, जिससे कर्मचारियों को पदोन्नति का अवसर मिल सके। 20 प्रतिशत 'बी' श्रेणी के नायब तहसीलदार उम्मीदवारों को तीनों विभागों के वरिष्ठ सहायक, स्टेनोग्राफर में से पदोन्नत किया जा रहा है, जिससे इन श्रेणियों के कर्मचारियों को गजटेड, कार्यकारी पदों में पदोन्नति का अवसर मिल रहा है।

उपायुक्त कार्यालय कर्मचारी संघ जिला मंडी की संपूर्ण कार्यकारिणी व समस्त कर्मचारी हिप्र राज्य कानूनगो व पटवारी संघ की मांग का पुरजोर विरोध करता है और सरकार से लिपिक वर्ग के नायब तहसीलदार के कोटे को 20 प्रतिशत प्रतिशत से बढ़ाकर 40 प्रतिशत किए जाने बारे अनुरोध करता है जिस बारे पूर्व में भी राज्य कार्यकारिणी द्वारा सरकार से अनुरोध किया गया है।

## वेद प्रचार सप्ताह व श्रावणी पर्व का समापन

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**



हवन-यज्ञ के दौरान बच्चे व अन्य।

वैदिक हवन से हमारा मन शुद्ध होता है और हमें आध्यात्मिक शक्ति मिलती है। वेद प्रचार सप्ताह व श्रावणी पर्व के समापन अवसर पर वैदिक हवन का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य संजय ठाकुर व उनकी पत्नी ने भी हवन में आहुतियां डाली।

इस अवसर पर गायत्री परिवार से सुमेंद्र ठाकुर ने मुख्यतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने वैदिक हवन का हिस्सा बनकर वेद प्रचार सप्ताह की शोभा को बढ़ाया। इस अवसर पर उन्होंने हवन के महत्व का वर्णन किया। उन्होंने बच्चों को संदेश देते हुए कहा कि वैदिक हवन से हमें भगवान से जुड़ने का अवसर मिलता है और हमें उनका आशीर्वाद मिलता है। उन्होंने कहा कि वेदों में प्रकृति के प्रति सम्मान और आदर का संदेश है। जो हमें प्रकृति की रक्षा करने की प्रेरणा देता है।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय ठाकुर ने बच्चों को वैदिक सप्ताह की विशेषता, वेदों के महत्व, यज्ञ की उपयोगिता व नैतिक मूल्यों की प्रेरणा दी।

उन्होंने कहा कि आर्य समाज एक सामाजिक और धार्मिक संगठन है जो समाज सुधार और वेदों के प्रचार के लिए कार्य करता है। प्रधानाचार्य जी ने बच्चों को संदेश देते हुए कहा कि वे भी वैदिक मार्ग पर चलते हुए आर्य समाज के नियमों को अपनाएं व अपने समाज और देश के कल्याण के प्रति योगदान प्रदान करें।

### हिमांशु कश्यप बने नगर अध्यक्ष



नवनियुक्त कार्यकारिणी के सदस्य।

**अनंत ज्ञान, मंडी**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मंडी ने मंडी नगर की नवनियुक्त कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है।

नगर अध्यक्ष हिमांशु कश्यप को बनाया गया वहीं शुभम चंचल नगर मंत्री होंगे। नगर उपाध्यक्ष के रूप में रितु शर्मा, दीपक शर्मा, सरिता वर्मा, योगिता चौहान होमी देवांग कपूर और नगर सह मंत्री सूर्यांश, रोहित, जतिन, उदय नगर सोशल मीडिया संयोजक रोहित, नगर कोषाध्यक्ष निशांत गुलेरिया, नगर एसएफडी संयोजक अनिता ठाकुर, नगर एसएफएस संयोजक तिलक वर्मा, कला मंच संयोजक डिंपल शर्मा, नगर खेलो भारत संयोजक नरेश, नगर विद्यालय संयोजक उज्ज्वल एवं सह संयोजक जय सिंह, नगर महाविद्यालय संयोजक गौरव चौधरी एवं कार्यकारिणी सदस्य शिल्पी शर्मा व वंदना बने।

### जन्माष्टमी पर निकाली जाएगी शोभायात्रा

**कविता, पधर।** जन्माष्टमी के उपलक्ष्य पर उपमंडल मुख्यालय पधर में विश्व हिंदू परिषद प्रखंड पधर द्वारा शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है। दुर्गा वाहिनी सह संयोजिका जिला जोगिंद्रनगर कविता चौहान ने बताया कि जन्माष्टमी पर शिव मंदिर पधर से सुबह 11 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी। जोकि पधर बाजार से होते हुए नारला तक जाएगी। उन्होंने क्षेत्र के सभी लोगों से आग्रह किया है कि वे सोमवार को श्री राधा कृष्ण की भव्य शोभा यात्रा में भाग लेकर अपने आप को धन्य करें।

## विद्यार्थी परिषद ने किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, मंडी**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मंडी महाविद्यालय के अंदर बंगाल में हुई एक डॉक्टर के साथ बर्बरता के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। विद्यार्थी परिषद के प्रदेश सह मंत्री विशाल ठाकुर ने कहा कि मंडी महाविद्यालय में विद्यार्थी परिषद ने डॉक्टर को न्याय दिलाने के लिए अपनी आवाज बुलंद की व पश्चिम बंगाल की ममता की भ्रष्ट व संवेदनहीन सरकार के खिलाफ युवाओं को एकजुट हो कर बंगाल में महिला सुरक्षा को सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

गौर हो कि पश्चिम बंगाल के कोलकाता के मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या की घटना सामने आई है। पश्चिम बंगाल गत अनेकों माह से महिला सुरक्षा से संबंधित घटनाएं हो रही हैं। ऐसे दुष्कर्मों में संलिप्त लोगों को बचाने का प्रयास पश्चिम बंगाल की ममता सरकार कर रही है।

टीएमसी के गुंडों द्वारा भी ऐसे अनेकों दुष्कर्म पूर्व में किए गए, परंतु उनके विरुद्ध में कोई भी कार्रवाई ममता सरकार द्वारा नहीं की गई। बंगाल में हो रही यह घटनाएं मानवता को शर्मसार करने वाली हैं। इन घटनाओं को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थी परिषद ने डॉक्टर केस की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

### 11 सितंबर तक होगा हरड़गलू नलवाड़ मेला

**कविता, पधर।** पांच दिवसीय हरड़गलू नलवाड़ मेला 6 सितंबर से धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। मेला कमेटी की प्रधान पमिन्द्रा देवी ने बताया कि हरड़गलू नलवाड़ मेला 6 सितंबर से 11 सितम्बर तक आयोजित किया जाएगा। 10 सितंबर को समापन समारोह आयोजित होगा। वहीं 11 सितंबर को खेल मैदान में लखदाता छीज का आयोजन किया जाएगा। मेले से जुड़े हुए सभी लोग, व्यापारी वर्ग, महिला मंडल तथा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देने वाले प्रतिभागी 30 अगस्त से पहले अपने आप को मेला कमेटी के पास पंजीकृत करवा लें।

## अपने दायित्वों को निभाते रहेंगे : रामायणी

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



अखिल भारतीय संत समिति के अध्यक्ष श्री श्री 1008 महंत राम मोहन दास रामायणी ने कहा कि जब से उन्होंने हिन्दू समाज को जागृत करने तथा उन्हें असामाजिक तत्वों से सजग रहने का बीड़ा उठाया है तब से उन्हें इसका अंजाम भुगतने की धमकी दी जा रही है।

गत दिन पहले लदरूहीं भी उन्हें अंजाम भुगतने की धमकी दी गई उन्होंने प्रदेश के डीजीपी तथा जोगिंद्रनगर पुलिस थाना को मेल भेज कर सुरक्षा की मांग की है। रामायणी ने कहा कि अगर उन्हें कुछ हुआ तो इसके लिए प्रदेश तथा देश के गृह मंत्री जिम्मेदार होंगे। रामायणी ने यहां बाते जोगिंद्रनगर में आयोजित प्रेस वार्ता में कहीं। उन्होंने ने कहा कि जोगिंद्रनगर पिछले कुछ समय से बाहरी राज्यों से एक समुदाय के लोगों के यहां बिना पुलिस वेरिफिकेशन के रहने पर उन्होने चिंता व्यक्त की थी।

उन्होंने धर्मगुरू से भी आग्रह किया था कि पुलिस से वेरिफिकेशन के बाद ही आप यहां लोगों को आने की अनुमति दिया करें, लेकिन बाद में पाया गया कि बिना पुलिस वेरिफिकेशन के यह विशेष समुदाय के लोग यहां आ रहे है।

उन्होंने कहा कि जोगिंद्रनगर के आसपास होने वाली चोरियों के कारण, लोग इतनी समस्या नहीं पैदा कर रहे जितनी कुछ उपद्रवी लोग जो सांप्रदायिकता बढ़ाने का प्रयास कर रहे है । सनातन धर्म की रक्षा के लिए संतों ने पहले भी अपनी जान की परवाह किये अपने दायित्वों को निभाया है आगे भी निभाया जाता रहेगा।

**सफलता** — जोगिंद्रनगर पुलिस के हाथ लगी कामयाबी, 2 मामलों में 5 युवक गिरफ्तार

# आरोपियों को किया कोर्ट में पेश, पांच दिन का मिला पुलिस रिमांड

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर में गत एक माह से चोरी की बारदातों को अंजाम देने वाले चोर गिरोह आखिरकार पुलिस के शिंकजे में आ गया है।

जोगिंद्रनगर पुलिस ने दो अलग अलग मामलों में 5 युवकों को गिरफतार किया है । चोरों द्वारा 2 अगस्त को जोगिन्द्रनगर के काली माता मन्दिर की मूर्ती की नथ चुरा ली थी, जिसकी शिकायत 22 अगस्त को मंदिर की देखभाल तथा पूजा करने वाले संजीव कुमार ने पुलिस शिकायत में की थी जिसमें उन्होनें कहा था वह बाहर गये थे पता चला कि गत 2 अगस्त को गरोड़ू निवासी रोहित कुमार तथा एक अन्य जिसे रोहित, पीटर कह रहा था मंदिर से बाहर निकले थे जिन्हें उसके भाई ने देखा था उन्हे देखते वह भाग गये थे पुलिस ने दोनों को गिरफ तार किया है। दोनों को आज न्यायलय में पेश किया जहां कोर्ट ने उन्हें 25 अगस्त तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया। दूसरे मामले के तहत पुलिस ने तीन युवकों विशाल ऊर्फ माफिया निवासी बालकरूपी,सुनील कुमार निवासी समलोट,तथा स्वर्ण निवासी मोहनघाटी को गिरफतार किया है सभी पांचो युवकों की उम्र 18 से 30 वर्ष के बीच बताई गई है। थाना प्रभारी सकिनी कपूर ने कहा कि बताया कि चोरों के कब्जे से एक सोने की चेन,2 अंगूठीयां,2 कांटे बरामद किये गये है। उन्होंने कहा कि चोरी की मामलों में और लोग भी शामिल हो सकते है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

जोगिंद्रनगर में पिछले एक माह से हो रही चोरी की बारदातों ने पुलिस विभाग की नींद हराम कर दी थी। पुलिस द्वारा लोगों को जागरूक किया जा रहा था लेकिन उसके बावजूद भी चोर अपने इरादों को अंजाम देने से पीछे नही हट रहे थे। हांलाकि पुलिस द्वारा चोरों की धडपकड के लिये क्यूआरटी टीम को फि ल्ड में उतारा गया। लेकिन उसके बाद भी चोरों की घटनाओं पर कोई कमी नहीं देखी गयी।

बढ़ती बारदातों को देखते हुये एसपी मंडी साक्षी वर्मा को खुद यहां आकर पंचायत प्रतिनिधियों की बैठक को संबोधित किया तथा असमाजिक तत्वों पर पैनी निगाह रखने तथा पुलिस प्रशासन का सहयोग करने का आग्रह किया। खैर चोरों के इस गिरोह के पुलिस के हत्थे चढ़ने से अब लोगों ने चैन की सांस ली है। (अनंत ज्ञान)



गिरफ्तार आरोपी पुलिस टीम के साथ फाइल तस्वीर।

### कांग्रेसी नेताओं की राजनीति का शिकार हो रहे छात्र : जम्वाल

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** प्रदेशभर में सैंकड़ों स्कूल बंद करने के राज्य की सुक्खू सरकार के निर्णय पर प्रदेश भाजपा मुख्य प्रवक्ता और सुंदरनगर विधायक राकेश जम्वाल ने कहा की हिमाचल शिक्षा के क्षेत्र में एक विशिष्ठ स्थान रखता है परंतु पिछले 20 माह में राज्य सरकार की अव्यवस्थित कार्यप्रणाली और शिक्षा विरोधी निर्णयों ने शिक्षा व्यवस्था पर ग्रहण लगा कर रख दिया है।



सुंदरनगर में ही राजनीतिक द्वेष और कांग्रेसी नेताओं की ओछी राजनीति के कारण शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है । स्कूलों पर ताला लगाने का फैसला मासूमों के भविष्य पर प्रश्नचिन्ह लगा चुका है।

### कोदरे की मिठाई और फ्रूट बर्फी तैयार करेगा एफपीओ धर्मपुर



कार्य योजना बनाने के दौरान एफपीओ धर्मपुर के सदस्य व महिलाएं।

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

अध्यक्ष सत्तपाल सिंह चौहान और सचिव भूपेंद्र सिंह ने बताया कि एफपीओ ने सिद्धपुर के सकोह स्थित एग्रो प्रोसेसिंग केंद्र के द्वार दीपावली को ध्यान में रखते हुए इस बार 20 क्विंटल कोदरे की मिठाइयां बनाने की योजना बनाई है।

जिसकी योजना गत दिवस तैयार कर दी गई जिसे तैयार करने में खाद्य पदार्थ विशेषयज्ञ व मार्गदर्शक संस्था के स्रोत व्यक्ति डॉ. हरदयाल सिंह गुलेरिया ने प्लान तैयार करवाया है। अब इस केंद्र के साथ सकोह-2, तड्डून्न, खानोड़ तथा समौड़ के महिला समूहों भी जोड़ा गया है।

इसके अलावा घरवासड़ा के श्री अन्न महिला एग्रो प्रोसेसिंग केंद्र का पंजीकरण भी हो गया है और वहां पर हल्दी पाउडर के अलावा मिश्रित शुगर कंट्रोल आटा तथा स्थानीय दालों की कलेक्शन और पैकेजिंग का काम भी इस सीज़न से शुरू किया जा रहा है तथा ढींगरी मशरूम और जामुन के बीजों का पाऊडर बनाने की भी योजना बनाई गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### पुलिस ने चूरा-पोस्त के साथ किए दो काबू

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस ने चेकिंग के दौरान ट्रक चालक से चूरा-पोस्त और खसखस पकड़ी है। बताया जा रहा है कि संतोषगढ़ से टाहलीवाल की तरफ आते हुए ट्रक से ट्रक चालक वरिंद्र सिंह पुत्र गुरदास राम तथा राजिंद्र सिंह पुत्र मेंहगा राम निवासी गांव हलेड़ा बिलना तहसील हरोली को 54.910 ग्राम चूरा-पोस्त तथा 49.730 ग्राम खसखस सहित पकड़ा है। पुलिस उपरोक्त दोनों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज करके आगामी कार्रवाई कर रही है।

### जांच शिविर में 98 लोगों का स्वास्थ्य जांचा



**टाहलीवाल।** सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के मार्गदर्शन मे प्रयास संस्था द्वारा संचालित मोबाइल अस्पताल की हरोली टीम (प्रीति, मनीष, निहाल) ने डॉ. प्रदीप के नेतृत्व में गांव पंचायत घालुवाल मे स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। इसमें 98 लोगों की स्वास्थ जांच की गई व 40 लोगों के ब्लड टेस्ट किए गए। मरीजों को उपयुक्त उपचार सलाह एवं दवाइयों का वितरण भी निशुल्क किया गया। इस शिविर के आयोजन के लिए स्थानीय पंचायत उपप्रधान अनिल जसवाल ने सांसद अनुराग ठाकुर का आभार व्यक्त किया।

### वोल्टस एनर्जी के 29 को भरे जाएंगे पद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** मैसर्ज वोल्टस एनर्जी इन-कॉरपोरेशन प्राइवेट लिमिटेड में पुरुष वर्ग के 25 पद भरे जाएंगे। इन पदों के लिए साक्षात्कार 29 अगस्त को प्रातः 10 बजे जिला रोजगार कार्यालय ऊना में आयोजित किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ऊना अक्षय शर्मा ने बताया कि इन पदों में इलेक्ट्रिकल के 5 पद, इलेक्ट्रॉनिक्स के 5 पद, मेकेनिकल के 5 पद, एलटी वायर और केबल ऑपरेटर के 5 पद और ट्रेनी इंजीनियर के 5 पद शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए अभ्यर्थी की आयु 18 से 28 वर्ष निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ व मूल प्रमाण पत्र सहित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 98055-12587 पर संपर्क किया जा सकता है। साक्षात्कार में आने-जाने का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

### बीटन कॉलेज में मनाया राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस



**नरेश सिंघा, टाहलीवाल।** एसडीडब्ल्यूजी गवर्नमेंट कॉलेज, बीटन में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस को बड़े उत्साह और हर्ष के साथ मनाया गया। समारोह में 'भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान प्रगति, वर्तमान और भविष्य' विषय पर एक भाषण प्रतियोगिता, अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी के बारे में छात्रों को शिक्षित और प्रेरित करने के लिए डिजाइन की गई। समारोह की शुरुआत कॉलेज के प्रो. गुरदेव सिंह द्वारा उद्घाटन भाषण के साथ हुई। भाषण प्रतियोगिता में बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा वंशिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस समारोह में डॉ. दलीप बाली, डॉ. उमा रानी, प्रो. ऋचा शर्मा, डॉ. गुरमेल सिंह, प्रो. गुरजीत कौर, प्रो. बूटा राम, प्रो. रमेश कुमार और प्रो. ज्योति शर्मा भी उपस्थित थे। डॉ. गौरव शर्मा ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

### टीबी को लेकर उपमंडलाधिकारी ने बढ़ाई जागरूकता



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल अधिकारी बंगाणा सोनू गोयल ने स्वास्थ्य विभाग की ब्लॉक टास्क फोर्स के साथ बैठक की। इसमे उपमंडल अधिकारी बंगाणा ने टीबी के बारे में विस्तृत चर्चा की। इसके बाद उन्होंने उन लोगों की सराहना कि जिन्होंने पहले खुद टीबी बीमारी का सामना किया और अब लोगों को इस बीमारी के बारे में जागरूक कर रहे हैं। उन्होंने मरीजों से पूछा कि उन्हें प्रशासन की तरफ से क्या सहायता मिली। इसके बाद उन्होंने टीबी मरीज से टीबी चैंपियन तक का सफर पूरा करने के लिए उनका हौसला बढ़ाया। इसके ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर नरेश शर्मा ने सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि टीबी से पीड़ित लोगों को इसका इलाज जितनी जल्दी हो सके, करवा लेना चाहिए क्योंकि यह कोई लाइलाज बीमारी नहीं है। इस मौके पर तहसील बंगाणा अमित कुमार और स्वास्थ्य विभाग के अनेक अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### उद्योग प्रबंधन ने रक्तदान शिविर लगाया



**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** यंगमैन सिंथेटिकस उद्योग द्वारा पहला रक्तदान शिविर लगाया गया। कैंप में दानियों ने 40 यूनिट खून दान किए। जानकारी देते हुए उद्योग के जनरल मैनेजर दलजीत सिंह ने बताया है कि शुक्रवार को यंगमैन सिंथेटिकस के प्रांगण में यह कैंप लगाया गया, जिसमें उद्योग के कामगार व कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जिन व्यक्तियों ने खून दान किया, उनको उद्योग की तरफ से रिफ्रेशमेंट दी गई, साथ सर्टिफिकेट व सिरोपा डाल कर सम्मानित भी किया गया। जनरल मैनेजर का कहना है ऐसे पुण्य के कार्य मनुष्य को करने चाहिएं और इसमें ज्यादा से ज्यादा सहयोग करना चाहिए। क्षेत्रीय हस्पताल ऊना से डॉ. अंकिता चड्डा, सुनीता सैनी, नीलम रानी, चंचल चौहान, अमित, धर्मपाल टीम द्वारा खून दानियों से खून लेते हुए। इस कैम्प में जंगमैन उद्योग के जीएम दलजीत सिंह, एचआर महेश कुमार, गोंदपुर जयचंद के प्रधान अनूप अग्निहोत्री, अनूप अग्निहोत्री, राज सिंह सीएसओ मौजूद रहे।

### ऊना जिले के युवक की हमीरपुर बस स्टैंड के पास अचानक तबीयत बिगड़ी, मौत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** बस स्टैंड हमीरपुर के पास ऊना जिले के 32 वर्षीय युवक की अचानक तबीयत बिगड़ गई, जिसे 108 एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में ले गए। मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने युवक के परिजनों से संपर्क कर शव का पोस्टमार्टम करवाकर सौंप दिया है। एसपी भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि ऊना के युवक की तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई है।

# उपायुक्त ने निर्माणाधीन पीजीआई सैटेलाइट सेंटर का किया निरीक्षण

## कार्य को समय पर पूरा करने के दिए निर्देश, बिजली, पानी और जल निकासी को सुनिश्चित करने को कहा

**राजेश शर्मा, ऊना**

उपायुक्त जतिन लाल ने शुक्रवार को ऊना के मलाहत में निर्माणाधीन पीजीआई सैटेलाइट सेंटर का निरीक्षण किया और कार्य प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कार्यान्वयन एजेंसी 'हाईट्स' के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर निर्माण कार्य को गति देकर समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने वहां इसी साल दिसंबर माह तक ओपीडी सेवा शुरू करने की योजना को ध्यान में रखते हुए, बिजली, पानी और जल निकासी की सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।



पीजीआई सैटेलाइट सेंटर के निर्माण कार्य का जायजा लेते डीसी जतिन लाल।

उपायुक्त ने बताया कि पीजीआई सैटेलाइट सेंटर का 33 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है और शेष कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। सेंटर की ओपीडी और गेस्ट हाउस का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है, जबकि फ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (ईटीपी) और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का प्रपोजल भेजा गया है, जिस पर स्वीकृति की प्रतीक्षा है। उन्होंने सेंटर की चारदीवारी और संपर्क सड़कों के निर्माण कार्यों की प्रगति पर भी संतोष व्यक्त किया।

सेंटर की चारदीवारी की डिमार्केशन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है और जल्द ही शेष रहती चारदीवारी के निर्माण को जल्द पूर्ण किया जाएगा। इसके अलावा सेंटर में बनने वाली संपर्क सड़कों का निर्माण भी पूर्ण हो चुका है। गौरतलब है कि ऊना शहर के मलाहत गांव में 35 एकड़ भूमि पर लगभग 450 करोड़ रुपऐ की राशि व्यय करके 300 बेड का पीजीआई सैटेलाइट सेंटर बनाया जा रहा है। वहां पीजीआई चंडीगढ़ की तर्ज पर ऊना, कांगड़ा, हमीरपुर व बिलासपुर जिलों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी।

**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर सहायक आयुक्त ऊना वरिंद्र शर्मा, एसडीएम ऊना विश्व मोहन देव चौहान, पीजीआई के नोडल अधिकारी राजीव बस्सी, हाईट्स के सीपीएम अश्वनी कौल, प्रोजेक्ट अभियंता आशीष कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी सहित अन्य मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### उपायुक्त ने जैजों हादसे के पीड़ित परिवारों को रेडक्रॉस से दी 80 हजार की मदद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपायुक्त जतिन लाल ने जैजों हादसे के पीड़ित परिवारों को जिला रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से 80 हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान की है। उन्होंने हादसे के प्रभावित चारों परिवारों को रेडक्रॉस की ओर से 20-20 हजार रुपऐ प्रदान किए। उपायुक्त ने शुक्रवार को राहत राशि के चेक नायब तहसीलदार को सौंपते हुए उन्हें ये चेक मृतकों के परिजनों को उनके घर जाकर सौंपने के निर्देश दिए। वहीं, जतिन लाल ने होशियारपुर के डीसी को पत्र लिखकर पीड़ित परिवारों को राहत मैनुअल के अनुरूप जल्द से जल्द राहत राशि प्रदान करने का अनुरोध किया है।

### कर्मचारियों के साथ किए हर वादे को क्यों पूरा नहीं कर रही सुक्खू सरकार : भुट्टो



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** पूर्व विधायक देवेंद्र भुट्टो ने कहा कि राज्य सरकार ने जो अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ वादे किए हैं, उन्हे अब मुख्यमंत्री क्यों पूरा नहीं कर रहे हैं? आखिर पौने दो वर्षो में ही राज्य के सरकारी कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर क्यों सड़कों पर उतर रहे हैं। इससे साफ पता चलता है कि राज्य सरकार केवल मित्रों को खुश करने के लिए खजाने खाली कर रही है और राज्य के कर्मचारियों की मांगों को पूरा करने पर यूटर्न ले रही है।

### बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर करेंगे निर्वाचक नामावलियों का सत्यापनः डीसी

**अनंत ज्ञान, ऊना।** भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार ऊना जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा घर-घर जाकर निर्वाचक नामावलियों की सत्यापन प्रक्रिया की जा रही है। यह जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि निर्वाचक नामावलियों के शुद्ध, त्रुटिरहित व अध्ययन का कार्य 8 सितंबर तक चलेगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान बूथ लेवल अधिकारी घर के मुखिया की मदद से फोटोयुक्त मतदाता सूची में विद्यमान मतदाता की प्रविष्टियों का सत्यापन करेंगे तथा त्रुटि पाए जाने पर उसे प्रारूप 8 के जरिए ठीक किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त ने जिला के सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि वे बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा की जा रही मतदाता सूचियों के सत्यापन प्रक्रिया में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें।

### पीएआर की रिद्धिमा संस्कृत भाषण और श्लोकोच्चारण में रही प्रथम

**विनोद शर्मा, लठियानी।** सनातन धर्म आदर्श संस्कृत महाविद्यालय डोहगी में संस्कृत सप्ताह के अंतिम दिन बंगाणा क्षेत्र के विद्यालयों और महाविद्यालय के छात्रों के लिए कनिष्ठ, मध्यम और वरिष्ठ स्तर पर संस्कृत भाषण, संस्कृत गीतिका और श्लोकोच्चारण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन कनिष्ठ स्तर की संस्कृत भाषण प्रतियोगिताओं में पी.ए.आर पब्लिक स्कूल की रिद्धिमा ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। वरिष्ठ स्तर की भाषण प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा तनु ठाकुर ने प्रथम, श्लोकोच्चारण प्रतियोगिताओं के कनिष्ठ वर्ग में पीएआर पब्लिक स्कूल की छात्रा रिद्धिमा ने प्रथम, मध्यम स्तर के श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता में महाविद्यालय के कृष्णम को प्रथम, वरिष्ठ स्तर पर अनुराधा वैष्णवी प्रथम रही। संस्कृत गीतिका प्रतियोगिता में कनिष्ठ स्तर का प्रथम पुरस्कार आर्य पब्लिक स्कूल की छात्रा खुशी ने जीता। संस्कृत गीतिका में वरिष्ठ स्तर पर महाविद्यालय की छात्रा वैष्णवी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उक्त सभी को सम्मानित किया गया। इन प्रतियोगिताओं में निर्णायक के रूप में संस्कृत महाविद्यालय डोहगी के वरिष्ठ आचार्य डॉ. रवि दत्त शर्मा, डॉ राजेंद्र कुमार शर्मा, डॉ हरे कृष्णा झा, डॉ कृष्णा देवी, डॉ. प्रीतम सिंह, अनीता रानी, संध्या और डॉ. अरुणा शर्मा ने भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं का संयोजन महाविद्यालय के आचार्य डॉ. मुकेश कुमार शर्मा ने किया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की छात्राओं वंदना शर्मा और श्रुति देवी ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. लालसिंह पठानिया, डॉ. रविदत्तशर्मा, डॉ. राजिंद्र कुमार शर्मा, रवि कन्याल, विपिन पटयाल ने किया।

### क्षेत्रीय अस्पताल से तांबे के पाइप चोरी करने के मामले ने खड़े किए सवाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना।** स्थानीय क्षेत्रीय अस्पताल से तांबे की पाइप चोरी होने के मामले को लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं। हालांकि इस मामले में सीएमओ की ओर से पुलिस में शिकायत तो दर्ज करवा दी गई है, लेकिन शिकायत दर्ज करवाने भर से ही स्वास्थ्य महकमा अपना पीछा नहीं छुड़ा सकता है।

बता दें कि ऊना अस्पताल में ऑक्सीजन गैस की सप्लाई और कोविड-19 के दौरान स्पेशल वार्ड बनाए जाने और वहां तक ऑक्सीजन गैस की सप्लाई के लिए तांबे का पाइप अस्पताल के स्टॉक में पहुंचा था। इसमें कुछ अन्य केंद्रों पर भी या स्टॉक पहुंचना था। बताया जा रहा है कि इस सामग्री को लेकर अस्पताल में जांच की गई तो यह गायब पाई गई। अब अस्पताल प्रबंधन की ओर से इस मामले की विभागीय स्तर पर छानबीन शुरू कर दी गई है। पुलिस में मामला दर्ज भी करवा दिया गया है।

हैरानी की बात तो यह है कि अस्पताल से तांबे की पाइप चोरी होने के पीछे महज किसी कर्मचारी का हाथ होने की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। अस्पताल के इर्द-गिर्द सीसीटीवी कैमरे और अस्पताल में 24 घंटे सुरक्षा कर्मियों की तैनाती होते हुए भी या चोरी किसी साजिश की तरफ इशारा कर रही है। यह स्टॉक किसी कर्मचारी ने जानबूझकर गायब किया है या करवाया है अथवा इसमें किसी की मिलीभगत है, इन संभावनाओं से कहीं इनकार नहीं किया जा सकता है। उधर, एसपी ऊना राकेश सिंह के मुताबिक मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने भरोसा दिलाया है कि मामले की तहकीकात गहनता से की जाएगी।

## कुटलैहड़ की हर पंचायत 15 सितंबर तक खर्च करे विकास पर स्वीकृत धनराशि : विवेक शर्मा

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

कुटलैहड़ विस क्षेत्र में हर पंचायत प्रतिनिधि अपनी पंचायत के विकास कार्यों में तेजी लाएं और सभी लंबित पड़े विकास कार्य और जो भी जिस भी पंचायत में विकास कार्यों के लिए धन स्वीकृत हुआ है, वह सारा खर्च हो और 15 सितंबर तक कुटलैहड़ की हर पंचायत के विकास कार्य की नई रिपोर्ट पंचायत प्रतिनिधि तैयार करें और खास कर उस रिपोर्ट में पहले सरकार द्वारा विकास के लिए दी गई धनराशि खत्म होनी चाहिए।



डीआरडीए भवन ऊना में अधिकारियों के साथ बैठक करते विधायक विवेक।

ये शब्द कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने कुटलैहड़ विस क्षेत्र की पंचायतीराज विभाग की बैठक में संबोधित करते हुए कहे। विधायक विवेक शर्मा ने कड़े शब्दों में कहा कि राज्य सरकार और खास कर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का कुटलैहड़ को विशेष आशीर्वाद मिल रहा है, लेकिन बीते डेढ़ वर्ष में जो कुटलैहड़ की पंचायतों के विकास के लिए सरकार से धन स्वीकृत हुआ था, उसका 60 प्रतिशत पैसा विकास खंड बंगाणा में लंबित पड़ा है।

शर्मा ने बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों से पूछा कि आखिर उस पैसे को क्यों डेढ़ वर्ष से कार्यालय बंगाणा में लंबित रखा गया है। क्यों पंचायत प्रतिनिधि उस पैसे को खर्च नहीं कर पा रहे हैं। विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ की हर पंचायत के हर वार्ड के हर गांव हर घर तक विकास की गाथा पहुंचाने की जितनी जिम्मेदारी मेरी है, उतनी ही आपकी भी बनती हैं। जब पिछला पैसा खर्च होगा, तभी हम राज्य सरकार से आगे विकास के पैसे की मांग करेंगे। विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ के रहे कांग्रेस विधायक कुटलैहड़ की जनता में कहते फिरते थे कि सरकार मेरी नहीं सुनती और न ही कुटलैहड़ के विकास को धन मिलता है, आज उन्हीं के कार्यकाल का विकास खंड बंगाणा में करोड़ों की धनराशि पड़ी है जो 14 माह में खर्च नहीं हो पाई हैं।

इस मौके पर खंड विकास अधिकारी, पंचायती राज विभाग के अधिकारी कर्मचारी, पंचायत प्रधान उपप्रधान, पंचायत सचिव के अलावा अन्य गणमान्य मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

## रेड रन मैराथन में प्रथम रहे अंब कॉलेज के अभिषेक का भव्य स्वागत

**विवेक शर्मा, अंब**

महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अंब के रेड रिबन क्लब के छात्र अभिषेक सिंह ने रेड रन मैराथन में जिला ऊना में प्रथम स्थान हासिल किया। इस अवसर पर रेड रिबन क्लब के प्रभारी प्रो. अशीष कुमार भी साथ में मौजूद रहे।

रेड रिबन क्लब के प्रभारी प्रो. अशीष कुमार ने बताया कि इस मैराथन का आयोजन एचआईवी एड्स के ऊपर जागरूकता अभियान के तहत किया गया था। इस मैराथन में 5 किलोमीटर की दौड़ हुई जिसमें अम्ब कॉलेज के 6 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था जिसमें पुरुष वर्ग में अभिषेक सिंह ने जिला ऊना में प्रथम स्थान हासिल किया। महिला वर्ग में रेड रिबन क्लब की छात्रा महक ने चौथा स्थान हासिल किया। प्रो. अशीष कुमार ने बताया कि अब अभिषेक सिंह राज्य स्तरीय रेड रन मैराथन में हिस्सा लेने के लिए शिमला में जाएंगे।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार जी ने रेड रिबन क्लब के प्रभारी प्रो. अशीष कुमार और रेड रन मैराथन के विजेता अभिषेक सिंह और महक का महाविद्यालय में पधारने पर हार्दिक स्वागत किया और अभिषेक को आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर प्रोफेसर रेखा शर्मा प्रो. अमित शर्मा, डॉ. पवन पटियाल और प्रो. आशीष कुमार और जीत कुमार उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)



रेड रन मैराथन में विजेता कॉलेज के प्राचार्य व स्टाफ के साथ।

### मंदिर में चोरी करने के बाद भागे पंजाब के दो युवक ग्रामीणों ने धरे

**अनंत ज्ञान, हरोली।** उपमंडल हरोली में चोरियां रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। चोरों द्वारा मंदिरों को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। 10 दिनों के भीतर 5 मंदिरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। ताजा मामला वीरवार देर रात हरौली की ग्राम पंचायत सलोह व बढ़ेडा में सामने आया है। चोरों द्वारा दो मंदिरों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया ।

प्राप्त जानकारी अनुसार वीरवार रात को पंजाब के दो चोरों ने सलोह के शिव मंदिर तथा बढ़ेडा के शनिदेव मंदिर में चोरी की घटना को अंजाम दिया, लेकिन चोरों ने चिट्टे का अत्यधिक सेवन किया हुआ था। बाइक पर भागते हुए दोनों चोर सड़क पर गिर गए तथा बेसुध होकर गिर गए। काफी देर तक उठ नहीं पाए तो स्थानीय लोगों ने उन्हें उठाया। इतनी देर में मंदिर में चोरी होने का पता चला। लोगों को उन पर शक हुआ।

उन्होंने युवकों की पिटाई शुरू की तो उन्होंने दो मंदिरों में चोरी करने की बात कबूली। मौके पर प्रधान विक्रमजीत सिंह ठाकुर और उपप्रधान लाल सिंह पहुंचे तथा पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए चोरों को पकड़ लिया। इससे पहले चोरों द्वारा अर्जुनपुरा स्थित शिव मंदिर में चोरी करते पंजाब के एक चोर को रंगे हाथ पकड़ा था। चोर चिट्टा खाने तथा बेचने का काम करता था, जिस पर पहले भी कई मामले दर्ज थे। तीन दिन पहले भी इसी मंदिर में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। दो दिन पहले जैजों मोड़ स्थित शिव मंदिर में एक चोर द्वारा शिवलिंग पर चढ़कर पीतल की घंटी चुराई गई थी। सीसीटीवी की फुटेज से पुलिस द्वारा चोर को पकड़ा गया था।

### अंब के वार्ड नंबर 2 में बंदरों का आतंक

**विवेक शर्मा, अंब।** उपमंडल अंब की नगर पंचायत अंब के वार्ड नंबर 2 के निवासी बंदरों के आतंक से परेशान हैं। बंदर पूरा दिन मकानों की छतों पर डेरा जमाए रखते हैं ओर जब कोई व्यक्ति घर से बाहर निकलता है, तो उस पर झपट पड़ते हैं। बंदरों का आतंक इतना बढ़ गया है कि महिला हो या छोटे बच्चे, वे घरों से अकेले नहीं निकल सकते। बीते दिनों मोहल्ले की दो महिलाओं के ऊपर बंदरों ने हमला कर घायल कर दिया। बंदरों के हमले में एक महिला की दाएं हाथ की दो अंगुलियां कट गईं तो वहीं दूसरी महिला की टांग टूट गई। वार्ड नं. 2 की गली में स्कूल के बच्चों को कई बार बंदरों के आतंक का सामना करना पड़ता हैं। निवासियों अविनाश, कपिल, विपन, सोहन लाल, सविता, बवीता, सविता, साक्षी और मीनाक्षी का कहना है कि सरकार ओर प्रशासन हमारी इस समस्या को गंभीरता से समझे और इन बंदरों से छुटकारा दिलाए, वहीं अंब फॉरेस्ट ऑफिस के रेंज ऑफिसर अविनाश ने बताया कि आपके माध्यम से मामला ध्यान में आया है और जल्द ही पिंजरा लगाकर इन बंदरों को पकड़ा जाएगा। (अनंत ज्ञान)

**कार्यालय ग्राम पंचायत लड़ोली**
**विकास खंड अम्ब , जिला ऊना (हि.प्र.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हिमाचल प्रदेश (वित्त, वजट, लेखा, संपरीक्षा कराधान एवं भते) नियम 2002 के नियम 67 (5) क व ख के अन्तर्गत ग्राम पंचायत लड़ोली में वित्त वर्ष 2024-2025 के समस्त विकासात्मक कार्यो हेतु पंजीकृत फर्म/सप्लायर जिनका जीएसटी / पैन नम्बर हो उनसे निम्नलिखित निर्माण सामग्री क्रय करने हेतू निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

**सामग्री विवरणः-** रेता, स्टोन डस्ट, बजरी, बजरा (10एमएम, 20एमएम, 40एमएम, 65एमएम), पेवर ब्लॉक ( 40एमएम, 60एमएम, 80एमएम आईएसआई प्रमाणिकता सहित) प्रति पीस, ईंट (ए-क्लास प्रति हजार), किराया मिक्कर प्रतिदिन, किराया टैंकर प्रतिदिन, किराया शटरिंग, ओपन जिम सम्बंधित उपकरण तथा इंडोर जिम सम्बंधित उपकरण, सोलर लाईट, कूलर, प्रीज, AC, कम्प्यूटर सेट, प्रीन्टर, फर्नीचर, अलमारी, व सामान ढुलान विभिन्न जगह से (लड़ोली, पंजोआ खुर्द, पंजोआ कलां, भवरण उर्फ़ घगरूही) इत्यादि के लिए अपनी-अपनी निविदाएं कार्यालय ग्राम पंचायत लड़ोली में दिनांक 26-08-2024 तक समय शाम 5:00 बजे तक बंद लिफाफे में जमा करवां दें। प्राप्त निविदाएं दिनांक 27-08-2024 को प्रातः समय 11.00 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत लड़ोली में निविदाकर्ताओं के समक्ष खोली जाएंगी। निविदा के साथ अपने जीएसटी/पैन नंबर की प्रतिलिपि संलग्न करना अनिवार्य हैं। ग्राम पंचायत बिना अग्रिम सूचना दिए निविदा रद्द करने के लिए पूर्णता स्वतंत्र होगी। अधिक जानकारी व शर्तों के लिए ग्राम पंचायत कार्यलय में सम्पर्क करें।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत लड़ोली**
**विकास खण्ड अम्ब, जिला ऊना (हि.प्र.)**

### उपायुक्त कार्यालय कर्मचारी संघ ने जिला स्तर पर वरिष्ठता मांगी

**ऊना।** उपायुक्त कार्यालय कर्मचारी संघ ऊना की बैठक अशोक शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में उपायुक्त कार्यालय के अधीन समस्त कर्मचारी वर्ग ने भाग लिया, जिसमें मुख्यत: जिला केडर से राज्य केडर की अधिसूचना बारे विस्तार से चर्चा की गई।

समस्त कर्मचारियों ने सरकार से मांग की कि कर्मचारियों की वरिष्ठता जिला स्तर पर सुनिश्चित की जाए ताकि विभिन्न जिलों में कार्य कर्मचारी वर्ग को पदों की अन्य समस्याओं का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि यदि भविष्य में नायब तहसीलदार के 20 फीसद कोटे को कम करने के प्रयास किया गया तो समस्त लिपिक वर्ग के कर्मचारी सरकार के इस निर्णय का पुरजोर विरोध करेंगे। बैठक में उपायुक्त कार्यालय कर्मचारी संघ के प्रधान अशोक कुमार महासचिव गगनदीप सिंह जसवाल, लेखराज, भाग सिंह, सुभाष चंद्र आदि ने भाग लिया

**तैयारी** आयोजन की कवायद तेज, चिंतपूर्णी के विधायक ने उपायुक्त संग लिया तैयारियों का जायजा

## चिंतपूर्णी धाम पर तीन दिवसीय धार्मिक महोत्सव 14 सितंबर से

**अनंत ज्ञान, ऊना**

हिमाचल प्रदेश में धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन को नई गति देने के मकसद से सुप्रसिद्ध शक्तिपीठ श्री चिंतपूर्णी में होने जा रहे तीन दिवसीय 'माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव' के आयोजन के लिए कवायद तेज हो गई है। पहली बार आयोजित किया जा रहा यह महोत्सव 14 से 16 सितंबर तक मनाया जाएगा।

आयोजन की तैयारियों का जायजा लेने के लिए चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन बबलू ने उपायुक्त जतिन लाल संग खेल मैदान अंब का निरीक्षण किया। विधायक ने कहा कि माता श्री चिंतपूर्णी धाम लोगों की आस्था का केंद्र है। हजारों-हजार श्रद्धालु माता श्री चिंतपूर्णी के दर्शनों के लिए आते हैं। यहां महोत्सव का आयोजन सभी श्रद्धालुओं लिए एक बेजोड़ अनुभव होगा। इसमें धार्मिक-आध्यात्मिक-सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने सभी से महोत्सव के सफल आयोजन के लिए जिम्मेदारी से काम करने का आग्रह किया।



चिंतपूर्णी में धार्मिक महोत्सव की तैयारियों का जायजा लेते विधायक और डीसी।

सुदर्शन बबलू ने बताया 14 सितंबर को महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर से लेकर एसडीएम कार्यालय अंब तक एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। उसके बाद शोभायात्रा माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव मेला स्थल खेल मैदान अंब में पहुंचेगी, वहां विभागीय प्रदर्शनियां भी लगाई जाएंगी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन होंगे।

**ये रहे मौजूद :** इस दौरान एसडीएम अंब विवेक महाजन, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रविंद्र कुमार और विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भव्य-दिव्य आयोजन के लिए मिलकर निभाएं दायित्व

वहीं, उपायुक्त जतिन लाल ने महोत्सव का शानदार आयोजन कर इसे यादगार बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि महोत्सव के भव्य-दिव्य आयोजन के साथ इसे एक विशेष पहचान दिलाने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव पहली बार आयोजित किया जा रहा है। इसलिए सभी विभागीय अधिकारी सौंपे गए कार्यों को एकजुटता के साथ पूरा करने का दायित्व निभाएं।

बता दें, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के तहत कुछ महीने पहले चिंतपूर्णी में आयोजित एक कार्यक्रम में शिरकत करते हुए धार्मिक पर्यटन क्षेत्र में एक नवीन पहल करने तथा एक भव्य महोत्सव आरंभ करने की बात कही थी। उन्होंने जिला प्रशासन को इसके आयोजन को लेकर निर्देश दिए थे। प्रशासन ने उनके निर्देशानुरूप आगे बढ़ कर कार्य करते हुए महोत्सव के आयोजन की तैयारी की है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम-खेल प्रतियोगिताएं भी होंगी

उपायुक्त ने बताया कि माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव के उपलक्ष्य पर एक सितंबर से लेकर 30 सितंबर तक विभिन्न स्पोर्ट तथा साहसिक खेलों का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि साहसिक खेलों का आयोजन रामलीला मैदान अंब में किया जाएगा, जबकि सांस्कृतिक कार्यक्रम, तंबोला व खेलकूद प्रतियोगिताएं खेल मैदान अंब में होंगी। इसके साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा प्रदेश सरकार की योजनाओं, उपलब्धियों व कार्यक्रमों से संबंधित प्रदर्शनी स्टॉल भी लगाए जाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### सरसेई पंचायत में रोपे देवदार के 200 पौधे

**पतलीकूहल।** सरसेई पंचायत ने हरिपुर कॉलेज के एनसीसी कैडेट, महिला मंडलों और सहायता समूह के सहयोग से पौधरोपण अभियान का आयोजन किया। इसमें देवदार के 200 पौधे लगाए गए। पंचायत के उपप्रधान किशोर कुमार ने बताया कि यह अभियान बठाहर बिहाल में आयोजित किया गया। इस अभियान के अंतर्गत हरिपुर कॉलेज के एनसीसी कैडेट, महिला मंडल बठाहर, नरमुंडा महिला मंडल बठाहर, शक्ति महिला मंडल सरसेई, कल्याण महिला मंडल रागड़ी और बाल गोपाल सहायता समूह सरसेई के सैकडों सदस्यों ने भाग लिया। पौधरोपण के अलावा पंचायत के सदस्यों, एनसीसी कैडेट, महिला मंडलों और साहयता समूह के सदस्यों की ओर से क्षेत्र में सफाई अभियान भी चलाया गया। उपप्रधान ने एनसीसी कैडेट, महिला मंडलों, सहायता समूह, समाज सेवी संस्थाओं और वन विभाग का इस सफल आयोजन के लिए धन्यवाद किया।

### लोगों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**पतलीकूहल।** कटराईं-न्यूली के सुरभि महिला मंडल ने सरस्वती स्कूल से कटराईं बिहाल के राधा स्वामी सत्संग भवन तक सड़क के दोनों तरफ साफ-सफाई की। इतना ही नहीं सफाई अभियान के दौरान लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया व लोगों को घर के आसपास पानी खड़ा न होने देने को भी कहा। इस सफाई अभियान में पंच रामचंद महिमा मंडल प्रधान पार्वती, कमला, शैली, त्यागी देवकी, दिव्य, रेवती, लज्या, रितु, सीमा, लक्ष्मी और अनीता ने शिरकत की।

### एसएमसी नग्गर स्कूल के अध्यक्ष बने रूम सिंह

**पतलीकूहल।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नग्गर में स्कूल प्रबंधन समिति के चुनाव हुए, जिसमें सर्वसम्मति से रूम सिंह ठाकुर को एसएमसी का अध्यक्ष चुना गया। इस चुनाव में 80 अभिभावकों ने भाग लिया। चुनाव में दिले राम को मुख्य सलाहकार, जबकि रेबत राम, कुंज लाल, गीता, कुंती देवी, निशा, शिवानंद, सोनिया, अनंत राम और लता ठाकुर को सदस्यों के रूप में चुना गया। वहीं, नवनिर्वाचित अध्यक्ष रूम सिंह ने स्कूल प्रबंधन और अभिभावकों का धन्यवाद किया। नवनिर्वाचित स्कूल प्रबंधन समिति स्कूल के विकास और प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### नर्सिंग कॉलेज में मनाया राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस



**कुल्लू।** क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया, जो कि पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस रहा। यह वह दिन था जब भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र पर उतरने वाला पहला देश और चंद्रमा पर सफलतापूर्वक उतरने वाला चौथा देश बना था। हमारे देश में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने और अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में उपलब्धियों का जश्न मनाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम रही चंद्रमा को छूते हुए जीवन को छूना भारत की अंतरिक्ष गाथा, जो समाज और प्रौद्योगिकी पर अंतरिक्ष अन्वेषण के प्रभाव पर प्रकाश डालती है। इस अवसर पर संस्था ने विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया है, जिसमें छात्राओं के लिए अंतरिक्ष विज्ञान पर आधारित प्रदर्शनी तथा सम्मेलन सभा आयोजित की गई। इसका उद्देश्य छात्राओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विकसित करना और उन्हें अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में प्रेरित करना है।

### बढ़ रही वाहनों को नुकसान पहुंचाने की घटनाएं

**पतलीकूहल।** नग्गर में चोरी व वाहनों को नुकसान पहुंचाने की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। अभी हाल ही में जहां धरोहर गांव नग्गर में माता त्रिपुरा सुंदरी मंदिर में चोरों द्वारा, चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। वहीं, कई असमाजिक तत्वों के हौसले अब भी बुलंद हैं। बीती रात मंदिर के साथ मेला ग्राउंड के पास रात को पार्क की गई एक गाड़ी के चारों टायरों को किसी तेज धारदार हथियार से काट दिया गया। गांववासी प्रथम शर्मा, अक्षद सूद, यशपाल, ऋषि कुमार, प्रेम चंद, सुरेंद्र, राकेश, राम चंद ने पुलिस, प्रशासन से आग्रह किया कि नग्गर में बढ़ रही अपराधिक वारदातों को देखते हुए पुलिस की रात्रि गश्त बढ़ाई जाए, ताकि सभी सुरक्षित रह सकें। वहीं, थाना प्रभारी पतलीकूहल रजत शर्मा ने बताया कि गाड़ी के टायर काटने बाबत थाने में कोई भी शिकयत दर्ज नहीं कारवाई गई है। पुलिस द्वारा इस प्रकार के असमाजिक तत्वों को बक्शा नहीं जाएगा। उन्होंने सभी लोगों से आग्रह किया कि जिन के घरों में बाहरी राज्यों के कोई भी लोग किरायेदार के तौर पर रह रहे हैं उनका पंजीकरण पुलिस थाने में करें, ताकि सभी सुरक्षित रह सकें।

### योग अपनाओ, नशा भगाओ से किया जागरूक



**पतलीकूहल।** डीएवी पब्लिक स्कूल कटराईं में बच्चों को योग अपनाओ नशा भगाओ कार्यक्रम के माध्यम से जागरूक किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम को मुख्यतः मानवी शर्मा समाज सेविका और चंद्रिका मल्होत्रा प्रिंसिपल डीएवी पब्लिक स्कूल कटराईं की ओर से आयोजित किया गया, जिसमें मानवी शर्मा ने बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया वहीं, दूसरी ओर रजत शर्मा योगा मास्टर की ओर से बच्चों को योग के महत्व बताए और जीवन में हर रोज योग करने के लिए प्रेरित किया, जिससे सभी बच्चे बहुत प्रभावित हुए और यह भी बताया गया कि कैसे योग को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाया जाए। समाज सेविका मानवी शर्मा द्वारा लगातार यह प्रयास किया जा रहा है कि जीवन में योग को अपनाकर हम नशे का त्याग करें।

# अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में दो स्थानों पर होगा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एवं अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा सांस्कृतिक उपसमिति के अध्यक्ष अश्वनी कुमार की अध्यक्षता में दशहरा सांस्कृतिक उपसमिति व प्लॉट आवंटन समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

इस बैठक में उन्होंने कहा कि इस वर्ष 13 से 20 अक्तूबर तक अंतरराष्ट्रीय कुल्ल्लू दशहरा आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान दिन व रात्रि के समय आयोजित किए जाने वाले विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भव्यता प्रदान की जा रही है। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय दशहरे को भव्यता प्रदान करते हुए दो स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें ऐतिहासिक लालचंद प्रार्थी कलाकेंद्र के अतिरिक्त प्रदर्शनी मैदान में भी एक मंच तैयार किया जाएगा। वहां पर दिन के समय शाम 5:30 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। 7 दिन तक चलने वाले दशहरे उत्सव के दौरान विभिन्न देशों के सांस्कृतिक दलों के अलावा देश के विभिन्न राज्यों के सांस्कृतिक दल, प्रदेश के विभिन्न जिलों के सांस्कृतिक दल और कलाकार सहित कुल्लू के सांस्कृतिक दल व कलाकार भाग लेंगे। 7 दिन चलने वाले दशहरे के दौरान रात्रि के समय आकर्षक सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रदेश सहित कुल्लू के प्रसिद्ध कलाकारों के अलावा नामी कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। कुल्लू दशहरे को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाया जाएगा तथा इसकी ख्याति को देश-विदेश तक पहुंचाने के लिए इसकी सांस्कृतिक विविधता तथा भव्यता की ब्रांडिंग के लिए कार्य किया जाएगा।



दशहरा सांस्कृतिक उपसमिति व प्लॉट आवंटन समिति की बैठक की अध्यक्षता करते एडीएम।

### दशहरा के दूसरे दिन होगी सांस्कृतिक परेड

सांस्कृतिक उपसमिति के अध्यक्ष ने बताया कि अंतराष्ट्रीय दशहरे उत्सव के दूसरे दिन सांस्कृतिक परेड आयोजित की जाएगी। सांस्कृतिक परेड दशहरे का मुख्य आकर्षण रहेगी। इस परेड में विभिन्न देशों के सांस्कृतिक दलों के साथ विभिन्न राज्य व प्रदेश के जिलों के सांस्कृतिक दल पारंपरिक वेशभूषा में भाग लेंगे।

### कुल्लू कार्निवाल का भी होगा आयोजन

20 अक्तूबर को कुल्लू कार्निवाल का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कुल्लू की समृद्ध संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। इसमें कुल्लू के सांस्कृतिक दलों के अलावा महिला मंडल के सदस्य भाग लेंगे।

## तीज पर्व पर दिखेगी भारत व नेपाल की संस्कृति
# छह को लालचंद प्रार्थी कलाकेंद्र में मनाया जाएगा तीज पर्व : सीपी शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



प्रवासी साझा मंच के हिमाचल राज्य समिति के अध्यक्ष सीपी शर्मा ने कहा कि कुल्लू में पहली बार तीज पर्व बड़े स्तर पर मनाया जाएगा।

छह सितंबर को जिला मुख्यालय स्थित लाल चंद प्रार्थी कलाकेंद्र में तीज पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। कुल्लू में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस पर्व में पहली बार भारत और नेपाल के बीच संस्कृति का आदान-प्रदान किया जाएगा। तीज को लेकर आमतौर पर यह मान्यता रहती है कि यह नेपाली महिलाओं की ओर से मनाया जाने वाला पर्व है। यह अवधारणा गलत है, यह नेपाली महिलाओं का ही नहीं, बल्कि हिंदू महिलाओं का भी पर्व है। कुल्लू में मनाए जाने वाले इस पर्व में स्थानीय महिलाओं को भी निमंत्रण दिया गया है। सीपी शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में नेपाल के प्रसिद्ध कलाकार हरु आकर्षण का केंद्र रहेंगे। इसके अलावा नेपाल के ही सिंधुली कला घर ग्रुप की ओर से भी विभिन्न प्रस्तुतियां दी जाएंगी। ऐतिहासिक लालचंद प्रार्थी कलाकेंद्र में तीज के अवसर पर होने वाले रंगारंग कार्यक्रम में नेपाल से आए 10 अंतरराष्ट्रीय कलाकारों के साथ हिमाचली लोक गायक रमेश ठाकुर और रोजी शर्मा भी अपनी प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम में स्थानीय संस्था सूत्रधार कला संगम भी अपना सहयोग कर रही है। कार्यक्रम की तैयारियां अभी से शुरू कर दी गई हैं। सूत्रधार कला संगम के अध्यक्ष दिनेश सेन ने कहा कि प्रवासी साझा मंच का प्रयास सराहनीय है।

# लोनिवि मंत्री से मिला शैलपुत्री माता मंदिर का प्रतिनिधिमंडल



लोनिवि मंत्री विक्रमादित्य सिंह को ज्ञापन सौंपता प्रतिनिधिमंडल।

**अनंत ज्ञान, आनी**

आनी से 11 किलोमीटर दूर शैलापनी स्थित शैलपुत्री माता मंदिर का एक 15 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल शिमला में लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह से मिला।

प्रतिनिधिमंडल महिला कांग्रेस की प्रदेशाध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी कुल्लू की सचिव भागीरथी देवी की अगुवाई में मंत्री से मिला, जहां उन्होंने लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह का डिंगूनाला से शैलापनी तक 600 मीटर बस योग्य सड़क का निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा पूरा किए जाने का आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडल ने लोक निर्माण मंत्री से इस नवनिर्मित संपर्क सड़क को जल्द पास करवाने और जहां जरूरत है, वहां सड़क के दोनों किनारों पर रिटेनिंग वाल और डंगे लगाने की मांग की, जिस पर मंत्री ने मांग को जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में युवा कांग्रेस आनी के उपाध्यक्ष महेंद्र कायथ, भूमिका शर्मा, ज्वाला दास, उत्तम चंद, राज कुमार, पंकज शर्मा, रचना शर्मा आदि मौजूद रहे।

## डॉ. चमेली नेगी ने संभाला विषयवाद विशेषज्ञ का पदभार

**आनी।** उद्यान विभाग आनी में कार्यरत विषयवाद विशेषज्ञ डॉ. उत्तम पराशर के स्थानांतरण के बाद अब इस पद पर उद्यान विभाग करसोग से पदोन्नत होकर डॉ. चमेली नेगी ने अपना पदभार संभाला है।



मूलतः करसोग क्षेत्र की निवासी डॉ. चमेली नेगी पूर्व में रहे कैबिनेट मंत्री स्व. मनसा राम की पुत्र बधू और करसोग विधानसभा क्षेत्र से पूर्व में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी रहे महेश राज की पत्नी हैं। डॉ. चमेली नेगी ने बताया कि पढ़ाई पूर्ण करने के उपरांत उन्होंने उद्यान विभाग में 2009 में बतौर उद्यान विकास अधिकारी अपनी ज्वाइनिंग दी और पांच साल तक किन्नौर में सेवारत रहने के बाद रामपुर बुशहर और करसोग में सेवाएं दीं और हाल ही में सरकार की ओर से पदोन्नति मिलने के बाद उन्होंने उद्यान विभाग के कार्यालय आनी में बतौर विषयवाद विशेषज्ञ अपनी पहली ज्वाइनिंग दी है।

# महिलाओं की सुरक्षा के लिए कड़े कानून लागू करे सरकार : ममता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति कुल्लू ने कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज की रेजिडेंट डॉक्टर मोमिता देब नाथ की 9 अगस्त की रात को क्रूर हत्या व बलात्कार करने के खिलाफ प्रदर्शन किया।

महिला समिति की राज्य सह सचिव एवं जिला कुल्लू की महासचिव ममता नेगी ने कहा कि महिला समिति रेजिडेंट डॉक्टर मोमिता की हत्या व बलात्कार की कड़ी निंदा करती है और उनके परिवार के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करती है। डॉक्टरों व मेडिकल कर्मियों की मांगों का समर्थन करती है और मांग करती है कि बलात्कारियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए, ताकि मोमिता को इंसाफ मिल सके। केंद्र सरकार का बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का नारा खोखला साबित हुआ है। देश में रोज आये दिन बेटियों के साथ बलात्कार हो रहे हैं। ज्यादातर बलात्कारियों को सरकार व प्रशासन से पनाह मिलती है। बंगाल सरकार व आरजी कर मेडिकल कॉलेज का प्रशासन भी इस अपराध में संदेह के घेरे में है। कार्यस्थल पर महिला की सुरक्षा सुरक्षित करने की जरूरत है। ममता नेगी ने कहा कि हिमाचल में भी ऐसी घटनाएं बढ़ रही हैं। हालही में मनाली में भी एक बेटी के साथ बलात्कार व हत्या हुई। देहरादून में पांच कर्मचारियों ने 16 साल की लड़की का बलात्कार किया। रायपुर में राखी के दिन 2 बहनों का बलात्कार किया, जिसमें 1 भाजपा के नेता का बेटा था। उत्तराखंड में एक निजी अस्पताल में नर्स के साथ बलात्कार किया। यह सब घटनाएं देश के कानून की पोल खोल रही हैं।



डीसी कार्यालय के बाहर जनवादी महिला समिति के सदस्य धरना-प्रदर्शन करते हुए।

## चार को हिंदी पखवाड़ा पर प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन

**कुल्लू।** जिला भाषा अधिकारी कुल्लू सुनीला ने कहा कि भाषा एवं संस्कृतिक विभाग द्वारा गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी हिंदी पखवाड़े के उपलक्ष्य में चार सितंबर को प्रातः दस बजे देव सदन भवन के सेमीनार हॉल में तीन चरणों में विभिन्न सरकारी एवं गैर-सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों की भाषण, निबंध लेखन एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय सथान प्राप्त प्रतिभागियों को शिमला में आयोजित राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा।

# कुल्लू अस्पताल में मरीजों को निशुल्क मिल रही डायलिसिस की सुविधा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

क्षेत्रीय चिकित्सालय कुल्लू में हिमकेयर तथा आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत लोगों को निशुल्क डायलिसिस की सुविधा मिल रही है। प्रदेश सरकार जहां मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के मार्गदर्शन में समाज के वंचित वर्गों के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को लागू कर रही है।

वहीं, स्वास्थ्य सेवाओं को दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों तक पहुंचाने के लिए भी पूर्णतया प्रयासरत है। क्षेत्रीय चिकित्सालय कुल्लू में कुल्लू, लाहौल-स्पीति तथा मंडी सराज के दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी क्षेत्रीय चिकित्सालय कुल्लू डॉ. नागराज पवार का कहना है कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में चल रही हिमाचल प्रदेश सरकार का उद्देश्य है कि लोगों को घरद्वार पर ही बेहतर एवं मुफ्त चिकित्सा की सुविधा प्राप्त हो। कुल्लू में सरकार के कुल 147 स्वास्थ्य संस्थान हैं, जिनमें उपस्वास्थ्य केंद्र तथा स्वास्थ्य वैलनेस केंद्र को मिलाकर कुल 108 स्वास्थ्य संस्थान हैं। एक क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू, पांच सिविल हॉस्पिटल, आठ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा 25 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जिले में मौजूद हैं, जो जिले के विभिन्न दूरदराज क्षेत्रों तक स्वास्थ्य की सुविधा प्रदान कर रहे हैं। कुल्लू अस्पताल में लोगों को सरकार द्वारा प्रदान की जा रही सुविधा के अंतर्गत हिमकेयर तथा आयुष्मान भारत योजनाओं के तहत निशुल्क डायलिसिस की सुविधा प्रदान की जा रही है, जिसमें एक हंस फाउंडेशन की तरफ से तथा दो डायलिसिस सुविधा निजी अस्पतालों के माध्यम से भी चल रही हैं।



### 1000 से 1200 तक मरीज करवाते हैं उपचार

क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में वर्तमान में बाह्य रोगी विभाग में प्रतिदिन औसतन 1000 से 12 सौ रोगी अपने स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ लेने के लिए आते हैं, यदि जिले के सभी संस्थाओं में बाह्य रोगी स्वास्थ्य सुविधा की गणना की जाए, तो प्रतिदिन लगभग 3 से 4000 लोग इस सुविधा का लाभ उठा रहे हैं।

स्वास्थ्य विभाग जिलेभर में बेहतर सुविधाएं देने के लिए लगातार प्रयासरत है। कुल्लू अस्पताल के अलावा भविष्य में मनाली में भी एक डायलिसिस सेंटर स्थापित किया जा रहा है, जो हंस फाउंडेशन के माध्यम से निशुल्क डायलिसिस की सुविधा जनता को प्रदान करेगा, जिससे दूरदराज की जनता को स्वास्थ्य की ओर भी बेहतर सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

**डॉ. नागराज पवार, सीएमओ कुल्लू।**

### 36 मेडिकल अधिकारी दे रहे सेवाएं

वर्तमान में 36 मेडिकल अधिकारी कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में भी मेडिकल अधिकारी कार्यरत हैं। कुल्लू में तैनात स्टाफ नर्स की संख्या 64 है जिनको मिलाकर यहां तैनात समस्त स्वास्थ्य कर्मी स्टाफ की संख्या 200 के करीब है तथा पूरे जिले में यह संख्या 400 के करीब है।



अनंत ज्ञान

# नारी शक्ति विशेष

# आपराधिक घटनाओं को देखते हुए महिलाओं और युवतियों को सतर्क रहने की जरूरत

अपराध एक ऐसा शब्द है, जिसे सुनने के बाद हर कोई सहम जाता है और मन ही मन आशंकित होने लगते हैं, जिस रफ्तार से अपराध के दर में वृद्धि हो रही है उससे एक बात तो साफ हो जाती कि वर्तमान समय में अपराध अपने चरम पर है और खास तौर पर जिस तरह से महिलाओं और युवतियों से साथ बलात्कार और फिर हत्या जैसी दिल दहला देनी वाली घटनाएं घट रही हैं, उससे अब समाज में हर शख्स को, हर महिला को सतर्क रहने की जरूरत है। बदलते वक्त के साथ अपराधियों की पहचान कर पाना भी बहुत मुश्किल हो चुका है क्योंकि किसी के चेहरे को देख कर हम पता नहीं लगा सकते कि किस के मन में क्या है? और कौन किस मंशा के लिए अपराध को अंजाम देने की फिराक में है। हालही में कोलकाता में महिला चिकित्सक के साथ हुई बर्बरता और हत्या किसी के भी दिल में डर पैदा कर सकती है और जिस देश में चिकित्सक सुरक्षित नहीं है, वहां पर आम युवतियों की सुरक्षा को कैसे सुनिश्चित किया जा सकता है। इसी तरह से मनाली में जिस तरह से युवती के ही साथियों ने हत्या के बाद शव को नदी में फेंक दिया उससे भी ये साफ हो जाता है कि आज-कल की युवाओं में अपराध को अंजाम देने का डर ही नहीं है। वे बेखौफ होकर महिलाओं और युवतियों को अपना शिकार बना रहे हैं। ऐसे में सरकार की जिम्मेदारी पर भी सवाल उठता है कि क्या जनता और अपराध का शिकार हो चुके पीड़ितों के परिजन सिर्फ मोमबत्ती जलाकर, फेसबुक और व्हाट्सऐप पर स्टेटस डालने तक ही सीमित रहेंगे या फिर सरकार इस पर ओर कड़े कदम उठाएगी। बेहरहाल देश में महिलाओं की सुरक्षा के लिए बने कानून को और भी सख्त बनाने की जरूरत है, ताकि ऐसे जघन्य अपराधों पर रोक लगे और सभी अभिभावक अपनी बेटियों की सुरक्षा के प्रति निश्चिंत हो सकें। आईये इसी विषय पर अन्य महिलाओं के विचारों से भी परिचित होते हैं। सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू।

## महिलाएं अब सुरक्षित नहीं

यह सब देख कर ओर सुन कर लगता है कि आज के युवाओं की क्या मानसिकता है और ऐसे समाज में महिलाएं बिलकुल भी सुरक्षित नहीं हैं। कोलकाता में जिस तरह से एक महिला डॉक्टर की हत्या की गई और फिर मनाली में जिस तरह से युवती की हत्या की गई, ये वो पहलू है समाज का जिसे देखकर डर लगता है। फिर मन में एक सवाल उठता है कि क्या ऐसे समाज में बेटियों को कभी सुरक्षित माहौल मिल पाएगा। ऐसी घटना घटने के बाद जब महिलाओं को न्याय नहीं मिलता है, तो कहीं न कहीं उस दुख और तकलीफ को झेल चुके परिवार को जरूर तकलीफ होगी और निराशा भी होगी, वैसे तो किसी के मन में क्या है ये कहना मुश्किल है, मगर किसी भी कारण से किसी की मंशा का जरा सा भी संकेत मिलता है, तो आजकल युवतियों को चाहिए कि वो सतर्क रहें और खुद को सुरक्षित रखें। नशे और गलत संगत से दूरियां बनाकर रखें, ताकि किसी तरह की अनहोनी युवतियों या महिलाओं के साथ न घटे। इसके साथ ही सरकार को भी हत्या और बलात्कार के मामलों में कड़े से कड़े कानून बनाने की जरूरत है और ऐसे अपराधियों पर किसी भी तरह से नर्मी न बरती जाए। इसके साथ ही मैं ये भी मानती हूं कि इन अपराधों में पीड़ितों को जल्द से जल्द न्याय दिया जाए क्योंकि महिलाओं को समय पर न्याय दिलाने में कानून अभी तक बहुत पीछे है।



सुषमा, निवासी हरिपुर, मनाली जिला कुल्लू।

## बेटों पर लगाम लगाने की जरूरत

मैं जब भी महिलाओं और युवतियों के साथ घटी आपराधिक घटनाओं से जुड़ी खबरों को देखती और सुनती हूं तो ये सोच कर हैरानी होती है कि आजकल के पढ़े-लिखे और सभ्य समाज में ही जब महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं, तो ऐसे में भविष्य में न्याय व्यवस्था और अपराध किस तरह से सही से चल पाएगा। कोलकाता की महिला चिकित्सक की जिस तरह से अपराधियों ने हत्या की वो निंदनीय है और मनाली में भी एक युवती की हत्या के बाद जब उसके शव को नदी में फेंका गया, तो ऐसे में सवाल उठता है कि किस पर विश्वास करें और किस पर न करें। अपराधी अगर दोस्तों की सूरत में हमारे ही बीच बैठा हो तो, ऐसे में उसकी पहचान करना ही सबसे बड़ी चुनौती है। मैं मानती हूं कि अब वक्त आ गया है कि बेटों को भी संस्कार और महिलाओं के साथ कैसे पेश आना है इस बारे में उन्हें शिक्षित किया जाए। बेटे अगर अपराधों की गंभीरता को समझ पाए और महिलाओं के साथ किस तरह बर्ताव करना है, ये समझ जाएं तो शायद काफी हद तक अपराध में कमी आ सकती है। बाकी सरकार को भी अब महिलाओं की सुरक्षा के बारे में गंभीरता से सोचना होगा और बलात्कार और हत्या के मामले में सख्त से सख्त सजा का प्रावधान कर दोषियों को सजा दें, ताकि अपराधियों में भी खौफ पनप सके।



रुकमणी, निवासी सजला जिला कुल्लू।

## अपराधों में दोषियों के खिलाफ जल्द हो कार्रवाई

जब से मैंने कोलकाता में महिला डॉक्टर और मनाली में युवती की हत्या की खबर सुनी है, तब से न जाने क्यों ऐसा लगने लगा है कि ये समाज अब महिलाओं, युवतियों और बेटियों के लिए उतना सुरक्षित नहीं रहा है। इससे पहले भी निर्भया कांड, गुड़िया कांड हुआ था, मगर इन मामलों में असली दोषियों को कोई खास सजा नहीं हो पाई। महिलाओं को इन मामलों में चुप्पी तोड़ते हुए सामने आना होगा। माना कि समाज बदल रहा है, मगर ये नहीं भूलना चाहिए कि महिलाओं के प्रति घटने वाली आपराधिक घटनाएं आज भी ज्यों की त्यों हैं और समाज में पुरुषों की मानसिकता आज भी महिलाओं के प्रति वैसी ही है। घरों में बेटों को महिलाओं के साथ किस तरह व्यवहार करना है और महिलाओं का सम्मान करने के बारे में शिक्षित किया जाना चाहिए। इसके साथ ही बेटों की संगत पर भी नजर रखी जाए और बेटे कोई नशे का सेवन तो नहीं कर रहे, इसपर भी ध्यान देना जरूरी है। इसके साथ ही सरकार को अपनी जिम्मेदारी के प्रति अब गंभीर होना होगा। महिलाओं के साथ घटने वाले अपराधों में दोषियों के खिलाफ जल्द कार्रवाई हो इस ओर भी ध्यान देना चाहिए। कम से कम अपराध का शिकार हो चुकी महिलाओं या फिर उनके परिवार के सदस्यों को समय पर न्याय मिले।



अंजली, निवासी करजां जिला कुल्लू।

## समाज धीरे-धीरे अपराध और अपराधियों को बढ़ावा दे रहा

जिस तरह से कोलकाता में डॉक्टर की हत्या हुई और जिस तरह से मनाली में युवती की हत्या हुई, इससे साफ पता चल रहा है कि हमारा समाज धीरे-धीरे अपराध और अपराधियों को बढ़ावा दे रहा है। आज-कल के युवा इतनी आसानी से हत्या कर रहे हैं, जैसे कि कोई सब्जी काट रहा हो। अपराधियों में कोई खौफ ही नहीं है और न ही महिलाओं के प्रति कोई दया और सम्मान। इस तरह का माहौल किसी भी महिला की सुरक्षा के लिहाजे से सुरक्षित नहीं है। बेटियों के माता-पिता डर के साये में रहने लगे हैं कि किस तरह से वो अपनी बेटियों को पढ़ने-लिखने के लिए अलग राज्यों या जिलों में भेजें। युवाओं को भी अब अपराधों की गंभीरता को समझते हुए अपनी तरफ से सतर्कता जरूर बरतनी चाहिए। किसी भी अनजान से दोस्ती करने से पहले अच्छे से जांच कर लें, ताकि पता चल सके कि कौन कैसा है। यहां पर सबसे अहम जिम्मेदारी सरकार और पुलिस प्रशासन की बनती है और दोनों को चाहिए कि महिलाओं के साथ होनी वाली हिंसक घटनाओं में अपराधियों को कड़ी सजा मिले, ताकि किसी और महिला के साथ किसी भी तरह का कोई अपराध न कर सके।



छेरिंग दीकित, निवासी क्वारिंग गांव, जिला लाहौल-स्पीति।

## न्यूज ब्रीफ

### बच्चों ने श्रीकृष्ण की लीलाओं का किया मंचन



**सोलन।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर पाइन व्यू स्मार्ट स्कूल कुमारहट्टी में फैंसी ड्रेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूली बच्चे राधा-कृष्ण के प्रतिरूप होकर स्कूल पहुंचे। कार्यक्रम में कुलदीप सिंह बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए। इस दौरान स्कूली बच्चों ने श्रीकृष्ण की लीलाओं का मंचन किया। मुख्यातिथि ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना की। साथ ही उन्हें भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### बच्चों को बताया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का महत्व



**सोलन।** यूरोकिड्स प्ले स्कूल (कोटलानाला) में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव मनाया गया। इसी के तहत स्कूल के सभी बच्चे राधा-कृष्ण और गोपियों की वेशभूषा में सुसज्जित होकर स्कूल पहुंचे। श्रीकृष्ण भगवान की रास लीलाओं की बहुत ही सुंदर प्रस्तुतियां दीं। अंत में दहीं हांडी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने बहुत ही उत्साह से भाग लिया। स्कूल की प्रिंसिपल मिसेज सीमा बहल ने बच्चों को श्रीकृष्ण के जन्म की धार्मिक गाथा से अवगत करवाया। स्कूल के डायरेक्टर शोभित बहल ने बच्चों को हिंदू संस्कृति के प्रति जागरूक किया व बताया कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों में हिंदू संस्कृति का ज्ञान करवाया जाता है।

### चंद्रयान और सौर मंडल के मॉडल चित्र बनाए



**सोलन।** राजकीय केंद्रीय प्राथमिक कन्या विद्यालय सोलन में अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया। इसमें बच्चों ने स्वयं अंतरिक्ष प्रतीकों, चंद्रयान, सौर मंडल व अन्य के मॉडल चित्र बनाए व उसकी जानकारी दी। बच्चों को बताया गया कि यह वह दिन था, जब भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र पर उतरने वाला पहला देश और चंद्रमा पर सफलतापूर्वक उतरने वाला चौथा देश बना था। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस का नेतृत्व पहली बार भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा किया जा रहा है और यह दुनिया भर के अंतरिक्ष समुदाय में इसकी बढ़ती प्रमुखता का जश्न मनाएगा। भारत के लिए 23 अगस्त का यह दिन न केवल अतीत की सफलताओं का उत्सव है, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों को प्रेरित करने का भी क्षण है, जो हमारे विश्व को आकार देने में अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी के महत्व को बढ़ावा देंगे। इस दौरान बच्चों को बताया कि इसी दिन भारत ने चंद्रयान-तीन मिशन को सफलतापूर्वक लांच किया था, जिसने चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग कर इतिहास रच दिया था।

### योजना के तहत मुआवजे के लिए करें आवेदन

**सोलन।** केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के ई-श्रम मॉड्यूल में 31 मार्च, 2022 अथवा उससे पूर्व पंजीकृत आवेदकों (कामगार) को मृत्यु या दुर्घटना की स्थिति में केंद्र सरकार की ओर से मुआवजा राशि प्रदान की जाएगी। यह जानकारी अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी सोलन अजय यादव ने दी। अजय यादव ने कहा कि आवेदन की मृत्यु की स्थिति में 2 लाख रुपए तथा अपंगता की स्थिति में एक लाख रुपए मुआवजा के तौर पर प्रदान किया जाएगा। यह मुआवजा केवल उन्हीं आवेदकों को दिया जाएगा, जिनका ई-श्रम मॉड्यूल में पंजीकरण 31 मार्च, 2022 या उससे पूर्व हुआ है। केंद्र सरकार द्वारा इस योजना को 31 अगस्त तक ही स्वीकृत किया गया है। योजना के तहत निर्धारित तिथि तक पंजीकृत व्यक्ति ही इसका लाभ उठा सकता है। योजना के तहत मुआवजा प्राप्त करने के लिए पात्र आवेदकों को 31 अगस्त तक अपना आवेदन प्रस्तुत करना होगा। यह आवेदन श्रम अधिकारी सोलन अथवा श्रम अधिकारी बद्दी के कार्यालय में प्रस्तुत किया जा सकता है। आवेदन के साथ प्राथमिकी (एफआईआर) की प्रति, मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की प्रतिलिपि, बैंक खाता पास बुक की प्रतिलिपि, कानूनी वारिस प्रमाण पत्र तथा परिवार रजिस्टर की नकल प्रस्तुत करनी होगी।

### पोस्टर मेकिंग में दीक्षा ने झटका पहला स्थान



**अर्की।** जयनगर कॉलेज में नेशनल स्पेस-डे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई, जिसमें सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस नेशनल स्पेस-डे का उद्देश्य युवाओं में अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति रुचि जागृत करना है। इस आयोजन के माध्यम से युवा पीढ़ी को अंतरिक्ष मिशनों के क्षेत्र में देश की प्रगति और तकनीकी क्षेत्र में प्रेरित व जोड़ने के लिए प्रयास किया गया है। विद्यार्थियों ने पोस्टर्स में चंद्रयान, अंतरिक्ष यात्री, सौर मंडल उपग्रह आदि प्रस्तुतियां कीं। अंत में विजेताओं के नाम घोषित किए गए, जिसमें प्रथम स्थान पर दीक्षा कुमारी, द्वितीय नेहा देवी एवं तृतीय पर नीरज कुमारी रही।

### कॉलेज में पूर्व छात्र संघ ने मनाया स्थापना दिवस



**सोलन।** पूर्व छात्र संघ सोलन कॉलेज ने 65वां स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम में पूर्व छात्र कुल राकेश पंत मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुए। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रीता शमी ने सभागार में उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया। मुख्यातिथि राकेश पंत ने कहा कि इस कॉलेज से पढ़कर निकले छात्र आज देश-विदेश में उच्च पदों पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने छात्रों से जीवन में अपना लक्ष्य निर्धारित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में कॉलेज के एनएसएस, एनसीसी, रेंज रोवर्स तथा संगीत विभाग के विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कॉलेज के संसद कला विभाग की ओर से सभागार में चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया।

# नौहराधार में स्थानीय लोगों ने को-ऑपरेटिव बैंक का किया घेराव

## पिछले 20 दिनों से कई खातों से लेन-देन बंद होने से उपभोक्ताओं में रोष, रोज बैंक के काट रहे चक्कर

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

नौहराधार क्षेत्र के ग्रामीणों व स्थानीय लोगों ने शुक्रवार को को-ऑपरेटिव बैंक की नौहराधार का घेराव कर धरना-प्रदर्शन किया।

धरना-प्रदर्शन में व्यापार मंडल के अलावा क्षेत्र के विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता भी शामिल रहे। पिछले 20 दिनों से कई खाताधारकों के खाते से लेन-देन बंद होने से खाताधारकों में भारी रोष व्याप्त है। लोग बैंक में जमा पूंजी को निकालने के लिए रोजाना बैंक के चक्कर काट रहे हैं। बैंक से उपभोक्ताओं को एक ही रटा रटाया जवाब मिल रहा है कि अभी गबन की जांच चल रही है, जो गड़बड़ी हुई है इसलिए अभी लेन-देन नहीं हो सकता। कई लोगों को पैसे की सख्त जरूरत है। किसी ने शादी के लिए खरीददारी करनी है, तो किसी को अपने बच्चों की फीस जमा करवानी हो, तो कई लोगों को अन्य जरूरतों को पूरा करने के लिए पैसे की सख्त जरूरत है, जिन खाते में बैंक फिलहाल उन खातों से पैसे के लेनदेन के लिए इंकार कर रहा है, जबकि खाताधारकों का कहना है कि अगर गबन हुआ है, तो यह बैंक की जिम्मेदारी है। उन्होंने तो बैंक में पैसा जमा करवाया है। वह अपना पैसा मांग रहे हैं इसमें उनकी क्या गलती है।



नौहराधार में बैंक का घेराव करते लोग।



**अनंत ज्ञान फॉलोअप**

# को-ऑपरेटिव बैंक घोटाले की जांच करने शिमला से पहुंची स्पेशल ऑडिट टीम

**अनंत ज्ञान, नाहन**

हिमाचल प्रदेश में नौहराधार को-ऑपरेटिव बैंक की शाखा में करोड़ों के घोटाले की जांच के लिए शिमला से सात सदस्यीय स्पेशल ऑडिट और टेक्निकल टीम पहुंची है। यह जानकारी चर्चा का विषय बन गई है कि जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ेगी, घोटाले की राशि का आंकड़ा भी बढ़ सकता है। हालांकि बैंक प्रबंधन का दावा है कि उपभोक्ताओं की जमा राशि पूरी तरह से सुरक्षित है, लेकिन इस तरह के घोटाले के सामने आने के बाद बैंक की कार्यप्रणाली पर धब्बा लग गया है।

लिहाजा बैंक ने घोटाले की जांच सीबीआई से करवाने की सिफारिश भी कर दी है। सहायक प्रबंधक की ओर से करोड़ों की हेराफेरी का मामला तीन अगस्त को सामने आया था। इस घटना के बाद प्रबंधन ने एक हफ्ते तक खुद जांच की। 10 को प्रबंधन ने संगड़ाह पुलिस थाने में आरोपी कर्मचारी के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई।

मामला तब सार्वजनिक हुआ, जब 13 को कई उपभोक्ता अपने बैंक खातों की जांच के लिए बैंक पहुंचे। घोटाले की जानकारी के बाद सहायक प्रबंधक को तत्काल सस्पेंड कर शिमला मुख्यालय भेजा गया और पुलिस में अलग से शिकायत दर्ज करवाई गई। कई उपभोक्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि उनके साथ लाखों की हेराफेरी की गई है।

को-ऑपरेटिव बैंक में सामने आए करोड़ों रुपए के बहुचर्चित घोटाले की जांच के लिए शिमला से स्पेशल ऑडिट टीम व टेक्निकल टीम नौहराधार पहुंची थी। टीम निरीक्षण कार्य में जुटी है। आरोपी सहायक प्रबंधक ने नौहराधार बैंक 2012 में ज्वाइन किया था। टीम 2012 से लेकर 2024 तक का पूरा रिकॉर्ड खंगालेगी। टीम यह भी पता लगाएगी कि यह गड़बड़ी का सिलसिला कब से शुरू हुआ था और आज तक बैंक से कितनी राशि का गबन हुआ है। टीम यह भी पता लगाएगी कि गबन में बैंक के कोई और कर्मचारी भी शामिल हैं या अकेले सहायक प्रबंधक ने ही घोटाले को अंजाम दिया है।

### राजस्व मंत्री ने साडा में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के दिए निर्देश

# रिकांगपिओ व सांगला में सुलभ शौचालयों की स्थिति को और बेहतर बनाया जाए

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ**

जनजातीय जिला किन्नौर के रिकांगपिओ स्थित आईटीडीपी भवन में सांगला व कामरू विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (साडा) की बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने की।

इस दौरान साडा क्षेत्र की सीमा, ठोस-तरल कचरा प्रबंधन, जल निकासी, स्ट्रीट लाइट आदि समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। मंत्री ने साडा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र को स्वच्छ बनाए रखने के निर्देश दिए तथा कहा कि अधोसंरचना विकास सुनिश्चित किया जाए, ताकि साडा की स्थिति को और बेहतर किया जा सके। मंत्री ने रामलीला मैदान में निर्माणाधीन पार्किंग को खोलने के बारे में गहनता से विचार-विमर्श किया, ताकि साडा प्राधिकरण को आय अर्जित की जा सके। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कल्पा, रिकांगपिओ व सांगला में सुलभ शौचालयों की स्थिति को और बेहतर बनाया जाए तथा पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि वे यातायात को सुचारु ढंग से नियंत्रित करें, ताकि स्थानीय लोगों को राहत मिल सके। इसके अतिरिक्त शहर में कचरा प्रबंधन एवं डोर-टू-डोर कूड़ा एकत्रित करना तथा सफाई कर्मचारियों को वेतन देने पर विस्तृत चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंत्री ने पर्यटन स्थल सांगला मुख्य बाजार में जल निकासी को सुदृढ़ करना तथा सुलभ शौचालय बस स्टैंड में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करना तथा करच्छम सांगला सड़क मार्ग पर निर्मित शौचालय को जल्द आरंभ करने के निर्देश दिए। नेगी ने उपस्थित गैर-सरकारी सदस्यों से सीधा संवाद स्थापित किया और उनकी समस्याओं को चरणबद्ध तरीके से पूरा करने का आश्वासन दिया।



साडा की बैठक की अध्यक्षता करते राजस्व, बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी व अन्य।

# सरकार के दबाव में नहीं होने दी जा रही हाउस की बैठक : श्यामा पुंडीर

**अनंत ज्ञान, नाहन**

कांग्रेस सरकार के दबाव व घटिया सियासत के चलते भाजपा शासित नगर परिषद नाहन में पिछले कई महीनों से हाउस की बैठक नहीं होने दी जा रही है, जिसके चलते विकास कार्य ठप हो गए हैं।



नप क्षेत्र की समस्याओं का निदान लटका है, जनता नप कार्यालय के धक्के खाने को मजबूर है। नप अध्यक्ष श्यामा पुंडीर ने आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की दबाव की राजनीति की मार नगर परिषद झेल रही है। घटिया सियासत सरकारी दबाव का आलम यह है कि मार्च महीने के बाद आज तक नगर परिषद का जनरल हाऊस नहीं हुआ है। नप अध्यक्ष ने बताया कि पहले आचार संहिता के कारण हाउस अटका, इसके बाद सरकार के दबाव की वजह से हाऊस नहीं करने दिया जा रहा है। श्यामा पुंडीर ने आरोप लगाया कि लगातार एजेंडा बंट जाने के बाद भी सरकार के दबाव आकर कार्यकारी अधिकारी बिना सूचना के गायब हो जाते हैं। अतिरिक्त कार्यभार वाले कार्यकारी अधिकारी ने आज एजेंडा फाइनल होने के बावजूद इसकी जानकारी किसी भी पार्षद को नहीं दी और न हाऊस आयोजित करवाया। उन्होंने आरोप लगाया कि नगरपालिका के कर्मचारियों पर पार्षदों के काम न करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। जनता पूरी तरह से त्रस्त है। लोगों के काम हाउस न होने की वजह से लटके हैं। आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विभाग के निदेशक को पत्र लिखकर जानकारी दी गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। कुछ अरसा पहले कार्यकारी अधिकारी के खिलाफ भाजपा पार्षद व नप अध्यक्ष धरना लगाकर नारेबाजी कर चुके हैं। यह आरोप लगता रहा है कि नप के ईओ कांग्रेसी पार्षदों व सरकार के दबाव में आकर काम लटका रहे हैं।

### फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के सत्यापन में सहयोग दे जनता

**नाहन।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी सिरमौर सुमित खिमटा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सिरमौर के पांचों विधानसभा क्षेत्रों 55-पच्छाद, 56-नाहन, 57-श्री रेणुका जी, 58-पांवटा साहिब व 59-शिलाई में निर्वाचन नामावली को शुद्ध एवं त्रुटि रहित व उद्यतन बनाए रखने के उद्देश्य से बीएलओ द्वारा 20 अगस्त से अपने मतदान क्षेत्र के अंतर्गत घर-घर जाकर फोटोयुक्त मतदाता सूचियों में दर्ज प्रविष्टियों के सत्यापन का कार्य आरंभ कर दिया गया है, जो कि आगामी 8 सितंबर तक चलेगा। उन्होंने जिले के समस्त नागरिकों से आह्वान किया कि बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा घर-घर जाकर मतदाता सूचियों के सत्यापन करने में अपना पूर्ण सहयोग दें।



### चित्रकला से अंतरिक्ष के बारे में दिया संदेश

**दाड़लाघाट।** राजकीय उच्च विद्यालय हनुमान बड़ोग में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रात: कालीन सत्र में विद्यार्थियों ने चित्रकला बनाकर अंतरिक्ष के बारे में संदेश दिया।

दसवीं कक्षा के छात्र दिव्यांश और छात्रा यशस्वी ने इस विषय पर अपने विचार विद्यार्थियों के साथ साझा किए। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर प्रभारी पुष्पेंद्र शर्मा के नेतृत्व में एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें पहली कक्षा से दसवीं कक्षा के सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यालय के मुख्याध्यापक पीसी बद्दू ने बताया कि आज का दिवस भारतवर्ष के लिए बहुत ही गरिमा पूर्ण दिवस है। पिछले वर्ष आज ही के दिन चंद्रयान-3 ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर लैंडिंग कर पूरे विश्व को अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने पर मजबूर कर दिया था।

### सोलन-कुमारहट्टी बाईपास हाईवे-5 पर दो सड़क हादसे

# दो को हल्की चोटें, एक पीजीआई रेफर

**अनंत ज्ञान, सोलन**

कालका-शिमला नेशनल हाईवे-5 पर शुक्रवार को एक साथ दो वाहन घटनाएं सामने आईं।

जानकारी के मुताबिक सोलन के नजदीक समलेच टनल के पास एक पिकअप सड़क किनारे खड़ी पिकअप से टकरा गई। दुर्घटना का कारण नींद की झपकी आना बताया जा रहा है। पिकअप शिमला के शिलारू से पिंजौर सेब लेकर जा रही थी। पिकअप में दो लोग सवार थे। दोनों को हल्की चोटें आई हैं, लेकिन वहां मौजूद स्थानीय युवक की टांग में फैक्चर हो गया है, जिससे पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया है। दोनों ही गाड़ियों में सेब की पेटियां लोड थी। इसी दौरान इसी सड़क मार्ग पर कुमारहट्टी फ्लाईओवर के पास एक सेब के कार्टन से भरा ट्रक पलट गया, जो शिमला की तरफ जा रहा था, ट्रक के सड़क पर पटलने के कारण कार्टन सड़क पर बिखर गया, लेकिन ट्रक चालक को कोई चोटें नहीं आई हैं। पुलिस हादसों के कारणों की जांच में जुटी है।



सोलन में समलेच टर्नल के नजदीक दुर्घटनाग्रस्त पिकअप।



# मारपीट के मामले में मुख्य आरोपी हरियाणा से गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन**

बड़ोग नागाली में दो युवकों को पीट कर जख्मी करने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को पुलिस ने हरियाणा के नरुखेड़ी से गिरफ्तार कर लिया है। घटना के बाद से वह फरार था और लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था। उसने अपना मोबाइल फोन व नंबर भी बदल लिया था।

इस मामले में अब तक पूरे एक दर्जन आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। सोलन के पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह ने बताया कि इस मामले में पुलिस ने 11 आरोपियों को तो पहले ही गिरफ्तार कर लिया था, उन्हें न्यायिक रिमांड पर भी भेज दिया गया था, लेकिन घटना का मुख्य आरोपी मूल रूप से नेपाल निवासी और फिलवक्त मुख्य डाकघर सोलन के नजदीक किराये के कमरे पर रहने वाला सुदर्शन थापा उर्फ बॉबी घटना को अंजाम देने के बाद फरार हो गया था। पुलिस लगातार उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी। गत दिवस पुलिस को सूचना मिली कि बॉबी हरियाणा के नरूखेड़ी गांव में छुपा हुआ है, जिस पर थाना सदर सोलन की पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए गांव नरूखेड़ी जिला करनाल हरियाणा में दबिश देकर मुख्य आरोपी सुदर्शन थापा को गिरफ्तार कर लिया गया है।



# भाट ब्राह्मण कल्याण समिति की विशेष बैठक 27 को : ओम

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर में भाट ब्राह्मण कल्याण समिति पंजीकृत की कार्यकारिणी की विशेष बैठक 27 को गिरिपार क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मां भंगायणी मंदिर हरिपुरधार में निश्चित की गई है।



भाट ब्राह्मण कल्याण समिति के महासचिव ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि इस बैठक में भाट ब्राह्मण कल्याण समिति द्वारा गिरिपार क्षेत्र के हाटी समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिए गए मामले में हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय में दायर याचिका में पार्टी बनने के विषय में महत्वपूर्ण विचार-विमर्श किया जाएगा और उच्च न्यायालय द्वारा मांगे दस्तावेजों के बारे में भी विचार-विमर्श किया जाएगा। भाट ब्राह्मण के कल्याण के लिए उठाए जाने वाले ठोस कदमों पर भी रणनीति तैयार की जाएगी।

### संस्कृत में श्लोक उच्चारण किया

**दाड़लाघाट।** राजकीय उच्च विद्यालय कराड़ाघाट में शिक्षा सप्ताह का समापन हो गया। शिक्षा सप्ताह के दौरान हर रोज बच्चों को कई प्रकार की गतिविधियां करवाई गईं। इस दौरान पाठशाला के बच्चों ने संस्कृत गीतिका, संस्कृत भाषा में वस्तुओं की प्रदर्शनी, मंत्रोउच्चरण, संस्कृत में श्लोक उच्चारण किया। शास्त्री राजेश कुमार शर्मा ने भी संस्कृत से संबंधित कई क्रियाकलाप व गतिविधियां करवाईं। शिक्षा सप्ताह का समापन कई प्रकार की गतिविधियों को बच्चों से करवा कर समाप्त हुआ। इस मौके पर अध्यापक हिमेश कुमार, मुनेक कुमार, दिनेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# सोलन कॉलेज ने राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस प्रश्न प्रतियोगिता में झटका तीसरा स्थान

**अनंत ज्ञान, सोलन**

राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस समारोह के अवसर पर हिम कोसती ने सेंटर फॉर साइंस लर्निंग एंड क्रिएटिविटी आनंदपुर शोघी में आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सोलन कॉलेज ने शानदार प्रदर्शन किया।

इस प्रतियोगिता में राज्य के प्रमुख कॉलेजों, राजकीय कन्या महाविद्यालय, संजौली कॉलेज, डिग्री कॉलेज कोटशेरा, सेंट बीड्स कॉलेज, गवर्नमेंट कॉलेज सोलन, शूलिनी यूनिवर्सिटी और जयपी यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स ने भाग लिया, जिसमें सोलन कॉलेज की टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया। कॉलेज के सहायक प्रोफेसर डॉ. रमेश कुमार रसायन विभाग एवं डॉ राज कुमार शर्मा के नेतृत्व में 10 स्टूडेंट्स ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में शैली शर्मा और आदित्य कौशल, जो कि बीएससी तृतीय वर्ष के छात्र हैं उन्होंने कॉलेज का नाम रोशन किया।



**गड़बड़ी** सोलन में 5 से 6 दिन बाद की जा रही पेयजल की आपूर्ति, लोगों को टैंकर मंगवाकर करना पड़ रहा गुजारा

# नगर निगम और जल शक्ति विभाग में नहीं तालमेल

**भावना शांडिल, सोलन**

सोलन शहर में पानी को लेकर हाहाकार मची हुई है। शहर वासियों को पांच से 6 दिनों बाद पानी मिल रहा है। लोगों को टैंकर मंगवाकर कर अपना गुजारा करना पड़ रहा है।

शुक्रवार को भी शहर के कई क्षेत्रों में 6 दिनों बाद पानी की सप्लाई की गई। निगम के मुताबिक शुक्रवार को मुख्य टैंकों में आपात स्थिति लायक ही पानी बचा था, जबकि जल शक्ति विभाग का दावा है कि शुक्रवार को 90 लाख लीटर पानी निगम के टैंकों में लिफ्ट किया गया है। ऐसे में दोनों विभाग आमने-सामने हैं। हैरानी की बात है कि जनप्रतिनिधि इस समस्या को लेकर गंभीर नहीं हैं। दरसल गिरि नदी में बारिश के बाद गाद आ गई थी, जिसके चलते पर्याप्त मात्रा में पानी की लिफ्टिंग नहीं हो पा रही थी, मगर अब मौसम साफ होने के चलते गाद की समस्या खत्म हो गई है। गाद की समस्या ठीक होने के बाद शुक्रवार को गिरि पेयजल योजना से 76 लाख लीटर और अश्विनी योजना से 14.8 लाख लीटर पानी की लिफ्टिंग की गई है। नगर निगम के टैंक में 90.8 लाख लीटर पानी पहुंचा है। करीब एक माह बाद शहर में पानी की किल्लत देखने को मिली है। इससे पहले चार दिन बाद वार्डों में पानी दिया जा रहा था। वहीं, जल शक्ति विभाग के अधीक्षक अभियंता आशीष राणा का कहना है कि पिछले दिनों हुई बारिश के बाद आई गाद से पर्याप्त मात्रा में पानी लिफ्ट नहीं किया जा रहा है, लेकिन अब गाद की समस्या का निवारण किया जा चुका है और पर्याप्त मात्रा में नगर निगम को पानी का आवंटन किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)



फाइल फोटो।

### जल्द समस्या का किया जाएगा समाधान

**मेयर** उषा शर्मा ने बताया कि दोनों विभागों के अधिकारियों से बैठक कर आपसी तालमेल बनाकर पानी की समस्या का समाधान किया जाएगा। सिल्ट कम होने से शहर को मांग के मुताबिक पानी मिलने की उम्मीद है।



## न्यूज ब्रीफ

### नगर निगम हाउस की मीटिंग अब 27 को

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ नगर निगम की सदन की बैठक इस माह दूसरी बार होने जा रही है। इससे पहले 21 अगस्त को बैठक होनी थी, लेकिन बैठक को स्थगित कर दिया गया था। अब हाउस मीटिंग 27 अगस्त को होगी। चंडीगढ़ नगर निगम की सदन की बैठक 27 अगस्त को होगी। इस संबंध में नगर निगम की तरफ से लेटर जारी किया गया है। इससे पहले 21 अगस्त (बुधवार) को होने वाली सदन की बैठक को शुरू होने से चंद घंटे पहले रद्द कर दिया गया था। उस दिन नगर निगम में पूरे दिन हलचल रही कि अचानक बैठक क्यों रद्द की गई। अब फिर से सदन की बैठक को लेकर 27 अगस्त की तारीख तय की गई है। इससे पहले बुधवार को हाउस की मीटिंग होनी थी, लेकिन बैठक को स्थगित कर दिया गया था। हालांकि उस दौरान बैठक की नई तारीख का एलान नहीं किया गया था। बुधवार को बैठक को रद्द करने के मुख्य रूप से दो कारण बताए गए थे। पहला, एक सप्लीमेंट्री एजेंडा को लेकर आम आदमी पार्टी के पार्षद जसबीर लाडी ने कुछ गंभीर आपत्तियां दर्ज कराई हैं, जिसके बाद पार्टी के आलाकमान के निर्देश पर बैठक को रद्द किया गया। दूसरा, बताया गया कि मेयर की तबीयत खराब हो गई है, जिसके बाद बैठक को अचानक रद्द करना पड़ा। (अनंत ज्ञान)



### शाकिब-अल-हसन पर हत्या का केस दर्ज

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के रावलपिंडी में टेस्ट मैच खेल रहे शाकिब अल हसन को बहुत बुरी खबर मिली है। बांग्लादेश के पूर्व कप्तान पर हत्या का केस दर्ज हुआ है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शाकिब अल हसन पर ढाका में एक कपड़े की दुकान में काम करने वाले शख्स की हत्या का आरोप लगा है। सिर्फ शाकिब ही नहीं बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना समेत कुल 500 लोग इसमें आरोपी बनाए गए हैं। शाकिब फिलहाल रावलपिंडी में टेस्ट मैच खेल रहे हैं जहां उन्होंने अब तक 27 ओवर में 109 रन देकर एक विकेट हासिल किया है। शाकिब के खिलाफ ढाका मेट्रोपॉलिटन थाने में केस दर्ज कराया गया है। केस दर्ज कराने वाले शख्स का नाम रफिकुल इस्लाम है जो ढाका में एक प्रोटेस्ट के दौरान मारे गए एक शख्स के पिता हैं। शाकिब अल हसन बांग्लादेश अवामी लीग के नेता थे, जो कि शेख हसीना की पार्टी थी।



### पंजाब सरकार ने कार, दोपहिया वाहनों पर कर बढ़ाया

**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार ने कार और दोपहिया वाहन पर कर में एक प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की है। इससे राज्य में इन वाहनों की लागत बढ़ जाएगी। परिवहन विभाग की अधिसूचना के अनुसार मोटर वाहन कर की नई दरें वाहन की वास्तविक कीमत पर लगाई जाएंगी। मोटर वाहन करों में बढ़ोतरी त्योहारों से पहले की गई है। नई दरों के अनुसार 15 लाख रुपएतक की लागत वाले चार पहिया वाहन पर कर नौ प्रतिशत से बढ़ाकर 9.5 प्रतिशत कर दिया गया है, जिसका मतलब है कि वाहन की कीमत 7,500 रुपए तक बढ़ जाएगी। पंद्रह लाख रुपए से अधिक लेकिन 25 लाख रुपए तक की लागत वाले चार पहिया वाहन की कीमत में लगभग 25,000 रुपए की बढ़ोतरी होगी। इसका कारण कर की दर एक प्रतिशत बढ़ाकर 12 प्रतिशत कर दी गई है। अधिसूचना के अनुसार, विभाग ने 25 लाख रुपए से अधिक कीमत वाले वाहनों के लिए एक और श्रेणी जोड़ी है और इस पर 13 प्रतिशत की दर से कर लगाया गया है। एक लाख रुपए तक की लागत वाले दोपहिया वाहनों के लिए मोटर वाहन कर 0.5 प्रतिशत बढ़ाकर 7.5 प्रतिशत कर दिया गया है। अधिसूचना के अनुसार यदि दोपहिया वाहन की कीमत एक लाख रुपए से अधिक है, लेकिन दो लाख रुपए से अधिक नहीं है, तो कर की दर 10 प्रतिशत होगी। अधिसूचना के अनुसार, दो लाख रुपए से अधिक की लागत वाले दोपहिया वाहन पर 11 प्रतिशत मोटर वाहन कर लगेगा।

### जयपुर में स्कूली बसों में टक्कर, 12 बच्चे घायल

**जयपुर।** राजधानी के बिंदायका थाना इलाके में शुक्रवार सुबह दो स्कूल बसों की आमने-सामने टक्कर हो गई। बसों में स्कूली बच्चे सवार थे। जोरदार भिड़ंत से 12 बच्चों को चोटें लगी हैं। सूचना मिलते ही बिंदायका थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घायल बच्चों को नजदीकी प्राइवेट अस्पताल में पहुंचाया गया। पुलिस ने दोनों स्कूल बसों को जब्त कर लिया है। तेज रफ्तार की वजह से बसों का एक्सीडेंट होने की बात सामने आ रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



### एयर इंडिया को लगाया 90 लाख रुपए जुर्माना

**नई दिल्ली।** विमानन नियामक डीजीसीए ने अयोग्य चालक दल के सदस्यों के साथ उड़ान का संचालन करने के लिए एयर इंडिया पर 90 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। इसके अलावा, नियामक ने इस चूक के लिए एयर इंडिया के परिचालन निदेशक पंकुल माथुर तथा प्रशिक्षण निदेशक मनीष वासवदा पर क्रमशः छह लाख रुपए और तीन लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। एक बयान के अनुसार, नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने संबंधित पायलट को आगाह किया है कि भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो।



### गोविंद मोहन ने केंद्रीय गृह सचिव का पदभार संभाला

**नयई दिल्ली।** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के वरिष्ठ अधिकारी गोविंद मोहन ने शुक्रवार को केंद्रीय गृह सचिव का पदभार संभाला। अजय कुमार भल्ला के सेवानिवृत्त होने के बाद मोहन ने यह पद संभाला है। सिक्किम कैडर के 1989 बैच के आईएएस अधिकारी मोहन इससे पहले केंद्रीय संस्कृति सचिव के पद पर कार्यरत थे। पिछले सप्ताह उन्हें केंद्रीय गृह सचिव नियुक्त किया गया था। मोहन ने काशी हिंदू विश्वविद्यालय से बीटेक और आईआईएम (अहमदाबाद) से पीजी डिप्लोमा किया है। उनके पास सिक्किम और केंद्र सरकार दोनों में विभिन्न पदों पर काम करने का अनुभव है। मोहन इससे पहले भी गृह मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव के रूप में कई प्रमुख प्रभागों में काम कर चुके हैं। केंद्रीय संस्कृति सचिव के रूप में मोहन ने प्रधानमंत्री मोदी नीत सरकार के दो प्रमुख कार्यक्रमों 'आजादी का अमृत महोत्सव' और 'हर घर तिरंगा आंदोलन' की सफलतापूर्वक शुरुआत की थी।



# नाभा जेल तोड़ने के मुख्य साजिशकर्ता को न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**एजेंसी, चंडीगढ़**

पंजाब में 2016 में नाभा जेल तोड़ने के मुख्य साजिशकर्ता रमनजीत सिंह को गुरुवार को हांगकांग से प्रत्यर्पित किए जाने के बाद शुक्रवार सुबह पंजाब लाया गया और एक अदालत में पेश किया गया। अदालत ने उसे दो सप्ताह की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

अधिकारियों ने बताया कि पंजाब में 2016 में नाभा 'जेल ब्रेक' के मुख्य साजिशकर्ता रमनजीत सिंह को गुरुवार को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और पंजाब पुलिस द्वारा समन्वित एक अभियान में हांगकांग के अधिकारियों द्वारा प्रत्यर्पित किए जाने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया।

उन्होंने बताया कि सिंह उर्फ रोमी को पंजाब के पटियाला जिले के नाभा लाया गया और एक अस्पताल में उसकी चिकित्सकीय जांच की गई। बाद में उसे अदालत में पेश किया गया जहां से उसे दो सप्ताह की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। अधिकारियों के अनुसार, रोमी नाभा जेल तोड़ने के मामले में मुख्य साजिशकर्ता था जिसमें दो आतंकवादियों समेत छह खूंखार अपराधी भाग गए थे।



▶ सोलह अपराधियों ने 27 नवंबर 2016 को जेल पर हमला किया था

सीबीआई के एक प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, ''सीबीआई के वैश्विक परिचालन केंद्र ने 22 अगस्त को हांगकांग से भारत में रमनजीत सिंह के प्रत्यर्पण के लिए पंजाब पुलिस और इंटरपोल एनसीबी-हांगकांग के साथ समन्वय किया है।''

उन्होंने कहा कि सीबीआई ने पंजाब पुलिस के अनुरोध पर 22 मार्च, 2017 को इंटरपोल महासचिवालय से सिंह के खिलाफ 'रेड नोटिस' जारी कराया था। बठिंडा के बंगी रुलदू गांव के निवासी सिंह के खिलाफ प्रत्यर्पण की कार्यवाही 2018 में शुरू की गई थी।

सोलह अपराधियों ने 27 नवंबर 2016 को जेल पर हमला किया था। उन्होंने अंधाधुंध गोलीबारी की, जिससे छह वांछित अपराधी भागने में सफल हो गए थे। इन अपराधियों में हरजिंदर सिंह उर्फ विक्की गौंडर, नीता देओल, गुरप्रीत सेखों, अमन धोतियां और आतंकवादी हरमिंदर मिंटू और कश्मीर सिंह गलवड्डी शामिल थे। जनवरी 2018 में राजस्थान में पुलिस मुठभेड़ में गौंडर मारा गया, जबकि अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया।

रोमी को जून 2016 में हथियार बरामदगी और फर्जी क्रेडिट कार्ड मामले में गिरफ्तार किया गया था, लेकिन अगस्त 2016 में उसे जमानत मिल गई और वह हांगकांग भाग गया। फरवरी 2018 में हांगकांग में एक डकैती में शामिल होने के आरोप के बाद उसे वहां हिरासत में लिया गया था। पंजाब पुलिस की एक टीम जून, 2018 में हांगकांग गई और उसे अस्थायी रूप से गिरफ्तार किया। तब से वह वहां न्यायिक हिरासत में था।

# मोहाली में सफाई कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

मोहाली में नगर निगम के सफाई कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर चले गए हैं। सफाई कर्मचारियों ने शुक्रवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। नगर निगम में लगभग 600 सफाई कर्मचारी हैं। कर्मचारियों की हड़ताल का असर पहले दिन से दिखना शुरू हो गया है। मोहाली शहर के बाजारों में गंदगी के ढेर लग गए हैं। सफाई कर्मचारियों की हड़ताल को लेकर मोहाली में शुक्रवार को बाजारों और सड़कों के किनारे गंदगी के ढेर लग गए हैं। सफाई कर्मचारियों की तरफ से अनिश्चितकालीन के लिए हड़ताल के एलान के बाद शहर में सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। सफाई कर्मियों की हड़ताल का आज पहला दिन है। अगर जल्द इनकी मांगों पर सहमति नहीं बनी तो हड़ताल लंबी चल सकती है। ऐसे में हड़ताल की वजह से वाले दिनों में स्थिति और भी खराब हो सकती है। (अनंत ज्ञान)

▶ सड़क व बाजारों में लगे कूड़े के ढेर

## सीएम पुष्कर सिंह धामी के साथ विधायक हरीश ने की भेंट

**जगदीश शर्मा, देहरादून**

विधायक हरीश धामी ने गैरसैंण (भराड़ीसैंण) में सत्रावसान के बाद विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट कर उनके समक्ष अपनी पीड़ा रखी। उन्होंने कहा आपदा की दृष्टि से सबसे संवेदनशील राज्य के पर्वतीय क्षेत्र हैं। उन्होंने कहा कि आपदा जैसे महत्वपूर्ण विषय पर उन्हीं की पार्टी के सदस्यों ने उन्हें बोलने का अवसर नहीं दिया।

उन्होंने कहा कि इस समय उत्तराखंड के कई इलाके आपदाग्रस्त हैं। ऐसे में इस गंभीर विषय पर चर्चा बहुत आवश्यक थी। मुख्यमंत्री ने विधायक हरीश धामी की बातों को गंभीरतापूर्वक सुनकर उन्हें आश्वसत किया कि उनके क्षेत्र सहित अन्य स्थानों में आपदा से संबंधित जो भी प्रकरण हैं, उनको प्राथमिकता पर लिया जाएगा। उन्होंने प्रमुख सचिव आरके सुधांशु और सचिव आपदा प्रबंधन विनोद कुमार सुमन को निर्देश दिए अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों में सभी व्यवस्थाएं सामान्य करने के लिए जिलाधिकारियों से निरंतर समन्वय बनाए रखें। (अनंत ज्ञान)



## 12वीं की छात्रा से बलात्कार के आरोप में स्कूल बस चालक गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ में एक स्कूल बस चालक को 12वीं कक्षा की छात्रा के साथ बलात्कार करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने छात्रा की छेड़छाड़ की गई तस्वीरों के जरिए उसे ब्लैकमेल करके वारदात को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी मोहम्मद रज्जाक (26) ने कुछ समय तक नाबालिग लड़की का पीछा किया और फिर उससे दोस्ती करने की कोशिश की, जिसे छात्रा ने नकार कर दिया। बाद में आरोपी ने छात्रा की तस्वीरों के साथ छेड़छाड़ की और उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। आरोपी ने मई से जुलाई के बीच तीन बार लड़की के साथ उसके घर पर बलात्कार किया, जब उसके माता-पिता घर से बाहर गए हुए थे।

## न्यायालय ने पंजाब, हरियाणा से किसानों को ट्रैक्टर, ट्रॉलियां हटाने के लिए मनाने को कहा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

उच्चतम न्यायालय ने कहा कि वह किसानों की शिकायतों का ''हमेशा के लिए'' सौहार्दपूर्ण समाधान करने के वास्ते जल्द ही एक बहुसदस्यीय समिति गठित करेगा। शीर्ष अदालत ने पंजाब और हरियाणा, दोनों राज्यों की सरकारों से कहा कि वे शंभू बॉर्डर पर आंदोलनकारियों को अपने ट्रैक्टर और ट्रॉलियां वहां से हटाने के लिए राजी करें।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने मामले की अगली सुनवाई के लिए दो सितंबर की तारीख मुकर्रर की। पीठ ने अपने आदेश में कहा, ''हमने पंजाब और हरियाणा के महाधिवक्ता और अतिरिक्त महाधिवक्ता को प्रस्तावित मुद्दे प्रस्तुत करने का सुझाव दिया है, जो इस अदालत द्वारा गठित की जाने वाली समिति के लिए विचारणीय विषय होंगे।''



इसमें कहा गया है, ''हमने स्पष्ट किया है कि समिति को भेजे गए मामले का दायरा व्यापक होगा, ताकि जो मुद्दे बार-बार कानून-व्यवस्था की समस्या पैदा कर रहे हैं, उनका निष्पक्ष और न्यायपूर्ण तरीके से सौहार्दपूर्ण समाधान किया जा सके। इसलिए, इस संबंध में तीन दिन के भीतर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।'' पीठ ने कहा, ''हम किसी भी राजनीतिक नेता को समिति में शामिल नहीं होने देंगे।''

पीठ ने पंजाब और हरियाणा, दोनों के प्रतिनिधियों को किसानों के साथ बातचीत जारी रखने की अनुमति दी और उन्हें अगली सुनवाई की तारीख पर ऐसी बैठकों के परिणामों से अदालत को अवगत कराने का निर्देश दिया।

पंजाब सरकार ने शीर्ष अदालत को सूचित किया कि 12 अगस्त के आदेश का पालन करते हुए उसने प्रदर्शनकारी किसानों के साथ बैठक की जिसमें वे अवरुद्ध राजमार्ग को आंशिक रूप से खोलने पर सहमत हो गए।

## देश-विदेश

## रुद्रप्रयाग में मलबे में दबे चार नेपाली नागरिक मृत निकाले

**एजेंसी, रुद्रप्रयाग**

एक दुखद घटना में, उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में शुक्रवार को भारी बारिश के बाद फांटा हेलिपैड के पास मलबे में दबे चार नेपाली नागरिक मृत पाए गए, अधिकारियों ने बताया। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह राजवार ने कहा कि घटना के बारे में सुबह करीब 1.20 बजे सूचना मिलने के बाद बचाव दल को मौके पर भेजा गया।

उन्होंने कहा कि बचाव दल ने मलबे में फंसे सभी 4 लोगों को मृत पाया। वे सभी नेपाली नागरिक थे और उनके शवों को जिला आपदा बचाव बल (डीडीआरएफ) की टीम रुद्रप्रयाग ला रही है। राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) और जिला आपदा बचाव बल की टीमों द्वारा बचाव अभियान चलाया गया। अधिकारी ने आगे बताया कि बचाव दल ने मलबे में दबे लोगों को बाहर निकाल लिया है, जो मृत पाए गए। सभी लोग नेपाल के हैं, जिनमें तुल बहादुर, पूर्ण नेपाली, किशन परिहार और दीपक बुरा शामिल हैं।



## अमेरिका में हिंदुओं ने हैरिस के समर्थन में बनाया 'हिंदू फॉर कमला हैरिस' समूह

**वाशिंगटन।** अमेरिका में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस का समर्थन करने के लिए देश के कुछ हिंदुओं ने मिलकर 'हिंदू फॉर कमला हैरिस' समूह बनाया है। उनका मानना है कि वह भारत, अमेरिका और दुनिया के लिए अच्छी नेता होंगी। 'हिंदू फॉर कमला हैरिस' समूह के संस्थापक सदस्यों ने कहा कि 'कमला देवी हैरिस को अमेरिका की 47वीं राष्ट्रपति' नियुक्त होने में मदद के वास्ते के यह समूह बनाया गया है। अमेरिका में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार और देश की वर्तमान उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने वादा किया कि वह ऐसी राष्ट्रपति बनेंगी जो देश के लोगों को एकजुट कर सके।

### कोलकाता चिकित्सक मामला

## भाजपाइयों ने प्रदर्शन के दौरान नंदीग्राम पुलिस थाने पर बोला धावा

**एजेंसी, कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के कोलकाता में एक प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के साथ बलात्कार और फिर उसकी हत्या की घटना के विरोध में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं ने घेराव अभियान के तहत पूर्व मेदिनीपुर जिले के नंदीग्राम पुलिस थाने पर शुक्रवार को धावा बोल दिया।



भाजपा के 100 से अधिक समर्थक शुक्रवार सुबह अवरोधकों को तोड़कर पुलिस थाने में घुस गए और जब पुलिसकर्मियों ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो उनके बीच धक्का-मुक्की हुई। प्रदर्शनकारियों में कई महिलाएं भी शामिल थीं। उन्होंने नारे लगाए और परिसर से बाहर निकलने से पहले कुछ समय तक वे पुलिस थाने के अंदर ही रहे।

## दिल्ली में बुजुर्गों की पेंशन बहाल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली की वित्त मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली में बुजुर्गों को अब पेंशन मिलनी शुरू हो गई है। उन्होंने केंद्र सरकार पर पिछले पांच महीने से पेंशन में अपना योगदान नहीं देने का आरोप भी लगाया। आतिशी ने कहा कि शहर के एक लाख लाभार्थियों में से 90 हजार को वीरवार को ही उनका पिछला बकाया मिल गया, अन्य को भुगतान कर दिया जाएगा। मंत्री ने दावा किया, ''इस योजना के तहत दी जाने वाली पेंशन में से दिल्ली सरकार 2200 रुपए और केंद्र सरकार 300 रुपए का भुगतान करती है। पिछले पांच महीने से पेंशन लंबित थी क्योंकि केंद्र की भाजपा सरकार अपना योगदान नहीं दे रही थी, जिस कारण पेंशन अटकी थी।''



## पीएम मोदी ने पहले राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर राष्ट्र को दी बधाई

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को देशवासियों को पहले राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की उल्लेखनीय उपलब्धियों पर बेहद गर्व भी व्यक्त किया और कहा कि हमारी सरकार ने इस क्षेत्र से संबंधित कई भविष्योन्मुखी निर्णय लिए हैं तथा आगे भी इसी प्रकार के और निर्णय लेगी। भारत पिछले वर्ष 23 अगस्त को चांद पर उतरने वाला दुनिया का चौथा देश और इसके दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र में उतरने वाला पहला देश बना था। इस ऐतिहासिक उपलब्धि की याद में प्रधानमंत्री ने 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी।



पीएम मोदी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया हैंडल 'एक्स' पर एक पोस्ट करते हुए कहा कि पहले राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर सभी को बधाई। हम अंतरिक्ष क्षेत्र में अपने देश की उपलब्धियों को बड़े गर्व के साथ स्मरण करते हैं। यह हमारे अंतरिक्ष वैज्ञानिकों के योगदान की सराहना करने का भी दिवस है। अंतरिक्ष क्षेत्र को आगे बढ़ाने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता का उल्लेख करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने इस क्षेत्र से संबंधित कई भविष्योन्मुखी निर्णय लिए हैं और आने वाले समय में हम इस क्षेत्र में और भी अधिक कार्य करेंगे। देश आज अपना पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मना रहा है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के मुताबिक, इसका मुख्य विषय 'चंद्रमा को छूते हुए जीवन को छूना- भारत की अंतरिक्ष गाथा' है।

# डॉलर के मुकाबले रुपया चार पैसे चढ़कर 83.89 पर बंद

**एजेंसी, मुंबई**

रुपया शुक्रवार को सीमित दायरे में कारोबार करते हुए डॉलर के मुकाबले चार पैसे की बढ़त के साथ 83.89 (अस्थायी) पर बंद हुआ। जैक्सन होल संगोष्ठी में फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल के भाषण से पहले कारोबारियों के सतर्क रुख अपनाने से कारोबारी धारणा प्रभावित हुई।



विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि कमजोर अमेरिकी डॉलर, विदेशी पूंजी के प्रवाह और घरेलू बाजारों में सकारात्मक रुख ने रुपए को सहारा दिया। हालांकि, कच्चे तेल की कीमतों में अचानक आई तेजी ने तेज बढ़त को रोक दिया। अंतर बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 83.93 पर खुला और दिन में कारोबार के दौरान 83.85 के उच्च स्तर तक गया। रुपया कारोबार के अंत में डॉलर के मुकाबले 83.89 (अस्थायी) पर बंद हुआ जो पिछले बंद स्तर से चार पैसे की बढ़त है। पिछले कारोबारी सत्र में रुपया तीन पैसे टूटकर 83.93 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

शेयरखान बाय बीएनपी पारिबा के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा कि रुपए के थोड़े नकारात्मक रुझान के साथ कारोबार करने की आशंका है। कारोबारी जैक्सन होल संगोष्ठी में फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल के भाषण से पहले सतर्क बने हुए हैं। इसमें ब्याज दरों में कटौती के बारे में कुछ संकेत मिल सकता है। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 33.02 अंक बढ़कर 81,086.21 अंक पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 11.65 अंक की बढ़त के साथ 24,823.15 अंक पर बंद हुआ।

## सियासत

### कांग्रेस ने 'नेशनल कॉन्फ्रेंस' के साथ गठबंधन करके अपने मंसूबों को रखा देश के सामने

# कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस के गठबंधन की अटकलों पर अमित शाह का राहुल गांधी पर हमला

**एजेंसी, नई दिल्ली**

जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद से राजनीतिक बयानबाजी भी तेज हो गईं। इसी क्रम में गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस के गठबंधन की अटकलों के बीच राहुल गांधी पर करारा हमला किया है। इसके साथ ही उन्होंने राहुल गांधी से 10 सवाल भी किए।



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर एक पोस्ट शेयर की। जिसमें गृहमंत्री शाह ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सत्ता के लालच में बार-बार देश की एकता और सुरक्षा के साथ खेलने वाली कांग्रेस पार्टी ने जम्मू-कश्मीर चुनाव में अब्दुल्ला परिवार की 'नेशनल कॉन्फ्रेंस' के साथ गठबंधन करके फिर से अपने मंसूबों को देश के सामने रखा है।

### नेशनल कॉन्फ्रेंस के घोषणा पत्र के वादों पर कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी से 10 सवाल

- क्या कांग्रेस 'नेशनल कॉन्फ्रेंस' के जम्मू-कश्मीर में फिर से 'अलग झंडे' के वादे का समर्थन करती है?
- क्या राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी धारा 370 और आर्टिकल 35ए को वापस लाकर जम्मू-कश्मीर को फिर से अशांति और आतंकवाद के युग में धकेलने के जेकेएनसी के निर्णय का समर्थन करती है?
- क्या कांग्रेस कश्मीर के युवाओं के बदले पाकिस्तान के साथ वार्ता करके फिर से अलगाववाद को बढ़ावा देने का समर्थन करती है?
- क्या कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी, पाकिस्तान के साथ 'एलओसी ट्रेड' शुरू करने के नेशनल कॉन्फ्रेंस के निर्णय से फिर से बॉर्डर पार से आतंकवाद और उसके इकोसिस्टम का पोषण करने का समर्थन करते हैं?
- क्या कांग्रेस आतंकवाद और पत्थरबाजी की घटनाओं में शामिल लोगों के परिजनों को फिर से सरकारी नौकरी में बहाल करके आतंकवाद, दहशतगर्दी और बंद के दौर को फिर से लाने का समर्थन करती है?
- इस गठबंधन से कांग्रेस पार्टी का आरक्षण विरोधी चेहरा सामने आया है। क्या कांग्रेस दलितों, गुज्जर, बकरवाल और पहाड़ियों के आरक्षण को समाप्त कर फिर से उनके साथ अन्याय करने के जेकेएससी के वादे के साथ है?
- क्या कांग्रेस चाहती है कि 'शंकराचार्य पर्वत' 'तख्त-ए-सुलिमान' और 'हरि पर्वत' 'कोह-ए-मारन' के नाम से जाने जाएं?
- क्या कांग्रेस जम्मू-कश्मीर की अर्थव्यवस्था को एक बार फिर से भ्रष्टाचार की आग में झोंक कर पाकिस्तान समर्थित गिने चुने परिवारों के हाथों में सौंपने का समर्थन करती है?
- क्या कांग्रेस पार्टी जेकेएनसी के जम्मू और घाटी के बीच भेदभाव की राजनीति का समर्थन करती है?
- क्या कांग्रेस और राहुल कश्मीर को ऑटोनॉमी देने की जेकेएनसी की विभाजनकारी सोच और नीतियों का समर्थन करते हैं?

# नीरज चोपड़ा ने तोड़ा अपना ओलंपिक रिकॉर्ड, फिर भी टॉप आया कोई और

## लुसाने डायमंड लीग में 89.49 मीटर फैंका जैवलिन

**एजेंसी, लुसाने**

भाला फैंक के स्टार भारतीय खिलाड़ी नीरज चोपड़ा फिटनेस संबंधी चिंताओं के बावजूद यहां डायमंड लीग एथलेटिक्स प्रतियोगिता में अपने आखिरी प्रयास में 89.49 मीटर का सत्र का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए दूसरे स्थान पर रहे। पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीतने वाला यह 26 वर्षीय खिलाड़ी चौथे दौर तक चौथे स्थान पर चल रहा था।

उन्होंने 5वें प्रयास में 85.58 मीटर भाला फैंका। नीरज ने हालांकि अपना सर्वश्रेष्ठ आखिरी प्रयास के लिए बचा रखा था। गुरुवार को खेली गई इस पर प्रतियोगिता में नीरज ने अंतिम प्रयास में 89.49 मीटर भाला फैंका जो पेरिस ओलंपिक के 89.45 मीटर से थोड़ा बेहतर है। नीरज पर छठे प्रयास से पहले बाहर होने का खतरा मंडरा रहा था, लेकिन 5वें प्रयास में बेहतर प्रदर्शन से वह मुकाबले में बने रहे। पहले पांच प्रयास में शीष-3 पर रहने वाले खिलाड़ियों को ही अंतिम प्रयास में भाग लेने की अनुमति मिलती है। चोपड़ा यहां दूसरे स्थान पर रहने के बाद डायमंड लीग की तालिका में 15 अंक लेकर वेबर के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं। पीटर्स 21 अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर पहुंच गए। 82.03 मीटर के साथ सातवें स्थान पर रहने वाले चेक गणराज्य के जैकब वाडलेज्च 16 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं।




शुरू में अच्छा महसूस नहीं हो रहा था, लेकिन मैं अपने थ्रो से खुश हूं, खासकर अपने आखिरी प्रयास में दूसरा (करियर का) सर्वश्रेष्ठ थ्रो करके। मुझे खुशी है कि मैंने आखिर तक हार नहीं मानी।
–नीरज चोपड़ा

### ग्रेनेडा को पीटर्स ने जीता गोल्ड मेडल

ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स ने आखिरी थ्रो 90.61 मीटर का किया और वह पहले नंबर पर रहे। बता दें कि एंडरसन ओलंपिक में 88.54 मीटर के थ्रो के साथ तीसरे नंबर पर रहे थे। यानी ब्रॉन्ज मेडल जीता था। यहां उन्होंने टॉप पोजिशन हासिल की। तीसरे नंबर पर जर्मनी के जूलियन वेबर रहे, जिन्होंने 87.08 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो किया।



# टेस्ट क्रिकेट के लिए अलग से 'कोष' तैयार करने पर विचार

**एजेंसी, सिडनी**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) टेस्ट क्रिकेट के लिए कम से कम 150 लाख अमेरिकी डॉलर का अलग से कोष तैयार करने पर विचार कर रहा है जिससे खिलाड़ियों की मैच फीस बढ़ाने में मदद मिलेगी और उन्हें केवल आकर्षक टी-20 फ्रेंचाइजी लीग पर ध्यान केंद्रित करने से रोका जा सकेगा।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने इस तरह का प्रस्ताव रखा है जिसे बीसीसीआई के सचिव जय शाह और इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) का समर्थन हासिल है। शाह अभी आईसीसी अध्यक्ष बनने की दौड़ में सबसे आगे हैं। इस कोष से टेस्ट क्रिकेटरों की न्यूनतम मैच फीस में बढ़ोतरी होगी और यह विदेशी दौरों पर टीमों को भेजने की लागत को कवर करेगा। इससे वेस्टइंडीज जैसे क्रिकेट बोर्ड को मदद मिलेगी, जिसके खिलाड़ी टेस्ट क्रिकेट के बजाय वैश्विक टी-20 प्रतियोगिताओं में खेलने को प्राथमिकता दे रहे हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है,''इस कोष के बनने के बाद सभी खिलाड़ियों के लिए न्यूनतम भुगतान सुनिश्चित होगा जो लगभग 10,000 डॉलर होगा। इसके अलावा यह उन देश के विदेशी दौरों की लागत का भी भुगतान करेगा जो टेस्ट क्रिकेट में बने रहने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।''

इस तरह का कोष गठित करने की अवधारणा क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अध्यक्ष माइक बेयर्ड ने जनवरी में रखी थी और उन्हें खुशी है कि इस पर प्रगति हो रही है। उन्होंने कहा, ''हमें हर बाधा को दूर करने और टेस्ट क्रिकेट को सर्वश्रेष्ठ में से सर्वश्रेष्ठ बनने के लिए प्रोत्साहित करने की जरूरत है।''

**टेस्ट क्रिकेटरों की न्यूनतम मैच फीस में बढ़ोतरी होगी**



### इन क्रिकेट बोर्ड को नहीं होगा कोई लाभ

इस कोष से तीन सबसे धनी क्रिकेट बोर्ड भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड को किसी तरह का लाभ होने की संभावना नहीं है क्योंकि वे पहले से ही अपने खिलाड़ियों को पर्याप्त वेतन प्रदान करते हैं।

## स्पोर्ट्स विंडो

### एथलीट भावना पर 16 महीने का प्रतिबंध



**नई दिल्ली।** भारत की शीर्ष पैदल चाल एथलीट भावना जाट पर पिछले साल अगस्त में ठिकाने की जानकारी नहीं देने के लिए नाडा के डोपिंग रोधी अनुशासनात्मक (एडीडीपी) पैनल ने 16 महीने का प्रतिबंध लगाया है। महिलाओं की 20 किमी पैदल चाल की पूर्व राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारी भावना को पिछले साल अगस्त में राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी ने अस्थायी रूप से निलंबित किया था और उन्हें बुडापेस्ट से वापस बुला लिया गया था जहां वह 2023 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए पहुंची थीं। हालांकि उनका 16 महीने के प्रतिबंध का समय अस्थायी निलंबन की तारीख 10 अगस्त 2023 से शुरू हुआ। इस प्रकार उनका प्रतिबंध इस साल 10 दिसंबर को समाप्त हो जाएगा। नाडा नियमों के अनुच्छेद 2.4 के अंतर्गत उन्हें निलंबित करने का एडीडीपी का फैसला 10 जुलाई को सुनाया गया था लेकिन इसे राष्ट्रीय डोपिंग रोधी निगरानी संस्था की वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया गया। 28 वर्षीय भावना मई और जून 2023 में दो डोप जांच से भी चूक गई थीं और उन्हें 2022 के अंत में उन्हें चेतावनी दी गई थी।

### अमेरिकी ओपन से हटी ओन्स जाबेउर

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी ओपन में 2022 की उपविजेता ओन्स जाबेउर कंधे की चोट के कारण इस साल के टूर्नामेंट से हट गईं। सोमवार से शुरू होने वाले टूर्नामेंट में जाबेउर को 17वीं वरीयता मिलनी थी। अमेरिकी टेनिस एसोसिएशन ने कहा कि जाबेउर के हट जाने के बाद वरीयता प्राप्त करने के लिए पात्र अगली सर्वोच्च खिलाड़ी एलिस मर्टेंस को 33वीं वरीयता दी जाएगी। जाबेउर हाल में चोटों से जूझती रही है। उन्होंने मॉन्ट्रियल में अपने एकमात्र मैच में नाओमी ओसाका से हारने के बाद वाशिंगटन में हार्ड-कोर्ट टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया था। जाबेउर ने इंस्टाग्राम पर लिखा कि उनका कंधा अभी ठीक नहीं हुआ है और इस कारण वह अमेरिकी ओपन में नहीं खेल पाएंगी। ट्यूनीशिया कि यह खिलाड़ी 2022 और 2023 में विंबलडन के फाइनल में भी पहुंची थी।

### माइया टेनिस इन द लैंड के सेमीफाइनल में

**क्लीवलैंड।** ब्राजील की शीर्ष वरीयता प्राप्त बीट्रिज हद्दाद माइया ने फ्रांस की क्लारा बुरेल को 6-2, 6-2 से हराकर टेनिस इन द लैंड टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में विश्व में 23वें नंबर की खिलाड़ी हद्दाद मैया का सामना चेक गणराज्य की कतेरीना सिनियाकोवा से होगा, जिन्होंने अमेरिका की छठी वरीयता प्राप्त पेटन स्टर्नस को 1-6, 6-3, 6-4 से हराया।



# अंडर-15 में शिमला के तनय रावत बने टेबल टेनिस चैंपियन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हॉट वैदर टेबल टेनिस प्रतियोगिता के दूसरे दिन ब्वॉयज अंडर-15 के फाइनल में शिमला के तनय रावत ने शिमला के ही युग ठाकुर को 11-9, 10-12, 11-6, 11-7 से हराकर खिताब अपने नाम किया। इससे पूर्व इस वर्ग के सेमीफाइनल में युग ठाकुर ने चंडीगढ़ के अंकुश को 11-7, 11-9, 12-10 से हराएया, जबकि तनय रावत ने शिमला के अदवय को 11-7, 11-5, 13-11 से हराया।

गर्ल्ज अंडर-15 वर्ग के फाइनल में कांगड़ा की रुद्रांशी ने मंडी की सिमरन को 8-11, 12-10, 5-11, 11-7 व 11-8 से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। इससे पहले इस वर्ग के सेमीफाइनल में रुद्रांशी ने लुधियाना की काव्या गुप्ता को 11-6, 11-3, 11-3 से हराया, जबकि सिमरन ने चंडीगढ़ की सानवी को 10-12, 11-7, 11-6, 9-11 व 11-7 से हराया। ब्वॉयज अंडर-17 वर्ग के सेमीफाइनल में कांगड़ा के श्रेयांश ने शिमला के ज्योतिरादित्य को 11-5, 11-6, 11-6 से हराया, जबकि कांगड़ा के अथर्व ने कांगड़ा के ही स्वजन्या को 12-10, 11-9, 7-11 व 11-9 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। इसके पहले क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में स्वजन्या ने शिमला के नवेध्याम को 11-8, 12-10, 11-8 से, अथर्व ने कांगड़ा के रुद्र को 11-7, 11-9, 9-11, 11-6 से हराया।

इसी तरह इस वर्ग के अन्य क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में ज्योतिरादित्य ने शिमला के अथर्व वर्मा को 7-11, 11-5, 11-9, 9-11 व 11-7 से, श्रेयांश ने शिमला के तनय रावत को 11-7, 11-6, 10-12 व 11-5 से हराया था।

गर्ल्ज अंडर 17 वर्ग के क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में कांगड़ा की योगिता ने कांगड़ा की ही सौम्या को 10-12, 11-7, 11-2, 7-11, 11-8 से हराया, जबकि शिमला की दिशिता नारंग ने शिमला की ही अर्शिया को 6-11, 11-6, 11-5, 11-4 से हराया, जबकि रुद्रांशी ने सिमरन को 10-12, 12-10, 11-6, 11-8 से और मंडी की भावप्रिता ने शिमला की परनिका कौशिक को 11-4, 11-7, 14-12 से हराया और सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

**गर्ल्ज अंडर-15 का खिताब कांगड़ा की रुद्रांशी ने जीता**



# नेरवा की भूमिका खशाण जूनियर इंडिया बॉक्सर के लिए चयनित

**सपना सूद, नेरवा**



तहसील नेरवा के अंतर्गत ग्राम पंचायत टिक्करी नेवल के पंजाड़ गांव की होनहार बॉक्सर भूमिका खशाण का चयन जूनियर इंडिया बॉक्सिंग कोचिंग कैंप के लिए होने से पूरे नेरवा क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

भूमिका नेता जी सुभाष चंद्र राष्ट्रीय खेल संस्थान, पटियाल में 12 अगस्त से 26 अगस्त तक चल रहे 14 दिवसीय कोचिंग कैंप में भाग ले रही है। इस कैंप के लिए पूरे प्रदेश से एक छात्रा व एक छात्र का चयन हुआ है, जोकि इस क्षेत्र के लिए बहुत बड़ी बात है। इस कैंप के लिए भूमिका के अलावा रामपुर क्षेत्र के चिराग का भी चयन हुआ है। भूमिका खशाण इस कैंप में हिमाचल का प्रतिनिधित्व करने वाली इकलौती छात्रा है। भूमिका खशाण इससे पूर्व गत वर्ष हरियाणा के रोहतक में आयोजित बॉक्सिंग चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीत कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुकी है।

भूमिका वर्तमान में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल पोर्टमोर में पढ़ाई के साथ साथ इंदिरा गांधी खेल परिसर में बॉक्सिंग का प्रशिक्षण ले रही है। अपनी इस उपलब्धि का श्रेय भूमिका ने अपने प्रशिक्षक हिमाचल प्रदेश बॉक्सिंग एसोसिएशन के कोच दिनेश जैतोली व संजीव कुमार खाची, पोर्टमोर स्कूल की प्रधानाचार्य राखी पंडित, स्कूल के समस्त स्टाफ एवं अपनी माता मधुयबाला खशाण व पिता बंसी लाल खशाण को दिया है। (अनंत ज्ञान)

# गुकेश ने अलीरेजा के साथ सिंकफील्ड कप में ड्रॉ खेला

**एजेंसी, सेंट लुइस (अमेरिका)**

विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश यहां सिंकफील्ड कप के चौथे दौर में फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा के खिलाफ अच्छी स्थिति पर पहुंचने के बावजूद जीत दर्ज नहीं कर सके और उन्हें अंक बांटकर संतोष करना पड़ा।

चीन के डिंग लिरेन के खिलाफ नवंबर में विश्व चैंपियनशिप मैच खेलने के लिए तैयार गुकेश ने फिरौजा को कड़ी चुनौती दी।

ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने भी होलैंड के अनीश गिरी के खिलाफ बाजी ड्रा कराई। अमेरिका के वेस्ले सो ने एकमात्र निर्णायक बाजी जीती। उन्होंने रूस के इयान नेपोमनियाच्ची को हराकर पूरे अंक जुटाए। इस तरह वेस्ले सो के फिरौजा की तरह 2.5 अंक हो गये हैं और दोनों चार दौर के बाद संयुक्त बढ़त बनाए हैं। उनके बाद अमेरिका के फैबियानो कारूआना, फ्रांस के मैक्सिम वाचियर लाग्रेव, नेपोमनियाच्ची, प्रज्ञानानंदा और गुकेश शामिल हैं। उज्बेकिस्तान के नोडिरबेक अब्दुसत्तारोव और गिरी 1.5 लेकर संयुक्त 9वें स्थान पर हैं।



**आर प्रज्ञानानंदा ने भी होलैंड के अनीश गिरी के खिलाफ बाजी ड्रा कराई**

# भारतीय महिला पहलवान अदिति, नेहा और पुलकित अंडर-17 विश्व चैंपियन बनीं

**अम्मान (जोर्डन)।** भारतीय महिला पहलवान अदिति कुमारी, नेहा और पुलकित शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतिष्ठित कैडेट्स टूर्नामेंट के अपने वर्ग में अंडर-17 विश्व चैंपियन बनीं।

अदिति 43 किग्रा में यूनान की मारिया लौइजा गिकिका को खिताबी मुकाबले में 7-0 से हराकर चैंपियन बनीं। वहीं नेहा ने 57 किग्रा के फाइनल में जापान की सो सुतसुई को पछाड़ दिया।

नेहा ने स्वर्ण पदक के मुकाबले में अपनी प्रतिद्वंद्वी को कोई मौका नहीं दिया। पुलकित ने 65 किग्रा के फाइनल में तटस्थ एथलीट के रूप में प्रतिस्पर्धा कर रही डारिया फ्रोलोवा पर 6-3 से जीत हासिल की। वह 5-0 से आगे चल रही थीं लेकिन मुकाबले के अंत में उन्होंने 'पुशआउट प्वाइंट' और सावधानी बरती जिससे फ्रोलोवा को तीन अंक हासिल करने का मौका मिल गया।

फ्रोलोवा ने जीत हासिल करने के लिए काफी जत्न किया, लेकिन पुलकित ने अंतिम 20 सेकंड में अच्छा बचाव करते हुए खिताब अपने नाम कर लिया।

# भविष्य की अर्थशास्त्री अर्चना ने टेबल टेनिस को अलविदा कहा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अर्चना कामत को भारतीय जर्सी की कमी महसूस होगी, लेकिन यह टेबल टेनिस खिलाड़ी भविष्य में अलग तरीके से अर्थशास्त्री के तौर पर देश की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

हाल में पेरिस ओलंपिक में जर्मनी से क्वार्टर फाइनल में भारत की हार के कुछ दिनों बाद बेंगलुरु की 24 वर्षीय खिलाड़ी अर्चना ने अमेरिका की मिशिगन यूनिवर्सिटी में लोक नीति में स्नातकोत्तर की पढ़ाई करने का फैसला किया। अर्चना ने जब अपने पेशेवर करियर की शुरुआत की थी तब वह किशोरी थी इसलिए टेबल टेनिस से दूर जाने का फैसला उनके लिए काफी भावनात्मक रहा, लेकिन उन्हें अपने स्कूल के दिनों से ही पढ़ाई काफी पसंद थी। वह 10वीं और 12वीं की परीक्षा में क्रमशः 98.7 और 97 प्रतिशत अंक प्राप्त करके टॉपर रही थीं।

अब वह मिशिगन में अपनी दूसरी मास्टर्स डिग्री हासिल कर रही हैं। उन्होंने पहले ही अंतरराष्ट्रीय संबंधों में स्नातकोत्तर पूरी कर ली है। अर्चना ने अर्थशास्त्र में स्नातक की डिग्री प्राप्त की और वह दो साल बाद भारत लौटकर संभवतः अर्थशास्त्री के तौर पर देश की सेवा करना चाहती हैं। मशहूर अर्थशास्त्री संजीव सान्याल से लेकर टेनिस स्टार कार्लोस अल्काराज और राफेल नडाल जैसे खिलाड़ी उनके आदर्श हैं।



**तैयारी** ऑस्ट्रेलिया 2014-15 के बाद पहली बार बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीतने की कवायद में

# भारत के खिलाफ भूमिका निभाना चाहते हैं ग्रीन

**एजेंसी, सिडनी**

न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने बल्लेबाजी प्रदर्शन से उत्साहित ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन भारत के खिलाफ 22 नवंबर से उनके घरेलू मैदान पर्थ में शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैच की सीरीज में बल्ले और गेंद दोनों से महत्वपूर्ण भूमिका निभाना चाहते हैं। ऑस्ट्रेलिया 2014-15 के बाद पहली बार बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीतने की कवायद में है।

भारत ने पिछली चार सीरीज जीती हैं। उसने इस बीच 2018-19 और 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया को उसकी धरती पर हराया था। यह दोनों देश पिछले तीन दशक में पहली बार पांच टेस्ट मैच की सीरीज खेलेंगे।

ग्रीन ने कहा, ''निश्चित रूप से इस समय मैं जितना संभव हो उतना अधिक योगदान देकर खुश हूं। मैं ऐसा करने के लिए शारीरिक रूप से वास्तव में बहुत अच्छी स्थिति में हूं।'' इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, ''मैं और मिच (मार्श) हमेशा इस बात को लेकर हंसी मजाक करते हैं कि 70वें और 80वें ओवर के बीच जब गेंद कुछ नहीं कर रही होती है तो उन ओवरों में कौन गेंदबाजी करेगा। हम गर्मियों में यह भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं।''

ग्रीन ने कहा,'' अभी मैं शारीरिक रूप से बहुत अच्छी स्थिति में हूं और मुझे लगता है कि मैं गेंदबाजी में योगदान दे सकता हूं। अभी मैं एक अदद ऑलराउंडर बनकर खुश हूं।''

ग्रीन को नवंबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दौरान शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी के लिए भेजा गया था और उन्होंने उसका पूरा फायदा उठाकर नाबाद 174 रन की पारी खेली थी।



# श्रीलंका-न्यूजीलैंड के बीच शुरुआती टेस्ट के बीच होगा विश्राम दिवस

**एजेंसी, दुबई**

अगले महीने गॉले में न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रीलंका का शुरुआती टेस्ट मैच छह दिन का होगा, जिसमें इस द्वीपीय देश में राष्ट्रपति चुनाव के कारण एक दिन विश्राम का प्रावधान है। आईसीसी ने बताया कि 18 सितंबर को शुरू होने वाले टेस्ट में 'डेमोक्रेटिक सोशलिस्ट रिपब्लिक ऑफ श्रीलंका' के राष्ट्रपति चुनाव के कारण' 21 सितंबर को विश्राम का दिन होगा।

दो दशकों से अधिक समय में यह पहली बार होगा कि श्रीलंका छह दिनों के टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा। इससे पहले 2001 में कोलंबो में जिम्बाब्वे के खिलाफ खेले गए मैच में पोया डे (पूर्णिमा) के कारण एक दिन का विश्राम रखा गया था। दो मैचों की यह सीरीज मौजूदा आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र का हिस्सा है, जिसका दूसरा टेस्ट 26-30 सितंबर तक उसी स्थान पर खेला जाएगा।

पिछली शताब्दी में टेस्ट क्रिकेट के बीच में एक दिन का विश्राम आम बात थी, लेकिन अब यह प्रचलन लगभग खत्म हो गया है।

बांग्लादेश ने दिसंबर 2008 में श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज का पहला मैच संसदीय चुनाव के कारण छह दिवसीय रखा था। न्यूजीलैंड और श्रीलंका वर्तमान में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर हैं।



